राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 14 अंक - 12
लखनऊ, रविवार 20 सितम्बर, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





अनिल राजपूत ने चलाया गो सेवा से सेवा संकल्प अभियान 10

निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को दें सूचना : डीएम 03


### सर्राफा बाजार

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,55,990/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,43,000/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,17,030/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,55,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### अमित शाह को फूड पॉइजनिंग

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की शनिवार को कर्नाटक दौरे के दौरान तबीयत बिगड़ गई। केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी के अनुसार, शाह को फूड पॉइजनिंग के कारण उल्टी और कमजोरी हुई। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी, जिसके चलते वह हुब्बली में निर्धारित कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। बाद में जोशी ने बताया कि शाह अब पूरी तरह ठीक हैं।

### हिमालय में बढ़ रहा आपदा का खतरा

**नई दिल्ली।** तिब्बत में ग्लेशियर ढहने और नेपाल में आई विनाशकारी बाढ़ के बाद वैज्ञानिकों ने हिमालय क्षेत्र में बढ़ते आपदा जोखिम को लेकर चेताया है। विशेषज्ञों के अनुसार ग्लेशियर तेजी से पिघल रहे हैं और पर्माफोस्ट अस्थिर हो रहा है। इससे भूस्खलन, ग्लेशियल झील फटने और अचानक बाढ़ का खतरा बढ़ रहा है। विशेषज्ञों ने हिमालयी देशों से निगरानी, आंकड़े साझा करने और समय रहते चेतावनी की व्यवस्था मजबूत करने की अपील की है।

### आदि कैलास यात्राः आज से ऑनलाइन परमिट

**धारचूला।** आदि कैलास और ओम पर्वत यात्रा के लिए रविवार से ऑनलाइन इनर लाइन परमिट जारी होंगे। प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए यह व्यवस्था शुरू की है। यात्रा के शुरुआती दिनों में सुबह मौसम की स्थिति देखने के बाद परमिट जारी किए जाएंगे। देशभर से परमिट के लिए आवेदन आने शुरू हो गए हैं।

### रेखा गुप्ता व केजरीवाल परिवार को नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के परिवार के नाम भी नोटिस सूची में शामिल हैं। रेखा गुप्ता के रिकॉर्ड में उम्र संबंधी विसंगति, जबकि केजरीवाल परिवार के रिकॉर्ड में पिछली एसआईआर से मैपिंग न होने का उल्लेख है। ड्राफ्ट मतदाता सूची से 47.56 लाख नाम बाहर हुए हैं। नोटिस मिलना मतदाता को अयोग्य घोषित करना नहीं है।

### सब्जी में नमक कम होने पर पत्नी को मारी गोली

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के संगम विहार में सब्जी में नमक कम होने को लेकर हुए विवाद में पति कमलेश ने पत्नी पूनम (31) की गोली मारकर हत्या कर दी। आरोपी ने वारदात को आत्महत्या बताने की कोशिश की, लेकिन स्थानीय लोगों को शक हुआ और उन्होंने उसे पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मूलरूप से एटा निवासी परिवार छह महीने पहले दिल्ली आया था।

# ट्रंप को 100% टैरिफ का अधिकार

- ट्रंप ने रूस प्रतिबंध कानून पर लगाई मुहर
- रूसी तेल-गैस खरीदने वाले देशों पर कार्रवाई का खुला रास्ता

**रूस पर अमेरिकी शिकंजा**

- भारत पर शुल्क अभी लागू नहीं
- अगले फैसले पर निर्भर करेगा असर

**एजेंसी, वाशिंगटन/नई दिल्ली।**




अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रूस और ईरान पर प्रतिबंधों को कड़ा करने वाले 'लिंडसे ओ. ग्राहम सैंक्शनिंग रूस एंड ईरान एक्ट 2026' पर हस्ताक्षर कर दिए। इसके साथ ही विधेयक कानून बन गया है। कानून के तहत अमेरिकी राष्ट्रपति को रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों के उत्पादों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार दिया गया है। भारत और चीन रूस से ऊर्जा खरीदने वाले प्रमुख देशों में हैं, इसलिए नए प्रावधान से दोनों के प्रभावित होने की संभावना है। हालांकि, भारत पर 100 प्रतिशत टैरिफ अभी नहीं लगाया गया है। ऐसा करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति को अलग से निर्णय लेना होगा।


नए कानून का उद्देश्य रूस की ऊर्जा से होने वाली आय पर दबाव बढ़ाना और यूक्रेन युद्ध के लिए उसकी वित्तीय क्षमता को सीमित करना है। इसके दायरे में रूस के ऊर्जा क्षेत्र, वित्तीय संस्थानों और रक्षा नेटवर्क से जुड़े प्रतिबंधों को मजबूत करने के साथ उन विदेशी कंपनियों और संस्थाओं पर कार्रवाई का प्रावधान भी है, जो रूस को प्रतिबंधों से बचने में मदद करती हैं। कानून में रूस के तेल परिवहन से जुड़े 'शैडो फ्लीट' पर कार्रवाई के प्रावधान भी शामिल हैं। इसके अलावा ईरान से संबंधित अमेरिकी प्रतिबंधों को भी विस्तार दिया गया है।

अमेरिकी प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को विधेयक को 262-159 मतों से पारित किया था। इसके बाद राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से यह कानून बन गया। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कानून पारित होने पर अमेरिकी सांसदों के प्रति आभार जताया है। अब अमेरिकी राष्ट्रपति के रुख पर आगे का कोई भी टैरिफ लागू होगा।

**भारत के लिए क्या बदली परिस्थिति**

भारत के लिए यह कानून इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि रूस भारतीय कच्चे तेल आयात के प्रमुख स्रोतों में शामिल है। यदि अमेरिकी प्रशासन भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लागू करता है तो भारतीय उत्पादों की अमेरिकी बाजार में लागत बढ़ सकती है और दोनों देशों के व्यापार पर असर पड़ सकता है। हालांकि इसका वास्तविक प्रभाव इस बात पर निर्भर करेगा कि अमेरिकी प्रशासन किन देशों को टैरिफ के दायरे में रखता है, शुल्क की दर क्या तय करता है और किन वस्तुओं पर इसे लागू किया जाता है।

**राष्ट्रहित के आधार पर होंगे फैसले : कीर्ति वर्धन**



रूस पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बीच विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने भारत की स्वतंत्र विदेश नीति दोहराई है। उन्होंने कहा कि भारत किसी दूसरे देश के दबाव में आकर अपने फैसले नहीं करता। सरकार के लिए देश और नागरिकों का हित सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि भारत अपनी आर्थिक मजबूती और स्थिरता बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाएगा। ऊर्जा सुरक्षा भी सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं में है। देशवासियों को निर्बाध और किफायती ईंधन उपलब्ध कराने के लिए सरकार विभिन्न स्रोतों से ऊर्जा खरीद की व्यवस्था पर ध्यान दे रही है। अमेरिकी कानून के तहत रूस से तेल और गैस खरीदने वाले देशों पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को मिला है। हालांकि यह शुल्क भारत पर स्वतः लागू नहीं हुआ है। अमेरिकी प्रशासन को इसके लिए अलग निर्णय लेना होगा। भारत के लिए आगे की स्थिति अमेरिकी फैसले, संभावित टैरिफ की दर और उसके दायरे पर निर्भर करेगी। साथ ही भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों और ऊर्जा आयात नीति पर भी इसका असर पड़ सकता है।



सेवा संकल्प अभियान : मेरठ में शनिवार को आयोजित एयर शो में कलाबाजियां दिखाते वायु सेना के हॉक जेट विमान।

## पासपोर्ट के नियम बदले, बच्चों की वैधता बढ़ी, फीस में इजाफा

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विदेश यात्रा के लिए पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। विदेश मंत्रालय ने पासपोर्ट (संशोधन) नियम, 2026 अधिसूचित किए हैं। इसके तहत 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के 36 पेज वाले सामान्य पासपोर्ट की वैधता अब जारी होने की तारीख से पांच वर्ष या बच्चे के 18 वर्ष की उम्र पूरी होने तक, इनमें से जो पहले हो, उतनी होगी। नए नियम राजपत्र में प्रकाशन के साथ लागू हो गए हैं।

पहले 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के पासपोर्ट की वैधता पांच वर्ष या 15 वर्ष की उम्र तक, जो पहले हो, के आधार पर थी।

## मैं नौकरी देता जाऊंगा, वह गिनते जाएं : योगी

- एक लाख सरकारी नौकरियों का हुआ श्रीगणेश
- लोकभवन में 818 युवाओं को नियुक्ति पत्र वितरित
- छह माह में एक लाख से अधिक नियुक्तियों का एलान

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मिशन रोजगार के तहत अगले छह महीने में एक लाख से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी देने की घोषणा की। लोकभवन में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह में उन्होंने विभिन्न विभागों में चयनित 818 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपे। मुख्यमंत्री ने कहा, मैं नौकरी देता जाऊंगा, वह गिनते जाएं। उन्होंने कहा कि अगले छह महीने में एक लाख से कम नहीं, बल्कि इससे अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे।

कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग और उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के माध्यम से चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिए गए। इनमें आयुष, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा अन्य विभागों के पद शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नवचयनित युवाओं को बधाई देते हुए कहा कि उनकी मेहनत का परिणाम नियुक्ति के रूप में सामने आया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तक प्रदेश में करीब साढ़े नौ लाख युवाओं को विभिन्न सरकारी विभागों में नियुक्ति दी जा चुकी है।

उन्होंने कहा कि नियुक्तियों का क्रम आगे भी जारी रहेगा। शनिवार को भी करीब एक हजार युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाने की बात उन्होंने कही। प्रदेश में 36000 पुलिस भर्ती पर भी होनी है।

**समयबद्ध और पारदर्शी भर्ती पर जोर**

सीएम ने आयोगों और भर्ती बोर्डों से चयन प्रक्रिया समयबद्ध, पारदर्शी और शुचितापूर्ण तरीके से पूरी करने पर जोर देते हुए कहा कि प्रतिभाशाली युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर अवसर मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भर्ती प्रक्रिया में निरंतरता बनाए रखी जाएगी व नियुक्ति पत्र देने का क्रम आगे भी जारी रहेगा।

## एबीवीपी ने जीते तीन पद, उपाध्यक्ष निर्दलीय

**एजेंसी, नई दिल्ली।**

दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) चुनाव के शनिवार को घोषित परिणाम में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने केंद्रीय पैनल के चार में से तीन पदों पर जीत दर्ज की। एबीवीपी के यश डबास अध्यक्ष, रिया छाबड़ी सचिव और लक्ष्य राज सिंह संयुक्त सचिव निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय उम्मीदवार दीपांशु शौकीन ने जीत दर्ज की। कांग्रेस के छात्र संगठन भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (एनएसयूआई) को चारों केंद्रीय पदों में कोई सफलता नहीं मिली।

अध्यक्ष पद पर यश डबास को 24,576 वोट मिले, जबकि एनएसयूआई के विजय शंकर मीणा को 22,523 वोट मिले। डबास ने 2,053 वोट के अंतर से जीत दर्ज की। मतगणना के शुरुआती दौर में विजय शंकर मीणा बढ़त बनाए हुए थे, लेकिन बाद के दौर में डबास आगे निकल गए। वाम उम्मीदवार अनन्या रतूड़ी को 5,377 और एसएफआई के अश्मित कुमार को 1,388 वोट मिले।

सचिव पद पर एबीवीपी की रिया छाबड़ी को 21,650 वोट मिले। उन्होंने एनएसयूआई की नम्रता चौधरी को पीछे छोड़ा, जिन्हें 14,869 वोट मिले। वाम उम्मीदवार स्टैनजिन डेस्क्योंग को 8,734 और एसएफआई के पंकज कुमार को 7,639 वोट मिले।

संयुक्त सचिव पद पर एबीवीपी के लक्ष्य राज सिंह ने 16,615 वोट लेकर जीत दर्ज की। समाजवादी छात्र सभा के विशेष यादव को 15,778 और एनएसयूआई के गोपाल चौधरी को 15,206 वोट मिले। इस पद पर मतगणना के दौरान लगातार उतार-चढ़ाव देखने को मिला। उपाध्यक्ष पद पर निर्दलीय दीपांशु शौकीन ने 30,615 वोट लेकर जीत दर्ज की।



**डीयू छात्रसंघ चुनाव**

- यश अध्यक्ष, रिया सचिव व लक्ष्य संयुक्त सचिव निर्वाचित
- एनएसयूआई को चारों केंद्रीय पदों पर नहीं खुला खाता



एशियन गेम्स: नागोया में ओपनिंग सेरेमनी में तिरंगा थामे भारतीय दल की अगुआई करतीं मनु भाकर और पवन सहरावत।

## रेजिनगर में प्रत्याशी का यू-टर्न नंदीग्राम में उम्मीदवार गिरफ्तार

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल की रेजिनगर और नंदीग्राम विधानसभा सीटों पर छह अक्टूबर को होने वाले उपचुनाव से पहले तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में घटनाक्रम तेजी से बदल रहे हैं। रेजिनगर से ममता बनर्जी खेमे के प्रत्याशी रबीउल आलम चौधरी ने शनिवार सुबह चुनाव से हटने का एलान किया, लेकिन करीब तीन घंटे बाद ही फैसला बदल दिया। उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी से बातचीत के बाद वह चुनाव लड़ेंगे और नए चुनाव चिह्न 'फुटबॉल खिलाड़ी' के साथ प्रचार शुरू करेंगे।



सुबह रबीउल ने नए चुनाव चिह्न को लेकर मुश्किल और जमीनी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रचार के लिए तैयार करने में आ रही परेशानी का हवाला दिया था।

उन्होंने कार्यकर्ताओं पर कथित दबाव का भी जिक्र किया। बाद में ममता बनर्जी से बातचीत के बाद उन्हें सुरक्षा का भरोसा मिला। रबीउल ने कहा कि पुलिस ने भी उन्हें और कार्यकर्ताओं को सुरक्षा देने का आश्वासन दिया है।

### यूपी में ईवीएम से होंगे निकाय चुनाव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** वर्ष 2028 में प्रस्तावित उत्तर प्रदेश के नगर निकाय चुनाव में मतपत्रों के अलग-अलग रंग याद रखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। विधानसभा और लोकसभा चुनाव की तर्ज पर राज्य निर्वाचन आयोग नगर निकाय चुनाव भी ईवीएम से कराने की तैयारी में जुट गया है। इसके लिए ईवीएम की खरीद की निविदा प्रक्रिया शुरू होने के साथ ही जिलों में इनके सुरक्षित भंडारण के लिए वेयरहाउस बनाने की कवायद तेज कर दी गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने प्रदेश के जिलों से ईवीएम वेयरहाउस के निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि का प्रस्ताव मांगा है। चयनित जमीन सुरक्षित स्थान पर होनी चाहिए, जहां ईवीएम के भंडारण के साथ पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था की जा सके। भूमि चयन के बाद वेयरहाउस निर्माण के लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी।

## छात्र नफरत नहीं करते, प्रेम से संवाद करते हैं : राहुल गांधी

- पुलिस व कार्यकर्ताओं में हुई धक्का-मुक्की
- सिस्टम छात्रों से घबराता है : राहुल

**एजेंसी, इंदौर।**



कांग्रेस सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को इंदौर में 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम में शिक्षा, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं और पेपर लीक जैसे मुद्दों को लेकर सरकार पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा कि छात्र नफरत नहीं करते, वे प्रेम से संवाद करते हैं। सवाल पूछना छात्रों का स्वभाव है और व्यवस्था छात्रों के सवालों से घबराती है। उन्होंने दावा किया कि आज छात्र खुश नहीं हैं और दबाव में हैं। वहीं इंदौर एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट से रेडिसन होटल जाते समय राहुल गांधी से मिलने के लिए कुछ कांग्रेस कार्यकर्ता काफिले के पास पहुंच गए। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच धक्का-मुक्की हुई।

### यूपी में छात्राओं को मिलेगी मुफ्त सैनिटरी नैपकिन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में सरकारी विद्यालयों में कक्षा छह से 12 तक पढ़ने वाली सभी छात्राओं को अब निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जाएगी। इसका दायरा सरकारी विद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा। सरकारी सहायता प्राप्त विद्यालयों की छात्राओं के साथ स्कूल छोड़ चुकी और स्कूल नहीं जाने वाली किशोरियों तक भी निःशुल्क सैनिटरी नैपकिन पहुंचाने की तैयारी है। प्रदेश में माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी योजनाओं और सुविधाओं को एकीकृत करते हुए राज्य स्तरीय नीति विकसित करने पर भी काम होगा। राज्य स्तरीय माहवारी स्वास्थ्य एवं स्वच्छता समिति की एनेक्सी भवन में हुई बैठक में किशोरियों तक स्वास्थ्य एवं स्वच्छता सुविधाओं की पहुंच बढ़ाने पर मंथन किया गया। अपर मुख्य सचिव, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अमित कुमार घोष की अध्यक्षता में हुई बैठक में विभिन्न विभागों के बीच बेहतर समन्वय पर जोर दिया गया।

**स्वाद को पहचान** | **पूर्वांचल के लजीज व्यंजनों को मिला वैश्विक मंच**

## देश विदेश में पूर्वी यूपी के पकवानों को मिलेगी ग्लोबल पहचान

- लिट्टी-चोखा से लेकर लहसुन वाले छोले-समोसे की बढ़ेगी डिमांड
- रामकटोरी तक का स्वाद चखेंगे देश-विदेश के आगंतुक

**समृद्धि न्यूज, गोरखपुर।**



कंडे की आंच पर सिकी लिट्टी, देसी घी में चुपड़ा चोखा, साबुत लहसुन से महकते छोले-समोसे, खोवा आधारित रामकटोरी और कुशीनगर का लाल पेड़ा...पूर्वी उत्तर प्रदेश के ये देसी स्वाद अब बड़े बाजार की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। गोरखपुर मंडल के पारंपरिक पकवानों को यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआईटीएस) के जरिये देश-विदेश के खरीदारों और पर्यटकों तक पहुंचाया जाएगा। ग्रेटर नोएडा के इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में 25 से 29 सितंबर तक होने वाले ट्रेड शो में एक जनपद एक व्यंजन (ओडीओसी) के तहत गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर और महराजगंज के चयनित व्यंजनों के विशेष स्टाल लगेंगे। यूपीआईटीएस में देश-विदेश से बड़ी संख्या में कारोबारी और आगंतुक पहुंचेंगे। उनके लिए तैयार फूड कोर्ट में पूर्वांचल के पारंपरिक व्यंजनों का अलग क्लस्टर होगा। उद्योग विभाग के संयुक्त आयुक्त गौरव मिश्रा के अनुसार इसका उद्देश्य स्थानीय खानपान को बड़ा बाजार दिलाने के साथ पारंपरिक कारोबार से जुड़े लोगों को नए अवसर देना और खानपान पर्यटन को बढ़ावा देना है। गोरखपुर से लिट्टी-चोखा और लहसुन वाले छोले-समोसे, देवरिया से बाटी-चोखा और मालपुआ, कुशीनगर से लाल पेड़ा, छेना खुरमा और केले के चिप्स तथा महराजगंज से रामकटोरी ट्रेड शो में पहुंचेंगे। इन व्यंजनों के स्टाल लगाने के लिए मंडल के छह कारोबारियों का चयन किया गया है।

पूर्वांचल के लोकप्रिय लिट्टी-चोखा की खासियत उसका पारंपरिक स्वाद है। सत्तू में अजवाइन, मंगरैल और सरसों के तेल में तैयार मसालों की भरावन वाली लिट्टी कंडे की आंच पर पकाई जाती है। इसके बाद देसी घी में चुपड़ी लिट्टी को बैंगन, टमाटर और आलू से बने चोखे के साथ परोसा जाता है। ट्रेड शो में इसकी प्रस्तुति भी पारंपरिक अंदाज में होगी। गोरखपुर का लहसुन वाला छोला समोसा भी अलग पहचान रखता है। छोले में साबुत लहसुन की पर्याप्त मात्रा इसके स्वाद को खास बनाती है। दूसरी ओर कुशीनगर का लाल पेड़ा और छेना से तैयार खुरमा तथा महराजगंज के मिठौरा बाजार की रामकटोरी पूर्वांचल की मिठाई परंपरा को बड़े मंच पर ले जाएगी। लिट्टी-चोखा के लिए चयनित गोरखपुर के गंगाधर दूबे का कहना है कि ट्रेड शो में स्थान मिलने से पूर्वांचल के पारंपरिक खानपान को नई पहचान मिलेगी। उनके अनुसार यह मंच स्थानीय व्यंजनों को घरेलू रसोई और स्थानीय बाजार से निकालकर बड़े बाजार तक पहुंचाने में मददगार होगा।

**पूर्वांचल के खास पकवान**

चंद्रकेश प्रजापति, मेसर्स चंद्रकेश हलवाई, चौरीचौरा—लहसुन वाले छोले-समोसे।
गंगाधर दूबे, मेसर्स बाटी चोखा, गोरखपुर— लिट्टी-चोखा।
सुदीस कुमार, मेसर्स महेंद्र जी रामकटोरी वाले, मिठौरा बाजार—रामकटोरी।
वेद प्रकाश राय, मेसर्स बाटी चोखा रेस्टोरेंट, देवरिया— बाटी-चोखा और मालपुआ।
सन्नी मद्धेशिया, मेसर्स कृष्णा स्वीट हाउस, हाटा — लाल पेड़ा और छेना खुरमा।
अनुराग तिवारी, मेसर्स शांडिल्य एग्रो प्रोसेसिंग, खड्डा, कुशीनगर—केले के चिप्स।

### यूपी में 35 आईपीएस अधिकारियों के तबादले

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने शनिवार को पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए 35 आईपीएस अधिकारियों के तबादले किए। तबादला सूची में पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), अपर पुलिस उपायुक्त (एडीसीपी), पुलिस अधीक्षक (एसपी) और सेनानायक स्तर के अधिकारी शामिल हैं।

कई अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां दी गई हैं, जबकि कुछ अधिकारियों को कमिश्नरेट और मुख्यालयों में तैनाती मिली है।

जितेंद्र कुमार श्रीवास्तव को डीसीपी लखनऊ और कपिल देव सिंह को एसपी यातायात मुख्यालय बनाया गया है।

चारू निगम को एसपी यूपी-112 लखनऊ के पद से हटाकर सेनानायक, 47वीं वाहिनी पीएसी गाजियाबाद की जिम्मेदारी दी गई है। श्रवण कुमार सिंह को डीसीपी गौतमबुद्धनगर बनाया गया है।

# मानहानि केस: बृजभूषण बोले, कुर्बानी से पीछे नहीं

- नकली सामान के सम्राट बन चुके हैं रामदेव
- आज नहीं तो कल सरकार को मिलावट पर जागना होगा

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



प्रतिभा सम्मान समारोह में शामिल होने पहुंचे पूर्व सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने पतंजलि और बाबा रामदेव को लेकर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि नकली खाद्य पदार्थों का कारोबार आज गंभीर समस्या बन चुका है और सरकार को इस पर प्रभावी कार्रवाई करनी चाहिए। रामदेव की ओर से दायर 50 करोड़ रुपये के मानहानि मामले का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वह कानूनी लड़ाई का सामना करने के लिए तैयार हैं और जरूरत पड़ी तो कुर्बानी देने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

बृजभूषण ने कहा कि रामदेव जब स्वदेशी आंदोलन लेकर आए थे, तब उन्होंने गोंडा स्थित महर्षि पतंजलि की जन्मभूमि या तपोभूमि के विकास को लेकर कुछ घोषणाएं की थीं। उनके अनुसार, बाद में क्षेत्रीय विधायक और सांसद के प्रयास से वहां विकास कार्य हुए, लेकिन पतंजलि संस्थान से जुड़े लोगों की ओर से उस स्थान की ओर पर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि समस्या केवल पतंजलि के घी तक सीमित नहीं है। गांव-गांव और चौराहों पर नकली पनीर व अन्य खाद्य पदार्थों की बिक्री की शिकायतें सामने आती रहती हैं। उन्होंने कहा कि बड़ी मात्रा में पनीर उपलब्ध कराने का दावा किया जाता है, जबकि इतनी मात्रा में दूध का उत्पादन स्थानीय स्तर पर संभव नहीं है। बृजभूषण ने वर्ष 2022 में बाराबंकी में किसानों के एक कार्यक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक दूध उत्पादन करने की अपील की थी। इसी दौरान उन्होंने कहा था कि बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अपना शुद्ध दूध उपयोग करना बेहतर है। उनके इस बयान के बाद पतंजलि से जुड़े आचार्य बालकृष्ण से बातचीत हुई और घी की कीमत को लेकर विवाद शुरू हुआ।

उन्होंने दावा किया कि करीब 28 से 30 किलो गाय के दूध से लगभग एक किलो घी तैयार होता है। ऐसे में दूध, श्रम और प्रसंस्करण की लागत को देखते हुए कम कीमत पर घी बेचने को लेकर उन्होंने सवाल उठाए थे।

बृजभूषण के मुताबिक, इसी विवाद के बाद कानूनी मामला शुरू हुआ और अब मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में 50 करोड़ रुपये का मानहानि मुकदमा दायर किया गया है। पूर्व सांसद ने कहा कि वह इस मामले में अदालत की प्रक्रिया का सामना करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य किसी साधु-संत का अपमान करना नहीं है, बल्कि खाद्य पदार्थों में मिलावट के खिलाफ आवाज उठाना है। उन्होंने सरकार से नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने की मांग की। उन्होंने कहा कि मिलावट को लेकर लोगों में चिंता बढ़ रही है। मिर्च, चावल, दूध और अन्य खाद्य पदार्थों को लेकर भी तरह-तरह की शिकायतें सामने आती हैं। अयोध्या में एक भंडारे के दौरान दूध से जुड़ी शिकायत का उल्लेख करते हुए उन्होंने दावा किया कि संबंधित डेयरी प्रबंधन ने मशीन में खराबी के कारण दूध की गुणवत्ता प्रभावित होने की बात स्वीकार की थी।

बृजभूषण ने कहा कि आयुर्वेद भारत की पुरानी चिकित्सा पद्धति है और आधुनिक चिकित्सा विज्ञान को भी नकारा नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि चिकित्सा पद्धति चाहे कोई भी हो, उसके नाम पर मिलावटी या नकली खाद्य पदार्थों की बिक्री उचित नहीं है। उन्होंने सरकार से कहा कि खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता को लेकर आज नहीं तो कल गंभीर कदम उठाने ही होंगे।

# एसपीओ टीम ने एफएलएन प्रशिक्षण को दिया गुडवर्क

- प्राथमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



डायट प्राचार्य राजेश कुमार सिंह व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में चल रहे एफएलएन प्रशिक्षण का राज्य परियोजना कार्यालय (एसपीओ) निशातगंज लखनऊ से देवम त्रिपाठी के नेतृत्व मे ब्लॉक संसाधन केंद्र पयागपुर मे प्रशिक्षण की गुणवत्ता का निरीक्षण किया तथा निरीक्षण कर प्रत्येक शिक्षकों से प्रशिक्षण के बारे में प्रश्न पूछे सही व संतोषजनक उत्तर पाकर प्रसन्नता व्यक्त की।


खंड शिक्षा अधिकारी अनूप कुमार सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण की गुणवत्ता के बारे मे जानकारी प्राप्त करने हेतु राज्य परियोजना कार्यालय की टीम देवम त्रिपाठी के नेतृत्व में प्रशिक्षण की गुणवत्ता जांची तथा प्रत्येक प्रतिभागी से प्रशिक्षण के बारे में प्रश्न पूछे प्रश्न का सही उत्तर मिलने पर बहुत प्रसन्न हुए तथा चल रहे प्रशिक्षण की प्रशंसा की तथा गुड वर्क दिया। जैसा की विदित है कि यह प्रशिक्षण 18 अगस्त से 22 सितंबर तक संचालित किया जा रहा है साथ ही साथ प्राथमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ को प्रशिक्षण दिया जा रहा है जिससे विकास क्षेत्र को शीघ्रतिशीघ्र निपुण बनाया जा सके।

एफएलएन प्रशिक्षण को मास्टर ट्रेनर सुनील पांडेय, राजेश कुमार मिश्र, राजकुमार पांडेय, रमेश द्विवेदी, शिप्रा शुक्ला, एलएलएफ महावीर प्रसाद साहू द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है।

निरीक्षण के अवसर पर कार्यालय सहायक सुनील त्रिपाठी, प्रभु दयाल मिश्रा, लिपिक राजेंद्र चक्रवर्ती, गुणवत्ता समन्वयक आशुतोष सिंह, एमआईएस इंचार्ज अमित पांडेय, रोहित शुक्ला पंकज तिवारी आदि समस्त शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### सपेरे को सर्प ने डंसा



**बहराइच।** रिसिया थाना क्षेत्र के आलिया बुलबुल गांव में सांप पकड़ने के दौरान सपेरा राम कुमार (40) को सांप ने उंगली में डस लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उन्हें बहराइच मेडिकल कॉलेज ले गए। हैरानी की बात यह रही कि परिजन डसने वाले सांप को भी डिब्बे में बंद कर अस्पताल साथ ले गए। डॉक्टरों की निगरानी में राम कुमार का इलाज चल रहा है और उनकी हालत में सुधार बताया जा रहा है।

### तेंदुए के हमले में युवक घायल



**बहराइच।** सुजौली क्षेत्र में शुक्रवार रात घर में घुसे तेंदुए ने चारपाई पर सो रहे बलिराम पर हमला कर दिया। तेंदुआ उन्हें करीब 10 मीटर तक घसीट ले गया। शोर सुनकर परिजन और ग्रामीण पहुंचे तो तेंदुआ भाग निकला। घायल बलिराम का प्राथमिक उपचार कर मोतीपुर सीएचसी रेफर किया गया। घटना से ग्रामीणों में वन विभाग के प्रति आक्रोश है। रेंजर नीरज श्रीवास्तव ने मौके पर पहुंचकर गश्त कराई और तेंदुए को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाने का आश्वासन दिया। वन विभाग ने घायल के परिजनों को 5 हजार रुपये की आर्थिक सहायता भी दी।

### बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत



**बहराइच।** नानपारा-तकिया रोड पर शुक्रवार रात अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार चाचा-भतीजे की मौत हो गई। मृतकों की पहचान ककरहा बोधवा निवासी प्रमोद कुमार (28) और उनके भतीजे अनुज कुमार (20) के रूप में हुई। दोनों नानपारा से घर लौट रहे थे। नई बस्ती में हादसा हुआ। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर टक्कर मारने वाले वाहन की तलाश शुरू कर दी है। दोनों की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। कोतवाली प्रभारी गुरुसेन सिंह ने बताया कि सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हुई है। हादसे में शामिल वाहन की तलाश की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### लेखपालों ने भत्ता बढ़ाने समेत 8 मांगों का ज्ञापन सौंपा

**सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के अध्यक्ष शुभेन्द्र अवस्थी के नेतृत्व में लेखपालों ने शनिवार को एसडीएम अनिल कुमार सरोज को मुख्य सचिव के नाम ज्ञापन सौंपा। इसमें स्टेशनरी भत्ता 100 से बढ़ाकर 500, वाहन भत्ता 1500 और विशेष भत्ता 100 से बढ़ाकर 1000 रुपये करने की मांग की गई। संघ ने अंतर्मंडलीय तबादले के लिए पोर्टल खोलने, 2700 लेखपालों को गृह मंडल भेजने, पदोन्नति सूची जारी करने और विभागीय परीक्षा का परिणाम घोषित करने की मांग भी की। इसके अलावा 2800 ग्रेड पे, वेतन विसंगति दूर करने, लेखपालों को लैपटॉप-मोबाइल देने और अन्य विभागों से संबद्ध लेखपालों को हटाने की मांग उठाई गई। संघ ने चेतावनी दी कि 22 सितंबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो अतिरिक्त हल्के का बस्ता जमा कर दिया जाएगा। इस दौरान समर सिंह, अजय रावत, महेंद्र जायसवाल, धीरज मिश्रा समेत कई लेखपाल मौजूद रहे।

### सचिव के स्थानांतरण की मांग

**बलरामपुर।** विकासखंड उतरौला की ग्राम पंचायत गनवरिया बुजुर्ग में तैनात ग्राम पंचायत सचिव जगराम सोनकर के खिलाफ ग्राम प्रधान अरम मोहम्मद ने मुख्य विकास अधिकारी को प्रार्थना-पत्र देकर शिकायत की है। ग्रामीणों ने सचिव के स्थानांतरण के साथ ही शिकायतों की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। प्रार्थना-पत्र में आरोप लगाया गया है कि सचिव नियमित रूप से ग्राम पंचायत में उपस्थित नहीं होते, जिससे ग्रामीणों के आवश्यक कार्यों और पंचायत संबंधी मामलों के निस्तारण में देरी होती है। इससे ग्राम पंचायत के दैनिक कार्यों और विकास योजनाओं के क्रियान्वयन पर भी असर पड़ने की बात कही गई है। ग्राम प्रधान ने बताया कि कई ग्रामीणों ने विभिन्न पंचायत संबंधी कार्यों के लिए धनराशि मांगने की शिकायतें भी की हैं। इन आरोपों की सक्षम स्तर से निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। शिकायतों की सत्यता जांच के बाद ही स्पष्ट होगी। ग्राम प्रधान ने जनहित में सचिव का स्थानांतरण किसी अन्य ग्राम पंचायत में करने तथा आरोप सही पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है।

### ध्यान से तनावमुक्त जीवन का संदेश

**बलरामपुर।** मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत शुक्रवार को केंद्रीय लाइब्रेरी, एडमिन ब्लॉक में योग एवं ध्यान शिविर आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों और कर्मचारियों ने योग व ध्यान का अभ्यास किया। कुलपति प्रो. रवि शंकर सिंह ने कहा कि स्वस्थ मन ही सकारात्मक जीवन की आधारशिला है। पढ़ाई, काम और बदलती जीवनशैली के कारण बढ़ते तनाव के बीच योग और ध्यान मानसिक शांति, एकाग्रता और सकारात्मक सोच विकसित करने में सहायक हैं। उन्होंने नियमित योग एवं ध्यान को दिनचर्या में शामिल करने की अपील की। मुख्य अतिथि राम बिहारी वाजपेई ने ध्यान को मानसिक एकाग्रता और आत्मनिरीक्षण का प्रभावी माध्यम बताया। विपश्यना ध्यान केंद्र, श्रावस्ती के प्रशिक्षकों ऋषभ भार्गव और अर्चना शर्मा ने विभिन्न ध्यान विधियों का अभ्यास कराया। ब्रह्मकुमारीज ईश्वरीय विश्वविद्यालय के बीके रविकर भाई ने सकारात्मक चिंतन और आध्यात्मिक चेतना पर विचार रखे। शिविर में मानसिक शांति, तनावमुक्त जीवन और सकारात्मक सोच को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के शिक्षक, विद्यार्थी और कर्मचारी मौजूद रहे।

# वेतन न मिलने पर डॉक्टर धरने पर

- डीएम ने सीएमओ को तुरंत वेतन जारी करने के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



वेतन न मिलने से परेशान एक डॉक्टर के धरने का जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडे ने संज्ञान लिया। उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी संजय शर्मा को डॉक्टर का बकाया वेतन तुरंत जारी करने के निर्देश दिए हैं।

सुजौली में तैनात डॉक्टर रामपाल सिंह पिछले सात महीने से वेतन न मिलने के कारण धरने पर बैठे थे। उन्होंने गुरुवार से पीएचसी परिसर में दोबारा अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया था।

डॉक्टर रामपाल सिंह ने बताया कि इससे पहले वह 5 सितंबर को भी बकाया वेतन को लेकर धरने पर बैठे थे। उस समय सीएचसी मोतीपुर के अधीक्षक डॉ. महेश विश्वकर्मा ने चार महीने का वेतन तुरंत खाते में भेजने और बाकी सात महीने का भुगतान एक हफ्ते के अंदर कराने का भरोसा दिलाया था। इस भरोसे के बाद उन्होंने अपना धरना खत्म कर दिया था। हालांकि, डॉक्टर ने बताया कि भरोसा मिलने के 12 दिन बाद भी सात महीने का बकाया वेतन नहीं मिला। इससे नाराज होकर उन्होंने फिर से धरना शुरू कर दिया था।

# सर्पदंश जागरूकता दिवस 2026 के उपलक्ष्य में गोष्ठी का आयोजन

- सीएचसी स्तर तक उपलब्ध है सर्पदंश उपचार

**समृद्धि न्यूज, बहराइच।**



सर्पदंश से होने वाली मृत्यु पूरी तरह समाप्त करने के लक्ष्य की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार ठोस कदम उठा रही है। इसी क्रम में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार की अध्यक्षता में सीएमओ सभागार में एक गोष्ठी का आयोजित किया गया।

एसीएमओ डॉ. संतोष राना ने बताया कि नए वर्ष के साथ राज्य सरकार द्वारा सीएचसी स्तर तक सर्पदंश चिकित्सा की उपलब्धता सुनिश्चित कर दी गई है।

अब यह संपूर्ण उपचार सीएचसी स्तर तक पूरी तरह निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। आपने मेडिकल कॉलेज समेत सभी ब्लॉक से सर्पदंश की रिपोर्टिंग में और सुधार की आवश्यकता पर जोर दिया जिससे कि बचाव एवं चिकित्सा दोनों को बल मिलने की बात कही।

प्रशिक्षक एवं जिला एपिडेमियोलॉजिस्ट डॉ. निर्मेष श्रीवास्तव ने बताया कि सभी सर्प विषैले नहीं होते और सर्पदंश के पश्चात बिना समय गंवाए पीड़ित को सरकारी चिकित्सालय में भर्ती कराना चाहिए जहां चिकित्सक 24 घंटों तक उसे निगरानी में रखेंगे। विष के लक्षण आने पर पीड़ित को आवश्यकता अनुसार एंटी स्नेक वेनम के इंजेक्शन लगाए जाते हैं। यदि सांप जहरीला नहीं है तो एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन लगाने की आवश्यकता नहीं होती परन्तु अन्य चिकित्सा अंग एवं प्राण रक्षा हेतु आवश्यक है। सही चिकित्सा होने पर मृत्यु का खतरा लगभग शत-प्रतिशत समाप्त हो जाता है। इसके लिए सांप के काटने के बाद उसी दिन उपचार प्रारंभ करना अत्यंत आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि किसी भी सांप के काटे जाने पर काटे गए भाग को स्थिर कर ढीली पट्टी बंधी जानी चाहिए उसके उपरांत तुरंत ही नजदीकी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर जाना चाहिए। घाव पर चीरा लगाना , जलाना, मिर्च, हल्दी, चूना, मिट्टी या अन्य घरेलू पदार्थ लगाना अत्यंत घातक होता है, क्योंकि इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। हाथ पैर पर काटे जाने की स्थिति में बहुत कसा बंधन भी नहीं बाँधना चाहिए और बिना विलंब नज़दीकी स्वास्थ्य इकाई पर पहुँचकर चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिए।

समय पर किया गया उपचार जीवनरक्षक सिद्ध होता है। अंत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय कुमार ने आम जनमानस से अपील की कि किसी भी सांप के काटने की स्थिति में घरेलू उपचार तथा झाड़ फूंक न करें और तुरंत नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुँचें। अब पीएचसी स्तर तक निःशुल्क उपचार उपलब्ध है, जिसका लाभ लेकर जान बचाई जा सकती है।

# जलनिकासी रास्ते में करने से बढ़ी परेशानी

- एसडीएम से समस्या का समाधान कराए जाने की लगाई गुहार

**समृद्धि न्यूज हैदरगढ़ बाराबंकी।**




कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत अमिलहरा मजरे बारा गांव में समस्या का समाधान करा दिए जाने के बाद भी मनबढ़ विपक्षी द्वारा जलनिकासी रास्ते में किया गया अवरोध हटाया नहीं गया है जिसकी वजह से जल निकासी बाधित है।

गांव निवासी हरिद्वार व बद्री प्रसाद साहू ने बताया कि आबादी के अंदर पुराने रास्ते में जल निकासी के लिए बनी कच्ची नाली पूर्व में नष्ट कर दी गई थी। जिसके बाद विपक्षी रामकली पत्नी श्यामलाल के इशारे पर किशोर वर्मा दान बहादुर वर्मा देवेश आदि द्वारा नहर की बालू से एक से दूसरे घर आने जाने के लिए रास्ते को 12 फीट की दूरी में पाट दिया गया। जिसकी शिकायत 112 पुलिस कंट्रोल रूम से की गई। जिस पर बीते 14 सितंबर को पुलिस मौके पर आई और विपक्षियों को रास्ता समतल करने का निर्देश दिया परंतु मनबढ़ विपक्षियों ने ना तो बालू हटाई और न ही रास्ता समतल किया।

शिकायतकर्ताओ ने बताया कि समस्या का सामाधन नहोने पर अगले दिन 15 सितंबर को एसडीएम हैदरगढ़ से शिकायत की गई। जिस पर 16 सितंबर को मौके पर पहुंचे हल्का लेखपाल द्वारा समझौता कराया गया। कराए गए समझौते में रामकली द्वारा रास्ते में पड़ी मिट्टी को समतल करने एवं बरसात का पानी निकालने के लिए सहमति व्यक्त की गई फिर भी आज तक बालू नहीं हटाई गई है जिसकी वजह से जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है।

पीड़ितों ने एसडीएम हैदरगढ़ से समस्या का समाधान कराए जाने की गुहार लगाई है।

# सर्प दंश के शिकार परिवार को राज्यमंत्री ने दी सहायता




**समृद्धि न्यूज, बाराबंकी।**

नगर पंचायत टिकैतनगर सभागार में शनिवार को प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने नगर पंचायत अध्यक्ष जगदीश गुप्ता नायाब तहसीलदार दिनेश पाण्डेय की मौजूदगी में तहसील सिरौलीगौसपुर के ग्राम डडियामऊ जदवापुर निवासी मृतक पप्पू पुत्र गयादीन के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की।

पप्पू की कुछ दिन पूर्व सर्पदंश से मृत्यु हो गई थी,जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा था।शासन के निर्देश पर दैवीय आपदा मुख्यमंत्री अहेतुक आर्थिक सहायता योजना के अंतर्गत मृतक की पत्नी रूपरानी पत्नी स्व पप्पू को चार लाख रुपये की सहायता राशि की स्वीकृति पत्र सौंपा गया। इस अवसर पर मंत्री सतीश शर्मा ने शोकाकुल परिजनों से मिलकर गहरी संवेदना व्यक्त की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहाकि योगी सरकार संकट की इस घड़ी में हर पीड़ित परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी है। सरकार की मंशा है कि कोई भी पीड़ित परिवार खुद को अकेला न समझे।

### 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**समृद्धि न्यूज, हैदरगढ़-बाराबंकी।** सुबेहा पुलिस ने क्रिसिया अंडरपास के पास एक व्यक्ति को करीब 10 लीटर कच्ची अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार को उपनिरीक्षक सुरेंद्र प्रताप सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर क्रिसिया अंडरपास के पास दबिश देकर एक व्यक्ति को पिपिया के साथ पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम शीतला प्रसाद पुत्र सम्पत, निवासी बगिया मजरे अमरवल, थाना सुबेहा बताया। पिपिया में करीब 10 लीटर कच्ची शराब बरामद होने पर पुलिस ने आरोपी को आबकारी अधिनियम की धारा 60(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बरामद शराब को सील कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी।



### निबंध प्रतियोगिता में दिखी विद्यार्थियों की रचनात्मकता

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।** माँ पाटेश्वरी विश्वविद्यालय, बलरामपुर में चल रहे 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत शुक्रवार को निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता का विषय 'डिजिटल शिक्षा और विकसित भारत 2047' रखा गया। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। विद्यार्थियों ने डिजिटल शिक्षा से शिक्षा व्यवस्था में आए बदलाव और विकसित भारत के लक्ष्य में इसकी भूमिका पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक लेखन, समसामयिक विषयों की समझ और विकसित भारत के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा।

# सेवा संकल्प अभियान में पीएम का मनाया जन्मदिन

**समृद्धि न्यूज, बलरामपुर।**



वनवासी कल्याण आश्रम एवं सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में शुक्रवार को सेवा संकल्प अभियान के तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सदर विधायक पलटू राम, एमएलके महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जेपी पांडेय, संरक्षक डॉ. कौशल्या गुप्ता और जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने दीप प्रज्वलन एवं मां भारती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया।

विधायक पलटू राम ने कहा कि अभियान का उद्देश्य प्रधानमंत्री के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन, सेवा, विकास और राष्ट्र निर्माण के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और राष्ट्र निर्माण के लिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी।

प्रो. जेपी पांडेय ने कहा कि अभियान के माध्यम से लोगों को विकसित भारत-2047 के संकल्प से जोड़ने, जनभागीदारी बढ़ाने तथा सरकार की विकास योजनाओं के प्रति जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि वंचित वर्गों, किसानों और मजदूरों तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाना अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।

कार्यक्रम में छात्रावास समिति के नए सदस्यों और विशेष योगदान के लिए प्रो. अशोक कुमार को अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। संचालन लेफ्टिनेंट (डॉ.) देवेंद्र कुमार चौहान ने किया। महामंत्री इंदुभूषण जायसवाल ने आभार जताया। इस दौरान हरिवंश सिंह, रमेश पहवा, मंगल बाबू, डॉ. शालिनी सिंह, अखिलेश्वर तिवारी, रामकुमार मिश्र, वेदप्रकाश मिश्र, दिलीप श्रीवास्तव, मनीष श्रीवास्तव व सचिन सहित कई लोग मौजूद रहे।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र राहुल को गलत आचरण व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उसके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

**सूचनाकर्ता**
**रामस्वरूप पुत्र बौहर प्रसाद निवासी साईराम कालोनी मालिनपुर, थाना कोतवाली रामसनेहीघाट, जिला बाराबंकी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम अश्वनी कुमार श्रीवास्तव था। जिसे बदलकर मैंने अश्वनी कुमार कर लिया है। भविष्य में मुझे अश्वनी कुमार के नाम से जाना पहचाना जाए।

**सूचनाकर्ता**
**अश्वनी कुमार पुत्र श्री मुकुट बिहारी लाल, श्रावस्ती नगर बुद्ध पार्क लखपेड़ाबाग बाराबंकी**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम ISHARAT JAHAN था। जो कि दिनांक 15/09/2026 को मैने अपना नाम बदलकर ISHRAT JAHAN रख लिया है। सूचित किया जाता है कि मेरा नाम SHAMIM AHAMAD था जो कि मैंने अपना नाम बदलकर SHAMEEM AHMAD रख लिया है।

भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाए।

**निवासी मोहल्ला काजीपुरा दक्षिणी थाना कोतवाली नगर, जनपद बहराइच, यूपी।**

# मेरे सपनों के भारत को विद्यार्थियों ने रंगों में उकेरा

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



विकसित भारत-2047 की कल्पना को मंच देने के लिए जिले के माध्यमिक विद्यालयों में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत 'मेरे सपनों का भारत' विषय पर चित्रकला, भाषण और डिबेट प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

चित्रकला में कक्षा छह से आठ और भाषण में कक्षा नौ से 12 तक के विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। चित्रों में डिजिटल, स्वच्छ, हरित और आत्मनिर्भर भारत की झलक दिखाई दी। शिक्षा, तकनीक, पर्यावरण, महिला सशक्तीकरण और नवाचार जैसे विषय प्रमुख रहे।

राम अवध जनता इंटर कॉलेज बरियावन, नरेंद्र देव इंटर कॉलेज जलालपुर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज अकबरपुर सहित विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह से भाग लिया। प्रतियोगिताओं के माध्यम से विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका और विकसित भारत की कल्पना व्यक्त करने का अवसर मिला।

# ग्राम सभा से तय होगी गांव के विकास की दिशा

**समृद्धि न्यूज, अम्बेडकरनगर।**



जलालपुर ब्लॉक के बीआरसी कार्यालय, मालीपुर में जन शिक्षण केंद्र की ओर से महिला नेतृत्वकर्ताओं एवं कार्यकर्ताओं का एकदिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत हुए प्रशिक्षण में स्थानीय स्वशासन, ग्राम सभा की भूमिका और ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम समन्वयक हेमलता ने ग्राम सभा की खुली बैठक की उपयोगिता बताते हुए कहा कि गांव की समस्याओं और विकास प्राथमिकताओं के निर्धारण में ग्रामीणों की भागीदारी जरूरी है। प्रतिभागियों को 73वें संविधान संशोधन, पंचायती राज व्यवस्था और वार्ड सदस्यों के अधिकार व दायित्वों से भी अवगत कराया गया।

प्रशिक्षण में जीपीडीपी के पांच चरणों-वातावरण निर्माण, ट्रांजिट वॉक, जरूरतों की पहचान, प्राथमिकता निर्धारण और ग्राम सभा की खुली बैठक-पर विस्तार से चर्चा हुई। रोल-प्ले और नाटक के जरिए ग्राम भ्रमण, समस्याओं की पहचान और विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया समझाई गई।

इस दौरान महिलाओं ने अधिकारों और स्थानीय विकास में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम में नारी संघ की अगुआओं सहित जन शिक्षण केंद्र के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# निस्तारण के बाद शिकायतकर्ता को दें सूचना : डीएम

- पांचो तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित
- मौके पर 122 मामलों का निस्तारण



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

जनपद लखनऊ की पांचों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किये गये। राजधानी की पांचो तहसीलों में 549 मामले आए जिसमें से 122 मामलों का निष्ठा मौके पर कर दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना शासन की प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है।

तहसील सरोजनीनगर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 165 प्रकरण प्राप्त हुये, जिसमें से 62 प्रकरणों का निस्तारण विभिन्न टीमो के माध्यम से कर दिया गया। शेष प्रकरणों को निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में सुनिश्चित करा दिया जायें। सम्पूर्ण समाधान दिवसो में तहसील सदर में 35 में से 03 प्रकरण का निस्तारण प्रकरण, तहसील मलिहाबाद में 97 में से 8 प्रकरण का निस्तारण, तहसील बीकेटी में 135 में से 31 प्रकरण का निस्तारण, तहसील मोहनलालगंज में 117 में से 18 प्रकरण का निस्तारण तथा तहसील सरोजनीनगर में 165 में से 62 प्रकरण का निस्तारण मौके पर किया गया। शेष प्रकरणों को समयबद्ध निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को प्रेषित किए गये।

समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए गए की आज जो भी प्रकरण प्राप्त हुए है उनके निस्तारण के लिए समय सीमा निर्धारित की गई है। सभी प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा में करते हुए, फोटो व वीडियो सहित आख्या उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए।

### विद्युत बिल संशोधन शिविर आयोजित करने के निर्देश

समाधान दिवस के दौरान विद्युत बिल संशोधन से संबंधित समस्याओं का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर आमजन की सुविधा हेतु संबंधित तहसील परिसर में विद्युत बिल संशोधन शिविर अनिवार्य रूप से आयोजित किया जाए, ताकि विद्युत बिलों में संशोधन संबंधी शिकायतों का मौके पर ही त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। साथ ही अन्य जनकल्याणकारी (पेंशन आदि योजनाओं) योजनाओं से संबंधित विभागों को भी निर्देशित किया गया कि समाधान दिवस के अवसर पर प्रत्येक तहसील में योजनाओं से पात्र लाभार्थियों को संतृप्त करने हेतु शिविरों का आयोजन किया जाए।

# अलौकिक व सुंदर झांकी ने मोहा मन

- मनौतियों के राजा को अर्पित हुआ 56 भोग

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



भक्ति, आस्था और भव्यता के अनूठे संगम के बीच श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से झूलेलाल वाटिका (हनुमान सेतु के पास) में आयोजित गणेशोत्सव का छठा दिन शनिवार को अविस्मरणीय बन गया। अवसर था राधा अष्टमी का और इस पावन तिथि पर बप्पा के दरबार में मनौतियों के राजा को 56 भोग अर्पित किया गया। साथ ही, श्री राधा-कृष्ण की अलौकिक व सुंदर झांकी सजाई गई, जिसने हर श्रद्धालु का मन मोह लिया।

छप्पन भोग उत्सव की भव्यता देखते ही बन रही थी। कमेटी के 351 परिवारों ने इसमें अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ भाग लिया। हाथों में छप्पन भोग से सजी थालियां थामे महिलाएं, पुरुष और बच्चे ढोल-नगाड़ों की थाप पर नाचते-गाते बप्पा के दरबार पहुंचे। जैसे ही भगवान को भोग अर्पित किया गया, पूरा पंडाल गणपति बाप्पा मोरया और मनौतियों के राजा के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस दौरान कोलकाता से आए प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा ने भावपूर्ण भजनों की प्रस्तुति दी, जिस पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूमने लगे। आस्था के इस महासंगम में अनेक गणमान्य जनों व श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत



**मलिहाबाद।** रोज की तरह सुबह की सैर पर निकले 11वीं के छात्र की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत हो गई। हादसा मुजासा फ्लाईओवर के पास हुआ। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बढ़ीगढ़ी निवासी आरिफ (20) सफा पब्लिक स्कूल में कक्षा 11 का छात्र था। परिजनों के मुताबिक, आरिफ रोजाना सुबह टहलने के लिए घर से निकलता था। शनिवार सुबह भी वह घर से सैर के लिए निकला था। इसी दौरान मुजासा फ्लाईओवर के पास किसी तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि आरिफ की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों से घटना की जानकारी ली। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है, जिससे टक्कर मारने वाले वाहन की पहचान की जा सके। आरिफ अपने परिवार का इकलौता बेटा था। परिवार में मां रेशमा और दो बहनें सबा व सना हैं। पिता गंभीर बीमारी से पीड़ित हैं। ऐसे में इकलौते बेटे की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### यूपी में होगी नव भारत साक्षरता परीक्षा

**लखनऊ।** भारत सरकार की केन्द्र पुरोनिधानित योजना 'उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम' के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम मूलभूत साक्षरता परीक्षा का आयोजन प्रदेश के समस्त जनपदों में 20 सितम्बर को किया जाएगा। परीक्षा में 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के लगभग 5.10 लाख असाक्षर प्रतिभाग करेंगे। प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने बताया कि उल्लास-नव भारत साक्षरता कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 15 वर्ष एवं उससे अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान प्रदान कर उन्हें साक्षर बनाना है। कार्यक्रम के अंतर्गत महिलाओं की 75 प्रतिशत तथा पुरुषों की 25 प्रतिशत भागीदारी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में प्रदेश में 15वर्ष की आयु वर्ग के कुल 10 लाख असाक्षरों को साक्षर करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। भारत सरकार के निर्देशानुसार इस वित्तीय वर्ष में दो चरणों में, क्रमशः सितम्बर एवं मार्च माह में मूलभूत साक्षरता परीक्षा आयोजित की जानी है। इसी क्रम में प्रथम चरण की परीक्षा 20 सितम्बर को आयोजित होगी। उल्लास पोर्टल पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार प्रदेश के विभिन्न जनपदों में लगभग 5.10 लाख 15 वर्ष की आयु वर्ग के असाक्षरों को इस परीक्षा में प्रतिभाग कराया जाएगा। परीक्षा के माध्यम से अभ्यर्थियों में विकसित मूलभूत पढ़ने-लिखने तथा संख्यात्मक ज्ञान का आकलन किया जाएगा।

### गोवंश को तत्काल मिलेगा उपचार

**लखनऊ।** हादसों में घायल होने वाले गोवंश को अब तत्काल उपचार मिल सकेगा। इसके साथ ही योगी सरकार प्रदेश के हर जिले में गोवंश के लिए आपातकालीन बचाव एवं त्वरित उपचार की व्यवस्था विकसित करने जा रही है। वहीं, पंचगव्य आधारित चिकित्सा की संभावनाओं पर वैज्ञानिक शोध को गति देने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पं. दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो-अनुसंधान संस्थान, मथुरा और राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज, लखनऊ में इस दिशा में शोध एवं अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा गो-संरक्षण को ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने की भी तैयारी है। महिला स्वयं सहायता समूहों, एफपीओ, किसानों और गोपालकों को गोबर एवं गोमूत्र आधारित उत्पादों के निर्माण, पैकेजिंग, मूल्यवर्धन और विपणन से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सरकारी आवास पर भेंट के दौरान गो सेवा आयोग के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों की इन विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

### मरीजों को आरोग्यसेतु एप पर मिलेगी जांच रिपोर्ट

**लखनऊ।** सरकारी अस्पतालों की लैब में टेस्ट कराने वाले मरीजों को उनकी रिपोर्ट मोबाइल के आरोग्यसेतु ऐप पर भेजने की तैयारी की जा रही है ताकि वह अपनी लैब रिपोर्ट को इलेक्ट्रॉनिक हेल्थ रिकार्ड के रूप में अपने पास सुरक्षित रख सकें। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि मरीजों को उनकी जांच रिपोर्ट मोबाइल के आरोग्यसेतु एप पर भेजने की तैयारी की जा रही है, जिसे वह भविष्य में जरूरत पड़ने पर स्वास्थ्य सेवा प्रदाता से शेयर कर सकेंगे। वहीं प्रदेश के 900 से अधिक सरकारी अस्पतालों में लैबोरेटरी इंफॉरमेशन सिस्टम (एलआईएस) को हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉरमेशन सिस्टम (एचएमआईएस) से जोड़ दिया गया है। इस व्यवस्था से मरीजों को अब लैब रिपोर्ट के लिए अस्पताल के चक्कर नहीं लगाने पड़ते हैं। साथ ही डॉक्टर्स को भी जल्द लैब रिपोर्ट मिलने से इलाज में काफी सहूलियत हुई है। उन्होंने बताया कि मरीजों को लैब रिपोर्ट व्हाट्सएप और एसएमएस से भेजी जा रही है। अब तक करीब 58.07 लाख लैब रिपोर्ट का मैसेज व्हाट्सएप पर भेजा गया जबकि 37.66 लाख रिपोर्ट व्हाट्सएप पर भेजी गयी। इसी तरह करीब 46.50 लाख एसएमएस भेजे गए, जिनमें से 31.40 लाख मरीजों को लैब रिपोर्ट भेजी गयी। मरीजों को लैब टेस्ट कराने के लिए बार-बार रजिस्ट्रेशन कराने से मिली मुक्तिचिकित्सा एवं स्वास्थ्य की सचिव ने बताया कि एलआईएस-एचएमआईएस के इंटीग्रेटेड होने से अब मरीजों को लैब जांच के लिए बार-बार रजिस्ट्रेशन नहीं कराना पड़ता है। इससे जहां एक ओर मरीजों के समय की बचत हो रही है वहीं दूसरी ओर उन्हे समय पर इलाज भी मिल रहा है। इसका लाभ डॉक्टरों को भी मिल रहा है।

# यूपी में 13 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

- बरेली-मथुरा समेत कई जिलों में बदली जिम्मेदारी
- पांच जिलों के एडीएम बदले
- मथुरा के सौरभ सिंह बने कानपुर नगर के एडीएम

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश शासन ने शनिवार को प्रशासनिक व्यवस्था में बड़ा फेरबदल करते हुए 13 पीसीएस अधिकारियों के तबादले किए। इनमें पांच जिलों के अपर जिलाधिकारी (एडीएम) समेत अपर नगर आयुक्त, उपजिलाधिकारी, विकास प्राधिकरण के सचिव और निदेशालयों के अधिकारियों की तैनाती बदली गई है। कुशीनगर, अयोध्या, कानपुर नगर, कासगंज, चित्रकूट, सहारनपुर, बरेली, मऊ और शाहजहांपुर में अधिकारियों को नई जिम्मेदारी दी गई है।

शासन की ओर से जारी सूची के अनुसार उत्तर प्रदेश सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक पवन कुमार को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), कुशीनगर बनाया गया है। मऊ के मुख्य राजस्व अधिकारी दिनेश को अपर जिलाधिकारी (नगर), अयोध्या की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं मथुरा नगर निगम के अपर नगर आयुक्त सौरभ सिंह को अपर जिलाधिकारी (नगर), कानपुर नगर बनाया गया है। कानपुर नगर के अपर जिलाधिकारी (नगर) आलोक कुमार गुप्ता को अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व), कासगंज भेजा गया है। चित्रकूट के अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं उपसंचालक चकबंदी अरुण कुमार को संयुक्त निदेशक (प्रशासन), मत्स्य निदेशालय, लखनऊ की जिम्मेदारी दी गई है। मथुरा की उपजिलाधिकारी कंचन को अपर जिलाधिकारी (न्यायिक), चित्रकूट एवं उपसंचालक चकबंदी बनाया गया है। राजस्व परिषद, लखनऊ में विशेष कार्याधिकारी सूरज कुमार यादव को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम सहारनपुर नियुक्त किया गया है। प्रतापगढ़ के उपजिलाधिकारी जितेंद्र कटियार को उपनिदेशक (प्रशासन), आयुर्वेद निदेशालय, लखनऊ भेजा गया है। बरेली विकास प्राधिकरण की सचिव वंदिता श्रीवास्तव को उपनिदेशक (प्रशासन), उच्च शिक्षा निदेशालय, प्रयागराज की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं सहकारी चीनी मिल संघ के प्रधान प्रबंधक हिमांशु कुमार गुप्ता को सचिव, बरेली विकास प्राधिकरण बनाया गया है। बरेली की उपजिलाधिकारी निधि डोडवाल को सहकारी चीनी मिल संघ का प्रधान प्रबंधक बनाया गया है। शाहजहांपुर नगर निगम के अपर नगर आयुक्त अजय कुमार त्रिपाठी को मुख्य राजस्व अधिकारी, मऊ बनाया गया है। वहीं भदोही के उपजिलाधिकारी भान सिंह को अपर नगर आयुक्त, नगर निगम शाहजहांपुर की जिम्मेदारी सौंपी गई है। शासन के इस फेरबदल से कई जिलों में प्रशासनिक और नगरीय निकायों की जिम्मेदारियों में बदलाव हुआ है।




# भाजपा अध्यक्ष से मिले उपमुख्यमंत्री



**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शनिवार को नई दिल्ली में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से आत्मीय भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने नितिन नबीन से संगठनात्मक विषयों सहित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करते हुए उनका मार्गदर्शन प्राप्त किया।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन कुशल संगठन शिल्पी एवं कर्मठ व्यक्तित्व के धनी हैं। उनके मार्गदर्शन से संगठन को निरंतर नई ऊर्जा और दिशा प्राप्त हो रही है।

# 259 मेडिकल ऑफिसर्स ने पूरी की बेसिक ट्रेनिंग



- मेडिकल ऑफिसर्स बेसिक कोर्स पाठ्यक्रम समाप्ति पर परेड
- मेजर जनरल अनुज चावला के मार्गदर्शन में हुआ समारोह

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**

सात सप्ताहों तक चला पाठ्यक्रम और ऑफिसर्स ट्रेनिंग कॉलेज (ओटीसी) के कमांडेंट एवं मुख्य प्रशिक्षक मेजर जनरल अनुज चावला के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस कोर्स के माध्यम से युवा सशस्त्र बलों के मेडिकल और डेंटल अधिकारियों को गहन युद्धकालीन चिकित्सा सहायता प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वे अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन कर सकें और वर्दीधारी मेडिकल और डेंटल अधिकारियों के रूप में तैयार हो सकें। अधिकारियों ने एडवांस ट्रॉमा लाइफ सपोर्ट (एटीएलएस) प्रोवाइडर कोर्स में भाग लिया। उन्हें नवीनतम तकनीकों के बारे में भी सिखाया गया जो वर्तमान पीढ़ी के युद्धों को आकार दे रही हैं। इस पाठ्यक्रम में त्रिसेवा प्रतिनिधित्व वाली 33 महिला अधिकारियों सहित कुल 121 अधिकारी शामिल थे। परेड को सैन्य परंपराओं के साथ आयोजित किया गया। कोर्स समापन परेड की समीक्षा आर्मी मेडिकल कोर सेंटर एवं कॉलेज, लखनऊ के कमांडेंट एवं प्रभारी रिकॉर्ड्स लेफ्टिनेंट जनरल जे देबनाथ ने की।

कैप्टन सौरभ सिंह यादव को पाठ्यक्रम का सर्वश्रेष्ठ सर्वांगीण अधिकारी चुना गया और उन्हें कमांडेंट रोलिंग ट्रॉफी से सम्मानित किया गया जबकि कैप्टन आकाश जी को फील्ड स्पर्धाओं में सर्वश्रेष्ठ अधिकारी चुने जाने पर मेजर लैशराम ज्योतिन सिंह अशोक चक्र मेमोरियल ट्रॉफी से भी सम्मानित किया गया।

# तय समय में समस्याओं का समाधान हो सुनिश्चित

**समृद्धि न्यूज, मलिहाबाद।**



लखनऊ तहसील में आयोजित समाधान दिवस एडीएम प्रशासन प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ उन्होंने फरियादियों की समस्याएं सुनी और निस्तारण हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

साहब बंदर बहुत परेशान किये हुए है कस्बे के केवलहार सहित क्षेत्र के कई गांवो में अचानक बंदर आ गए है जिससे दुश्वारियां बढ़ गई है यह कस्बा निवासी यूसुफ खाँ ने कहा एडीएम ने समस्या समाधान के के लिए ईओ को निर्देशित किया।

सहिलामऊ निवासी मोहम्मद कामिल ने बताया हमारे ग्राम में जगह जगह गंदगी व्याप्त है जिस कारण संक्रामक रोगों की संभावनाएं बढ़ रही है फॉगिंग करवाकर कूड़ा हटवाया जाय और मुख्य सड़क गली में अब तक खड़ंजा, सीसी, सड़क का निर्माण नहीं हुआ है। बरसात के समय सड़क पर कीचड़ और जलभराव हो जाता है जिससे ग्रामीणों बच्चों बुजुर्गों तथा मरीजों को आने-जाने में अत्यधिक कठिनाई होती है। कई बार लोग फिसलकर घायल भी हो जाते हैं।जनहित को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग को निर्देशित कर हमारे ग्राम में शीघ्र खड़ंजा सीसी सड़क का निर्माण कराया जाए ताकि ग्रामीणों को सुरक्षित एवं सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। तहसील समाधान दिवस में आए अन्य फरियादियों की समस्याओं को सुनकर एडीएम ने संबंधित अधिकारियों को पारदर्शिता और समय सीमा के भीतर निस्तारण के आदेश दिए।इस अवसर पर एसडीएम आईएएस अपराजिता आर्यन, तहसीलदार कुमकुम मिश्रा, एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह, बीडीओ सर्जना शुक्ला सहित सभी विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# उर्दू अदब के रंगों से सजा गोमती पुस्तक महोत्सव

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



- 3500 से अधिक बच्चों ने रचनात्मक गतिविधियों में लिया हिस्सा

लखनऊ। पांचवें गोमती पुस्तक महोत्सव-2026 में शनिवार को साहित्य, बाल रचनात्मकता, पर्यावरण, पुस्तक संस्कृति, उर्दू अदब और संगीत के विविध रंग देखने को मिले। दिनभर आयोजित बाल गतिविधियों में 3500 से अधिक बच्चों ने भाग लिया। पुस्तकालयों की उपयोगिता, पढ़ने की संस्कृति और गोमती नदी के संरक्षण पर परिचर्चाएं हुईं। शाम को उर्दू मुशायरे और रिदम एंड स्ट्रिंग्स की संगीतमय प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया।

बाल कॉर्नर में दिन की शुरुआत 'कठपुतली के साथ कहानी' से हुई। इसके बाद 'वैदिक गणित लैब फन' में बच्चों ने रोचक तरीके से गणित की अवधारणाएं समझीं। बिसलेरी टीम के प्लास्टिक पुनर्चक्रण सत्र में बच्चों को प्लास्टिक कचरे के उचित प्रबंधन की जानकारी दी गई। राष्ट्रीय ई-पुस्तकालय की रचनात्मक लेखन कार्यशाला में बच्चों ने दिए गए शब्दों के आधार पर कहानियां तैयार कीं। सेबी की फन क्विज के जरिए वित्तीय जागरूकता से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। बाल गतिविधियों का समापन लालबाग गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं की कजरी लोक नृत्य प्रस्तुति से हुआ।

'प्रत्येक पुस्तक को पाठक मिलें' विषयक परिचर्चा में पुस्तकालयों को अधिक सुलभ बनाने और पढ़ने की आदत बढ़ाने पर जोर दिया गया। वक्ताओं ने ग्रामीण क्षेत्रों में सार्वजनिक पुस्तकालयों के विस्तार, गुणवत्तापूर्ण पुस्तकों की उपलब्धता और तकनीक के माध्यम से पाठकों को जोड़ने की आवश्यकता बताई।

### यूपीआई शुल्क के विरोध में आप व्यापार प्रकोष्ठ का प्रदर्शन

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।** डिजिटल भुगतान पर 0.4 प्रतिशत शुल्क लगाए जाने के विरोध में आम आदमी पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ ने शनिवार को स्वास्थ्य भवन चौराहे पर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए शुल्क वापस लेने की मांग की। प्रदेश अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने आरोप लगाया कि बड़े पूंजीपतियों के कर्ज माफ किए जा रहे हैं, जबकि छोटे कारोबारियों पर टैक्स का बोझ डाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि पार्टी व्यापारियों के हित में सड़क से सदन तक संघर्ष करेगी। जिलाध्यक्ष इरम रिजवी ने कहा कि महंगाई से परेशान छोटे दुकानदारों और रेहड़ी-पटरी वालों पर यूपीआई शुल्क अतिरिक्त बोझ है। प्रदर्शन के अंत में पुलिस ने सैकड़ों कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया।

**शुभारंभ**

### स्काउट व गाइड के त्रि-सोपानी प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

# अनुशासन व पर्यावरण सुरक्षा से ही मजबूत बनेगा भारत : अशोक

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



प्रशिक्षण में मौजूद स्काउट व प्रशिक्षक

बक्शी का तालाब इंटर कॉलेज में स्काउट एवं गाइड का प्रथम द्वितीय तृतीय सोपान का प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण विद्यालय के प्रधानाचार्य अशोक कुमार बाजपेई के दिशा निर्देशन में पूर्ण गुणवत्ता के साथ चल रहा है।

उन्होंने प्रशिक्षण का उद्घाटन किया तथा स्काउट झंडा के नीचे खड़े होकर सभी स्काउट एवं गाइड को अनुशासन में रहकर स्काउट गतिविधि सीखने की सलाह दी। बताया कि स्काउट पर्यावरण की सुरक्षा करता है, समाज को आगे लेकर के चलता है, यह गतिविधि छात्रों में सामाजिक समरसता लाती है एवं उनका व्यक्तित्व का विकास इस प्रकार के प्रशिक्षण से होता है। छात्र जब पर्यावरण की सुरक्षा करेंगे, तभी भारत एक समृद्धशाली मजबूत देश बनकर विश्व पटल पर उभरेगा।

स्काउटिंग छात्रों में एक दूसरे के प्रति अनुशासन एवं कार्य प्रवृत्ति बिना किसी संकोच के अच्छे से करते हैं। जनपद से दो योग्य प्रशिक्षण देने वाले शिक्षक विजय प्रसाद शर्मा एवं छाया कश्यप छात्र-छात्राओं को स्काउटिंग के इतिहास गांठबंधन प्राथमिक चिकित्सा तंबू लगाना आदि विषय पर विस्तृत प्रकाश डाल रहे हैं।

छात्र एवं छात्राएं मनोयोग से अध्ययन कर रहे हैं तथा उनमें उत्साह वर्धन हो रहा है, लगन के साथ छात्र पढ़ाई एवं गांठ का प्रयोगात्मक कार्य कर रहे हैं, उनमें सीखने की ललक बढ़ रही है। स्काउट प्रभारी रविंद्र कुमार मौर्या अपना संपूर्ण समय बच्चों के निखारने में दे रहे हैं।

विवेक श्रीवास्तव एच डब्लूबी एवं डॉक्टर नंदलाल बीच-बीच में बच्चों को विभिन्न प्रकार के नारे एवं गीत के द्वारा बच्चों को सीखने के प्रति प्रेरित कर रहे हैं। प्रवक्ता डॉ0 जितेंद्र कुमार यादव, एलटी नेशनल ट्रेनर स्काउट उमेश कुमार, डॉ0 रीता मिश्रा ने बच्चों के साथ अपने ज्ञान का आदान प्रदान किया। तृतीय सोपान विद्यालय के प्रिंस दीपांशु, शिवम, विवेक, अमृता, मंतशा, समीक्षा, मानवी, विधि, तन्वी, अंशिका, आकांक्षा, नीलोफर आदि छात्राओं ने सीखने की बिणा उठा रखी है।

# नवयुग में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित

**समृद्धि न्यूज, लखनऊ।**



नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ में भारतीय संस्कृति, परंपराओं, संस्कारों एवं जीवन-मूल्यों के प्रति छात्राओं में जागरूकता एवं रुचि विकसित करने के उद्देश्य से भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का आयोजन महाविद्यालय की भारतीय भाषा कला एवं संस्कृति समिति द्वारा किया गया।

शांति कुंज मिशन हरिद्वार के पक्ष से श्री ज्ञान श्रीवास्तव सचिव,भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा लखनऊ मध्य क्षेत्र के निर्देशन में संपन्न हुई ।परीक्षा के समय श्रीमती पूनम दूबे उपस्थित रहीं।

इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने कहा कि भारतीय संस्कृति विश्व की प्राचीन एवं समृद्ध संस्कृतियों में से एक है। हमारी संस्कृति में ज्ञान, नैतिकता, संस्कार, सहिष्णुता, सेवा एवं मानव कल्याण की भावना निहित है। युवा पीढ़ी को अपनी गौरवशाली सांस्कृतिक विरासत से परिचित कराना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

परीक्षा में महाविद्यालय की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। परीक्षा के माध्यम से छात्राओं के भारतीय संस्कृति, इतिहास, महापुरुषों, धार्मिक एवं सामाजिक परंपराओं तथा भारतीय जीवन-दर्शन से संबंधित ज्ञान का परीक्षण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की भारतीय भाषा संस्कृति एवं कला समिति की सदस्या प्रोफेसर वन्दना द्विवेदी ,प्रोफेसर आभा पाल, डॉ अपूर्वा अवस्थी ललिता पांडे उपस्थित रहीं।

प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने परीक्षा में प्रतिभाग करने वाली सभी छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# डीएम-एसपी ने सुनी संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें

## जिलाधिकारी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष व समयबद्ध निस्तारण के दिए निर्देश

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



डीएम धर्मेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में तहसील जलालाबाद में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम ने एसपी सौरभ दीक्षित के साथ तहसील में आए फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में पुलिस 9, समाज कल्याण 02, नगर निकाय 08, राजस्व 14 एवं विकास विभाग 02 कुल 41 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 06 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। डीएम ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को सुनते हुए निर्देशित किया कि जिन शिकायतों में स्थलीय जांच अथवा फील्ड विजिट की आवश्यकता है, संबंधित अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर तथ्यों की जांच करते हुए निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि आईजीआरएस, संपूर्ण समाधान दिवस सहित अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में शिकायतकर्ता के साथ-साथ निस्तारणकर्ता अधिकारी की उपस्थिति तथा मौके का जियो-टैग फोटो भी अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित शिकायतों का स्थलीय निरीक्षण कर तथ्यों के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए, ताकि शिकायतकर्ता को एक ही समस्या के लिए बार-बार शिकायत न करनी पड़े। डीएम ने कहा कि शिकायतों का निस्तारण केवल औपचारिकता तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि सुनिश्चित करना अधिकारियों की प्राथमिकता होनी चाहिए। निस्तारण के उपरांत शिकायतकर्ता से संतुष्टि फीडबैक भी प्राप्त किया जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर एसपी सौरभ दीक्षित, सीएमओ डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, प्रभारी एसडीएम प्रियंका चैधरी, परियोजना निदेशक डीआरडीए अवधेश राम, तहसीलदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कार्रवाई की मांग को लेकर धरने पर बैठा पीड़ित परिवार

- किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने का मामला
- अधिकारियों के पहुंचने पर शांत हुआ धरना

**समृद्धि न्यूज, खुटार, शाहजहांपुर।**

किशोरी को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर पीड़ित परिवार शनिवार सुबह धरने पर बैठ गया। परिजनों ने अपेक्षित कार्रवाई न होने पर नाराजगी जताई। सूचना पर पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और बातचीत के बाद धरना शांत कराया। परिवार का आरोप है कि उसकी पुत्री को गेहुआ गांव निवासी रितिक अपने तीन साथियों के साथ बहला-फुसलाकर ले गया था। मामले की शिकायत खुटार पुलिस के बाद परिवार ने सीओ पुवायां और पुलिस अधीक्षक से भी कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने स्थानीय पुलिसकर्मियों पर समझौते का दबाव बनाने और किशोरी की शादी कराने की बात कहने का आरोप लगाया। सूचना पर एसपी ग्रामीण, सीओ पुवायां प्रवीण मलिक और थाना प्रभारी लोकेंद्र त्यागी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने परिजनों को कार्रवाई का भरोसा दिलाया। पुलिस के अनुसार आरोपी युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

## खबरें एक नजर में

### मौसी के घर से वापस आ रही सहेलियों के साथ छेड़छाड़

**रोजा, शाहजहांपुर।** रोजा क्षेत्र में मौसी के घर से वापस आ रही दो नाबालिग सहेलियों को चार युवक जबरन एक मकान में ले गये और मारपीट कर कपडड़े उतारकर अश्लील वीडियों बना लिये। पुलिस ने एक पिता की तहरीर पर चारों आरोपियों के विरुद्ध पास्को एक्ट के तहत रिपोर्ट दर्ज कर टीम बनाकर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं। थाना रोजा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक ग्रामीण ने पुलिस को बताया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री अपनी 15 वर्षीय सहेली के साथ 26 अगस्त की शाम पड़ोस के गांव से मौसी के घर से आ रही थी। तभी बीच रास्ते में अभिषेक, रोहित, भोले व कृष्णा पंडित ने रोक लिया और जबरन उसे एक मकान में ले गये। आरोप हैं कि चारों युवको ने दोनों बच्चियों को मारा पीटा और कपड़े उतारकर अश्लील वीडियों बनाकर जान से मारने व वीडियों वायरल करने की धमकी देकर छोड़ कर फरार हो गए। थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्र ने नाबालिग बच्ची के पिता की तहरीर पर शुक्रवार की शाम गंभीर धाराओं में पास्को एक्ट रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। आरोपियों की तलाश के लिए टीमों को लगाया गया हैं।

### प्राथमिक विद्यालय में लगा योग शिविर

**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** योग वेलनेस सेंटर मझला, सीएचसी मीरानपुर कटरा के तत्वावधान में प्राथमिक विद्यालय बाबूपुर बुजुर्ग में योग शिविर का आयोजन किया गया। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक यूनानी अधिकारी डॉ. सिराज अहमद और प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. विनोद गुप्ता के मार्गदर्शन में योग प्रशिक्षक चिवनाथ पाल ने बच्चों व शिक्षकों को ताड़ासन, वृक्षासन, मंडूकासन, शशकासन सहित अनुलोम-विलोम, कपालभाति और भस्त्रिका प्राणायाम का अभ्यास कराया। इस दौरान प्रधानाध्यापक यतेंद्र कुमार, सहायक अध्यापक रमन कुमार मिश्रा, सपना गंगवार सहित अन्य शिक्षक मौजूद रहे।

### अपर नगर आयुक्त का मऊ तबादला

**शाहजहांपुर।** नगर निगम में अपर नगर आयुक्त पद पर तैनात अजय कुमार त्रिपाठी का तबादला शासन से मऊ जनपद में मुख्य राजस्व अधिकारी पद पर हो गया है। उनके स्थान पर भदोही से एसडीएम भान सिंह को अपर नगर आयुक्त शाहजहांपुर बनाया गया है।

### दहेज हत्या के आरोपी पति को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर।** थाना परशुरामपुरी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। 17 सितंबर को वादी ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसके दामाद धर्मवीर, सास गुड्डी, ससुर अशोक और देवर प्रसून निवासी ग्राम कुम्हरुआ ने अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर उसकी पुत्री को प्रताड़ित किया और मांग पूरी न होने पर फांसी लगाकर हत्या कर दी। तहरीर के आधार पर थाना परशुरामपुरी में मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर आरोपी धर्मवीर पुत्र अशोक को उसके घर से दोपहर 12.50 बजे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया।



### नाबालिग को ले जाने के मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार



**जैतीपुर, शाहजहांपुर।** थाना जैतीपुर पुलिस ने नाबालिग को बहला-फुसलाकर ले जाने के मामले में तीन वांछित आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 11 सितंबर को पीड़िता ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि उसकी पुत्री को विनय, ओमवीर, सुमित आदि बहला-फुसलाकर ले गए हैं। मामले में मुकदमा दर्ज कर विवेचना के दौरान पॉक्सो एक्ट की धाराओं की वृद्धि की गई। शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बनखंडी पुलिया से तीन आरोपियों शोभित उर्फ सुमित, विनय और सेठपाल निवासी ग्राम कलाकंद, थाना हजरतपुर, बदायूं को सुबह बजे गिरफ्तार किया। सभी को न्यायालय में पेश किया जा रहा है।

# तमंचे की वीडियो वायरल करने वाला युवक गिरफ्तार, दो तमंचे बरामद



**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** तमंचे के साथ वीडियो वायरल करने के मामले में थाना कांट पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से दो देशी तमंचे बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार वायरल वीडियो के मामले में ग्राम जमौर गोटिया निवासी दीपक पुत्र रतनपाल को पूछताछ के लिए थाने बुलाया गया था। पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही पर फैक्ट्री एरिया जमौर के अंदर से 315 बोर के दो देशी तमंचे बरामद हुए। पुलिस ने उसे शाम 7 बजे गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

# सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में हुई मासिक बैठक

- 22 को आएंगे प्रदेशाध्यक्ष, सौंपी गई जिम्मेदारी

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



समाजवादी पार्टी के जिलाकार्यालय पर जिला समाजवादी पार्टी व महानगर समाजवादी पार्टी की संयुक्त रूप से मासिक बैठक सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर संगठन को मजबूत करना रहा। बैठक में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के 22 सितंबर को जनपद आगमन पर उनके भव्य स्वागत एवं पुवायां विधानसभा के कार्यक्रम को सफल बनाने की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही आगामी शिक्षक एमएलसी चुनाव को लेकर पार्टी की तैयारियों, संगठन की भूमिका तथा कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपने पर भी विचार-विमर्श किया गया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल के 22 सितंबर को जनपद आगमन को लेकर पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह है। प्रदेश अध्यक्ष के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी विधानसभा क्षेत्रों के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों को जिम्मेदारियां सौंपी जा रही हैं। मौके पर पूर्व विधायक राजेश यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी छात्रों, नौजवानों और युवाओं की आवाज को हमेशा मजबूती से उठाती रही है। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि समाजवादी पार्टी किसानों के हक और सम्मान की लड़ाई लगातार लड़ती रही है। इस मौके पर पूर्व एमएलसी अमित यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव रिजवान अहमद, सपा विशेष आमंत्रित सदस्य नीरज मिश्रा, सपा महानगर अध्यक्ष चैधरी रामकुमार भोजवाल, नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी आदि मौजूद रहे।

# हत्या के प्रयास में वांछित बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार, पैर में लगी गोली

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



रामचंद्र मिशन थाना पुलिस ने हत्या के प्रयास में वांछित अभियुक्त को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया है। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर को मोहल्ला ख्वाजा फिरोज में नीरज के घर में घुसकर चाकू से हमला करने के मामले में मुकदमा दर्ज किया गया था। इसी मामले में वांछित आजम उर्फ शिब्बू पुत्र बाबू निवासी मोहल्ला किला की तलाश की जा रही थी। 19 सितंबर को चेकिंग के दौरान हरदोई चैराहा के पास पुलिस को सूचना मिली कि अभियुक्त अपाचे बाइक से बरेली मोड़ की ओर से सीतापुर की तरफ जा रहा है। रोकने पर वह बाड़ीगांव मार्ग की ओर भागा। बाइक फिसलने के बाद उसने पुलिस पर तमंचे से फायर कर दिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें उसके दाहिने पैर में गोली लग गई। पुलिस ने उसे दोपहर 1.17 बजे गिरफ्तार कर अस्पताल भेजा। उसके कब्जे से एक तमंचा 315 बोर, कारतूस, मोबाइल और बाइक बरामद हुई है।

# भगवान परशुराम मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्य का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

भगवान परशुराम मंदिर परशुरामपुरी के समेकित पर्यटन विकास एवं सौंदर्यीकरण कार्यों का डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने शनिवार को एसपी सौरभ दीक्षित के साथ निरीक्षण किया। 18.59 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना के लिए कार्यदायी संस्था को अब तक 13.70 करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं। निरीक्षण के दौरान सत्संग भवन में फॉल सीलिंग, फायर सिस्टम और स्टोन क्लैडिंग का कार्य प्रगति पर मिला। डीएम ने मुख्य मंदिर के आसपास बन रही रिटेनिंग वॉल और कॉलम निर्माण का भी जायजा लिया। डीएम ने कार्यदायी संस्था को निर्देश दिए कि सत्संग भवन और मुख्य मंदिर के आसपास के सभी निर्माण कार्यों में तेजी लाकर 30 नवंबर तक पूरा किया जाए, ताकि पूर्ण हो चुके कार्यों को हैंडओवर किया जा सके।

## किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू परिवर्तनवादी ने की बैठक



**समृद्धि न्यूज, कांट, शाहजहांपुर।** भारतीय किसान यूनियन परिवर्तनवादी की ओर से शनिवार को कांट ब्लॉक सभागार में किसानों की विभिन्न समस्याओं और पीड़ित मानवता से जुड़े मुद्दों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में क्षेत्रीय किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा कर उनके समाधान के लिए आवाज उठाने का संकल्प लिया गया। बैठक का आयोजन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष महेंद्र सिंह यादव के नेतृत्व में हुआ। पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं, सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में आ रही दिक्कतों तथा ग्रामीण क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि किसानों और गरीबों के हितों की आवाज लगातार उठाई जाएगी। किसी भी गरीब किसान के साथ अन्याय बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।पदाधिकारियों ने कहा कि किसानों की समस्याओं को संबंधित अधिकारियों के समक्ष प्रमुखता से उठाकर उनके समाधान का प्रयास किया जाएगा। साथ ही संगठन को मजबूत करने और किसानों के हित में एकजुट होकर कार्य करने पर जोर दिया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष मुकुट बिहारी, अध्यक्ष क्रांति सिंह, सौदान सिंह, सतीश कुमार, खुशीराम, अनिल सिंह समेत संगठन के अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## उन्नति ने उत्तीर्ण किया यूजीसी नेट

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।** यूजीसी नेट जून 2026 की परीक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए उन्नति सेठ ने वाणिज्य विषय में यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होने परीक्षा में 190 अंक प्राप्त कर 98.39 पर्सेंटाइल हासिल की है। इस उपलब्धि के साथ वह असिस्टेंट प्रोफेसर पद तथा पीएचडी में प्रवेश के लिए पात्र हो गई हैं।



उल्लेखनीय है कि उन्नति ने स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज से वर्ष 2024 में एम.कॉम. की परीक्षा उत्तीर्ण की थी। उपलब्ध विवरण के अनुसार यूजीसी नेट जून 2026 के लिए वाणिज्य विषय में कुल 73,899 अभ्यर्थियों ने पंजीकरण कराया था, जिनमें से 47,215 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। उन्नति की इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह, वरिष्ठ प्रोफेसर डॉ अनुराग अग्रवाल सहित समस्त शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्ज्वल शैक्षणिक एवं शोध भविष्य की कामना की।

# भूकंप को लेकर एनडीआरएफ ने किया मॉक ड्रिल

- विद्यार्थियों को समझाए बचाव के तरीके

**समृद्धि न्यूज, तिलहर-शाहजहांपुर।**



राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) ने आपदा प्रबंधन एवं बचाव कार्यों का एक शिक्षा संस्थान में मॉक ड्रिल कराया गया। जिसमें करीब पांच सौ छात्र शामिल रहे। शुक्रवार को तहसील रोड स्थित एक शिक्षण संस्थान में पूर्वान्ह 11 बजे मॉक ड्रिल के दौरान भूकंप आने की काल्पनिक स्थिति तैयार कर विद्यार्थियों को आपदा के समय सुरक्षित स्थान पर जाने, घायलों को प्राथमिक उपचार देने तथा राहत एवं बचाव कार्य करने के तरीकों का प्रदर्शन किया गया। एनडीआरएफ टीम ने क्षतिग्रस्त दीवार को काटकर उसमें फंसे व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने का अभ्यास भी करके दिखाया। कार्यक्रम में एनडीआरएफ के साथ पुलिस, स्वास्थ्य विभाग, फायर विभाग, सशस्त्र सीमा बल, राष्ट्रीय कैडेट कोर और जिला प्रशासन की टीमों ने सहभागिता की। टीमों ने विद्यार्थियों को आपदा के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और सुरक्षा उपायों की जानकारी दी। स्वास्थ्य टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देने की प्रक्रिया भी समझाई। मॉक ड्रिल को सफल बनाने में इंस्पेक्टर शिवकली दुर्वे, कमांडर प्रतीक सावंत, तहसीलदार आदेश कुमार, नायब तहसीलदार रोहित कुमार और लेखपाल तरुण प्रताप सिंह का सहयोग रहा। संस्थान के शारीरिक शिक्षक मोहित सिंहा, गौरव चक्रवर्ती, राजीव गुप्ता, सोमबीर समेत अन्य कर्मचारियों ने भी व्यवस्थाओं में सहयोग किया।

# भीड़ से स्वयं को अलग करें विद्यार्थीः पीयूष

**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**



स्वामी शुकदेवानंद विश्वविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ एवं संस्था नेक्सस एआई के संयुक्त तत्वाधान में एआई प्रशिक्षण सह इंटर्नशिप ओरिएंटेशन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को उद्बोधन देते हुए मुख्य वक्ता टेक इन टेलीवर्स प्राइवेट लिमिटेड के मुख्य तकनीकी अधिकारी पीयूष पांडेय ने कहा कि आज एआई का इस्तेमाल जीवन के हर क्षेत्र में हो रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे एआई एवं नई शिक्षा नीति का समन्वय बनाकर ही अपने अध्ययन को जारी रखें क्योंकि एनईपी में तकनीकी ज्ञान एवं इंटर्नशिप को महत्व दिया गया है। उन्होंने कहा कि एआई ने निश्चित रूप से हमारे सारे कार्य आसान कर दिए हैं। आज विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ कौशल की भी नितांत आवश्यकता है। उन्होंने आगे कहा कि आज की स्थितियां ऐसी हैं कि जिस व्यक्ति को एआई का इस्तेमाल करना अच्छी तरीके से आता है वह अन्य व्यक्तियों की अपेक्षा 2.5 गुना बेहतर प्रदर्शन कर सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि वे कृत्रिम बुद्धिमत्ता की क्षमताओं को समझते हुए एआई का सदुपयोग करने पर ध्यान दें। ऐसा करने के उपरांत ही आने वाली पीढ़ी का भविष्य बेहतर होगा। उन्होंने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल के साथ-साथ सुरक्षात्मक कदम उठाना भी नितांत आवश्यक है। कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य वक्ता को आइक्यूएसी समन्वयक प्रो अजीत सिंह चारग एवं डॉ रमेश चंद्रा ने प्रशस्ति पत्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर सम्मानित किया। संस्था की एचओई ऐश्वर्या दीक्षित के संयोजन एवं भौतिकी विभागाध्यक्ष शिशिर शुक्ला के संचालन में हुए कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन डॉ संदीप अवस्थी ने किया। कार्यक्रम में नेक्सस एआई से उपस्थित रहे चीफ मार्केटिंग ऑफिसर मेहुल दीक्षित, सीनियर मैनेजर निर्विकल्प द्विवेदी एवं सीनियर मैनेजर दिव्यांशु पांडेय द्वारा शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो कमलेश गौतम, डॉ मृदुल पटेल, डॉ हर्ष पाराशरी, डॉ सुजीत वर्मा, डॉ सुमित त्रिवेदी, डॉ राजेश सक्सेना, डॉ अनामिका शुक्ला, डॉ विजय तिवारी, डॉ रामशंकर पांडेय, विपुल दीक्षित सहित शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## गणेश महोत्सव के पांचवें दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम, कलाकारों ने बांधा समां



**समृद्धि न्यूज, शाहजहांपुर।**

श्री गणेश महोत्सव के पांचवें दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में धूम रही। कलाकारों ने रंग-बिरंगे परिधानों में मनमोहक नृत्य और गीतों से पंडाल में मौजूद दर्शकों का मन मोह लिया। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज बाजपेई के मार्गदर्शन में लखीमपुर, सीतापुर और स्थानीय कलाकारों ने प्रस्तुतियां दीं। प्रतियोगिता परिणाम में सीनियर वर्ग में प्रथम हिमांशु, द्वितीय कशिश कुमार (लखीमपुर), तृतीय आकाश रहे। जूनियर वर्ग में प्रथम अर्पित कुमार, द्वितीय काव्या गुप्ता, तृतीय काव्यांश गुप्ता रहे। कार्यक्रम में भारी भीड़ उमड़ी और पंडाल खचाखच भरा रहा। मंच संचालन नवनीत शर्मा ने किया। महाराष्ट्र मराठा मंडल के संयोजक नीरज बाजपेई ने विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

- कुल 702 शिकायतों में 97 का मौके पर निस्तारण
- शेष शिकायतों को एक सप्ताह में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**



जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस तहसील मिल्कीपुर में आयोजित हुआ। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना। इस अवसर पर माननीय विधायक मिल्कीपुर श्री चंद्रभानु पासवान, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देवेंद्र भिटौरिया, उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर पवन कुमार शर्मा सहित अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान मुख्य रूप से भूमि विवाद, सड़क, सुरक्षा, पेंशन, चकबंदी, चकमार्ग, अतिक्रमण, विद्युत आदि से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों में आपसी समन्वय से स्थलीय जांच कराते हुए निष्पक्ष एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। तहसील मिल्कीपुर में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 310 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 35 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इसी क्रम में जनपद की अन्य तहसीलों में भी संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। सदर तहसील में प्राप्त 93 शिकायतों में से 20, सोहावल में 116 में से 11, रुदौली में 103 में से 21 तथा बीकापुर में प्राप्त 80 शिकायतों में से 10 शिकायतों का मौके पर निस्तारण कराया गया।

संपूर्ण समाधान दिवस में अनुपस्थित रहने पर जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ पवन तिवारी से स्पष्टीकरण मांगा। वहीं, परिक्रमा मार्ग से संबंधित प्रतिकर भुगतान के मामले में शिकायतकर्ता की समस्या का समय से निस्तारण न किए जाने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लेखपाल सुमित ठाकुर का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के निस्तारण में लापरवाही अथवा उदासीनता किसी भी दशा में स्वीकार नहीं की जाएगी।

जिलाधिकारी ने विधायक मिल्कीपुर चंद्रभानु पासवान के साथ तहसील परिसर में पोषण माह के अंतर्गत लगाई गई आंगनवाड़ी प्रदर्शनी एवं स्टॉलों का अवलोकन किया। उन्होंने पोषण संबंधी गतिविधियों एवं योजनाओं की जानकारी ली तथा लोगों को संतुलित आहार एवं कुपोषण से बचाव के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं विधायक द्वारा दो बच्चों का अन्नप्राशन तथा दो गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई गई।

# सपा नवनियुक्त जिलाध्यक्ष को पार्टी कार्यकर्ताओं ने गरमजोशी से किया स्वागत

**समृद्धि न्यूज, अयोध्या।**




समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष जयसिंह यादव 'राणा' का जनपद के प्रथम आगमन पर जिले की सीमा रानी मऊ चौराहा से लेकर अयोध्या तक लगभग 5 दर्जन स्थानों पर कार्यकर्ताओ ने गरमजोशी से किया। रुदौली विधानसभा क्षेत्र में पूर्व विधायक रुशदी मिया पूर्व प्रत्याशी चौधरी सहरियार खान, बीकापुर विधानसभा क्षेत्र में प्रवेश करते ही लोहिया पुल के निकट बरई कला के पूर्व प्रधान नरेंद्र यादव बसहा चौराहा पर सोहवल ब्लाक अध्यक्ष राजेश यादव, मुबारकगंज चौराहा पर साहब बक्स यादव रौनाही टोल प्लाजा पर सपा पूर्व प्रत्याशी फिरोज खान गब्बर के नेतृत्व में स्वागत किया गया। सपा जिलाध्यक्ष ने स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओ का उत्साह वर्धन करते हुए कहा की मौजूदा सरकार जाति धर्म की राजनीति कर रही है। युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में फेल है भ्रष्टाचार चरम पर है आने वाले विधानसभा चुनाव में आप लोगों के सहयोग से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाना है जिससे युवाओं को रोजगार व भ्रष्टाचार से मुक्ति मिल सकें। इस अवसर पर राजेश यादव, अमित यादव, दीपू नानकून यादव, एजाज अहमद, शोयब खान, खुर्शीद अहमद, आदि सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहें।

## खबरें एक नजर में

### स्कूल वैन के नीचे दबकर मासूम की मौत

अयोध्या। जनपद के इनायत नगर थाना क्षेत्र मुकीम पुर गाँव के पास एक स्कूल वैन के नीचे दबकर 2 वर्षीय मासूम की दर्दनाक मौत, थाना क्षेत्र में संचालित रिवर व्यू इंटरनेशनल स्कूल पलिया माफी की वैन लेकर स्कूल के बच्चों को लाने के लिए चालक हरिमोहन पाठक मुकीम पुर गाँव गया था। जहाँ पर वैन के नीचे अचानक आया 2 वर्षीय मासूम आयांश दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहाँ पर डॉक्टर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ड्राइवर हरिमोहन पाठक व वैन को कस्टडी में लिया है।

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनी गईं फरियादें

सीतापुर। जनसमस्याओं एवं शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की सभी सात तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील महोली में विधायक शशांक त्रिवेदी, जिलाधिकारी डॉ. राजा गणपति आर. एवं पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल की अध्यक्षता में फरियादियों की समस्याएं सुनी गईं। अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को एक-एक कर सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को शिकायतों का मौके पर पहुंचकर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि लाभार्थीपरक योजनाओं से जुड़े प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण कर पात्र लोगों को समय से लाभ पहुंचाया जाए। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर भी जोर दिया।

### आरती सिंह ने बीआरसी पर भेंट किया वाटर कूलर

**हरगांव, सीतापुर।** प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रहे स्व. देवेंद्र सिंह की पुण्य स्मृति में उनकी पत्नी आरती सिंह ने बीआरसी हरगांव परिसर में वाटर कूलर भेंट किया। इस अवसर पर शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों एवं शिक्षकों ने स्व. देवेंद्र सिंह को पुष्पांजलि अर्पित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। वाटर कूलर बीआरसी पर आने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए उपयोगी साबित होगा। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष रविंद्र दीक्षित, सर्वकालीन जिलाध्यक्ष राजकिशोर सिंह, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामचंद्र मिश्रा सहित शिक्षक एवं बीआरसी स्टाफ मौजूद रहा। वक्ताओं ने स्व. देवेंद्र सिंह के शिक्षक समाज के प्रति योगदान और उनके स्नेहिल व्यक्तित्व को याद करते हुए कहा कि उनकी स्मृतियां सदैव जीवंत रहेंगी। आरती सिंह के इस सेवाभावी प्रयास की सराहना की गई।

### शिक्षा मित्र से झोलाछाप बना डाक्टर नौ दिनों से फरार

**रोजा-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के मुकरमपुर में रविंद्र के अस्पताल में इलाज के दौरान हुई बच्चे की मौत के मामले में नौ दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी झोलाछाप चिकित्सक व शिक्षा मित्र रविंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने के बावजूद पुलिस गिरफ्त से फरार चल रहा हैं। पुलिस के अनुसार उसकी तालाश की जा रही हैं। वही दूसरी ओर शिक्षा विभाग की ओर से मिली जानकारी के अनुसार रविंद्र शिक्षा मित्र रविंद्र कई दिनों से स्कूल में भी अनुपस्थित चल रहे है। उनके बारे में किसी को कोई जानकारी नहीं है। ज्ञात हो कि जपनापुर निवासी संतोष मुकदमा दर्ज कराया था कि 11 सितंबर को उनके नाबालिग बेटे अमन को बुखार आने पर वह मुकरमपुर में डॉक्टरी कर रहे रवींद्र के अस्पताल लेकर गए। डॉक्टर ने दवा और इंजेक्शन लगाकर रात लगभग बारह बजे घर भेज दिया। तबियत में सुधार न होने पर अगले दिन सुबह डॉक्टर ने अस्पताल बुलाया। वहां पर फिर से दवा देकर इंजेक्शन लगाया। जिसके एक घंटे बाद बेटे अमन की मौत हो गई। जिसके बाद डॉक्टर और उनका स्टाफ अस्पताल छोड़कर भाग गया। मृतक अमन के पिता संतोष ने आरोप लगाया है कि उनके बेटे की मौत गलत इंजेक्शन लगाने और डॉक्टर की लापरवाही हुई है। वर्तमान झोलाछाप चिकित्सक रविंद्र शिक्षा मित्र की नौकरी भी कर रहे है। उनके पास डॉक्टर की कोई डिग्री नहीं। रोजा पुलिस ने रवींद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी थी। लेकिन अभी तक वह पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। रोजा थानाध्यक्ष उमेश कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियुक्त रवींद्र की तलाश की जा रही है।

### नदी में डूबने से बुजुर्ग की मौत

**खुदागंज, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में निगोही रोड स्थित कुचई घाट के पास शनिवार सुबह देहवा नदी में डूबने से 74 वर्षीय बुजुर्ग की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें नदी से बाहर निकलवाकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खुदागंज पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान प्रेमचन्द्र पुत्र रघुनन्दन प्रसाद, निवासी मोहल्ला राठान, कस्बा खुदागंज के रूप में हुई है। बताया गया कि वह सुबह शौच क्रिया के लिए देहवा नदी के कुचई घाट की ओर गए थे। इसी दौरान पैर फिसलने से वह नदी में जा गिरे और डूब गए। जानकारी के मुताबिक प्रेमचन्द्र करीब 20 दिन पहले साइकिल से गिर गए थे, जिससे उनकी कमर में चोट आई थी और उनका उपचार जिला अस्पताल शाहजहांपुर में चल रहा था। पुलिस के अनुसार, 18 सितंबर की शाम वह इलाज के बाद घर लौटे थे। घर में बेटे और बहू से कहासुनी होने के बाद वह बिना बताए घर से निकल गए थे। शाम के समय उन्हें खुदागंज बाजार में घूमते हुए भी देखा गया था। शनिवार सुबह नदी में डूबने की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव की पहचान होने के बाद पुलिस ने फील्ड यूनिट से घटनास्थल का निरीक्षण कराया। महिला उपनिरीक्षक तनु कुमारी की मौजूदगी में पंचायतनामा की कार्रवाई कर शव को पोस्टमार्टम के लिए शाहजहांपुर मोर्चरी भेज दिया गया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य आवश्यक कार्रवाई के बाद मौत की स्थिति और स्पष्ट होगी। फिलहाल मौके पर कानून-व्यवस्था सामान्य बताई गई है।

### मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के ऋण के लिए रिश्वत मांगने का आरोप

**तिलहर-शाहजहांपुर।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास योजना में ऋण स्वीकृत कराने के नाम पर बैंक शाखा प्रबंधक व बीसी पर रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई है। क्षेत्र के गांव ख्वाजा सराय उर्फ सरैया निवासी नईम हुसैन पुत्र अफाक हुसैन ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। आरोप है कि आवेदक ने जनवरी 2026 में बैंक ऑफ बड़ौदा की खैरपुर मिल्कीपुर शाखा में योजना के तहत ऋण के लिए संपर्क किया था। आरोप है कि बीसी ने फाइल तैयार कराने के बाद फाइल पास कराने के नाम पर मोटी रकम बतौर रिश्वत तथा फील्ड मैनेजर के लिए भी रिश्वत देने की बात कही। शिकायतकर्ता के अनुसार उसने जनवरी में 22 हजार रुपये नकद तथा बाद में 30 हजार रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर किए। इसके बाद शाखा प्रबंधक ने भी फाइल पास कराने के नाम पर 25 हजार रुपये नकद लिए।

# संपूर्ण समाधान दिवस में आईं 60 शिकायतें

**समृद्धि न्यूज, मोहम्मदी, लखीमपुर खीरी।**




तहसील सभागार में डीएम अंजनी कुमार खीरी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें एस पी ख्याति गर्ग और विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में जनता की शिकायतें सुनी गई और समय सीमा में निस्तारण का आदेश दिया गया है। आयोजित समाधान दिवस में 60 फरियादियों ने शिकायत दर्जकराई हैं सर्वाधिक शिकायत है राजस्व विभाग 33, पुलिस 5, विद्युत विभाग 6, पूर्ति 2, नगर पालिका, वन विभाग, और पंचायत विभाग की एक-एक शिकायत प्राप्त हुई है। अधिकारियों ने राजस्व विभाग की सात शिकायतें निस्तारण करने की बात कही गई है। विधायक ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समय में निस्तारण न होने पर चिंता जताई है। मौजूद रहे अधिकारी आयोजित दिवस पर एसडीएम राजेश प्रताप सिंह, तहसीलदार गरिमा वर्मा, सीओ अरुण,सी एच सी अधीक्षक सचिन गुप्ता समेत सभी विभागों के अधिकारी और नामित कर्मचारी मौजूद रहे। तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अवधेश चंद्र वेटू ने डीएम अंजनी कुमार से भवन उद्घाटन करने के लिए प्रस्ताव रखा तभी सिविल बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक शुक्ला ने मौके पर विरोध जताते हुए भवन को विवादित करार दे दिया जिससे दो अधिवक्ताओं के गुट आमने-सामने आ गए उस समय सभी असमंजस में पड़ गए जिसके चलते कार्यक्रम को निरस्त की करना पड़ा है। आयोजित दिवस पर बहुजन आर्मी सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता शील प्रिय गौतम, रमेश चंद्र गौतम, संजीव कुमार समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने यू जी सी से संबंधित उच्च शिक्षा में आरक्षण व्यवस्था अनुसूचित जनजाति के लोगों पर भेदभाव में त्वरित कार्रवाई की मांग समेत 6 सूत्री मांग का ज्ञापन डीएम को सौंपा है।

# 11वें आयुर्वेद दिवस पर जिलेभर में हुए विविध कार्यक्रम



**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**

11वें आयुर्वेद दिवस के अवसर पर जनपद में आयुर्वेद और स्वस्थ जीवनशैली के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरवंश कुमार के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रमों की इस वर्ष की थीम 'स्वस्थ भविष्य के लिए आयुर्वेद' रही। जनपद के विभिन्न राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सा शिविर लगाए गए। इन शिविरों में करीब एक हजार लोगों ने पहुंचकर चिकित्सकीय परामर्श लिया। जरूरत के अनुसार लाभार्थियों को निःशुल्क औषधियां भी वितरित की गईं। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. नमन शर्मा के समन्वय और मार्गदर्शन में सभी गतिविधियों को व्यवस्थित ढंग से कराया गया। प्रधानमंत्री के जन्मदिवस के अवसर पर 17 सितंबर की शाम सात बजे 'आशीर्वाद का दिया' कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके तहत जनपद के राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों में दीप प्रज्वलित किए गए। 18 सितंबर को जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में ग्राम चौपालें लगाकर ग्रामीणों को आयुर्वेद पर आधारित स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी गई। लोगों को नियमित दिनचर्या, ऋतुचर्या और स्वास्थ्य संरक्षण के उपाय बताए गए। साथ ही योग को दैनिक जीवन में शामिल करने के फायदे समझाते हुए विभिन्न योगासनों का अभ्यास भी कराया गया। ग्राम चौपालों के दौरान प्रकृति परीक्षण ऐप के माध्यम से आमजन का प्रकृति परीक्षण भी कराया गया। इसके आधार पर लोगों को उनकी प्रकृति के अनुरूप स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की आवश्यक जानकारी दी गई। वहीं चिकित्सा शिविरों और ओपीडी में पहुंचे मरीजों का चिकित्सकीय परीक्षण कर आवश्यकता के अनुसार निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गईं। आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में जिले के राजकीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी चिकित्सालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम भी कराए गए। इस दौरान औषधीय और उपयोगी पौधे लगाए गए। इसके माध्यम से पर्यावरण संरक्षण तथा प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।

## कठीना नदी पुल के पास पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।** वन-पूजन के बाद हुआ शुभारंभ।10 गांवों को मिलेगी सुरक्षा, मोहम्मदी-लखीमपुर मार्ग पर होगी सघन चेकिंग थाना हैदराबाद क्षेत्र अंतर्गत कठीना नदी पुल के निकट नवनिर्मित पुलिस सहायता केंद्र का उद्घाटन शनिवार को पुलिस अधीक्षक ख्याति गर्ग ने किया। दोपहर करीब दो बजे एसपी ने फीता काटकर केंद्र का शुभारंभ किया। उद्घाटन से पूर्व चौकी परिसर के बरामदे में पंडित वारिज मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन कराया। पूजन में थाना हैदराबाद प्रभारी महेश पाठक, थाना प्रभारी मझगई सुनील मलिक, प्रवीण सिंह, संदीप चौधरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद पत्रकारों व पुलिस स्टाफ के लिए चाय-नाश्ते की व्यवस्था की गई।

इस मौके पर थाना हैदराबाद प्रभारी महेश पाठक ने बताया कि पुलिस व्यवस्था को और बेहतर बनाने तथा आम लोगों में सुरक्षा की भावना जगाने के उद्देश्य से इस सहायता केंद्र का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस केंद्र से आसपास के करीब 10 गांवों की बेहतर निगरानी व अपराध रोकथाम में मदद मिलेगी।

इसके अलावा मोहम्मदी-लखीमपुर मार्ग से गुजरने वाले वाहनों की सघन चेकिंग की जा सकेगी। सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर त्वरित पुलिस सहायता उपलब्ध कराने में भी यह केंद्र सहायक होगा। कार्यक्रम में एडिशनल एसपी अमित कुमार राय, सीओ महक शर्मा, एसएसआई धर्मेंद्र यादव, अजान चौकी प्रभारी अशोक सिंह धर्मेन्द्र सिंह सहित तमाम पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# शहर की सड़कों से राहगीर परेशान

**समृद्धि न्यूज, लखीमपुर खीरी।**



लखीमपुर को गड्ढामुक्त करने के सरकारी दावे लखीमपुर की जर्जर सड़कों के सामने बेअसर नजर आ रहे हैं। शहर के कई प्रमुख मार्ग लंबे समय से बदहाल हैं। सड़क पर जगह-जगह गड्ढे, उखड़ी गिट्टियां और टूटे किनारे राहगीरों की परेशानी बढ़ा रहे हैं। बारिश के बाद इन गड्ढों में पानी भरने से परेशानी बढ़ जाती है।

दुखहरण नाथ मंदिर के सामने जीजीआईसी जाने वाली सड़क की हालत खराब है। इस मार्ग से रोजाना में विद्यार्थी, अभिभावक, व्यापारी और आम लोग गुजरते हैं। सड़क पर बने गड्ढों के कारण दोपहिया वाहन चालकों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। थोड़ी सी चूक दुर्घटना का कारण बन सकती है।

इसी तरह गढ़ी रोड से आनंद टाकीज की ओर जाने वाला मार्ग भी बदहाली की तस्वीर पेश कर रहा है। सड़क कई स्थानों पर टूट चुकी है और गड्ढे लगातार बढ़ते जा रहे हैं। व्यस्त मार्ग होने के कारण यहां दिनभर वाहनों का आवागमन रहता है। खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को गड्ढों से बचते हुए निकलना पड़ता है, जिससे जाम और हादसे का खतरा भी बना रहता है।

शहर के अन्य कई मोहल्लों और प्रमुख मार्गो पर भी सड़कें मरम्मत की बाट जोह रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि शासन स्तर से लगातार गड्ढामुक्त सड़कों को लेकर निर्देश जारी किए जाते हैं, लेकिन शहर में धरातल पर स्थिति अलग दिखाई दे रही है।

लोगों ने जिम्मेदार विभाग से सर्वे कराकर जर्जर सड़कों की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराने की मांग की है। उनका कहना है कि केवल गड्ढों में मिट्टी या गिट्टी डालकर खानापूर्ति के बजाय सड़क का स्थायी निर्माण कराया जाए।

# गले से चेन झपटने वाले गिरोह का खुलासा, एक आरोपी दबोचा गया

- सीसीटीवी व तकनीकी साक्ष्यों से पुलिस पहुंची आरोपी तक
- चेन के साथ तमंचा और दो कारतूस बरामद दूसरा साथी अभी फरार

**समृद्धि न्यूज, पीलीभीत।**



शहर में महिला के गले से चेन झपटकर फरार हुए बाइक सवार बदमाशों के मामले में कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से छीनी गई पीली धातु की चेन के अलावा .315 बोर का अवैध तमंचा और दो कारतूस बरामद किए हैं। मामले में शामिल दूसरा आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से बाहर है, जिसकी तलाश में दबिश दी जा रही है।

पुलिस के अनुसार 11 सितंबर को अवध नगर कॉलोनी निवासी त्रिवेन्द्र कुमार ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि उनकी मां जानकी देवी घर का सामान लेकर दुकान से वापस लौट रही थीं। इसी दौरान मोटरसाइकिल पर सवार दो लोगों ने उनके गले में पहनी चेन झपट ली और मौके से भाग निकले। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 319/2026, धारा 304(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के खुलासे के लिए पुलिस टीमों ने घटनास्थल और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। इसके साथ ही सर्विलांस और अन्य तकनीकी माध्यमों से संदिग्धों की गतिविधियों और आवागमन की जानकारी जुटाई गई।

जांच के दौरान पुलिस को मिले साक्ष्यों और तकनीकी जानकारी के आधार पर इरफान उर्फ गज्जू पुत्र इस्तिकार तथा फूल कुरैशी पुत्र शफीउल्ला की कथित संलिप्तता सामने आई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 18 सितंबर को इरफान उर्फ गज्जू को पुष्प इंस्टीट्यूट कॉलेज रोड से गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से एक पीली धातु की चेन, .315 बोर का अवैध तमंचा और दो जिंदा कारतूस बरामद होने की बात पुलिस ने कही है। बरामद चेन के संबंध में दर्ज मुकदमे में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोतरी की गई है। वहीं तमंचे और कारतूस की बरामदगी के मामले में धारा 3/25 आयुध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

पुलिस के मुताबिक वारदात में कथित रूप से शामिल दूसरा आरोपी फूल कुरैशी पुत्र शफीउल्ला निवासी मोहल्ला ककरा खुर्द, हाल निवासी मोहल्ला वकद जई रेलवे लाइन, थाना कोतवाली, शाहजहांपुर अभी वांछित है। उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगातार संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी को जल्द गिरफ्तार करने के लिए आवश्यक कार्रवाई जारी है।

## सीडीओ ने सीएचसी बिसवां का किया औचक निरीक्षण मरीजों की सुविधाओं का लिया जायजा

**समृद्धि न्यूज, बिसवां, सीतापुर।**

मुख्य विकास अधिकारी ने शनिवार को दोपहर 2:05 बजे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिसवां का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इमरजेंसी, ओपीडी, एक्स-रे कक्ष, ऑपरेशन थिएटर, पोस्ट-ऑप वार्ड, आईपीडी, एनबीएसयू और डिलीवरी रूम का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति परखी। सीडीओ ने इमरजेंसी में दवाओं की उपलब्धता, ओपीडी में चिकित्सकों की उपस्थिति तथा मरीजों को मिल रही चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। भर्ती मरीजों और गर्भवती महिलाओं से संवाद कर उपचार व देखभाल की स्थिति जानी। एनबीएसयू में नवजात शिशुओं की देखभाल, मरीजों को दिए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और वार रूम में स्टाफ नर्स द्वारा की जा रही कॉलिंग की भी जानकारी ली गई। उन्होंने डिलीवरी रूम के अभिलेखों, आयुष्मान भारत योजना के तहत मिल रही सुविधाओं तथा अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इसके अलावा प्रस्तावित बीपीएचयू भवन और लैब निर्माण की प्रगति की जानकारी लेते हुए वर्तमान लैब में उपलब्ध जांच सुविधाओं की समीक्षा की। सीडीओ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण एवं सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।

# मंदिरों व घरों में धूमधाम से मनाया गया श्री राधा रानी का प्राकट्योत्सव

- राधा-राधा के जयघोष से गुंजायमान हुआ वातावरण

**समृद्धि न्यूज, तिलहर - शाहजहांपुर।**



श्री राधा अष्टमी पर्व पर श्री राधारानी का प्राकट्योत्सव नगर में धूमधाम से मनाया गया । इस मौके पर विभिन्न मंदिरों व तमाम भक्तों ने अपने घरों पर भी लाड़ली जू का भव्य श्रृंगार कर पूजन किया , साथ ही विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग अर्पण कर भजन कीर्तन किया।

वृषभानु नंदनी कीरत सुता श्री राधा रानी का भोर चार बजे से ही मंदिरों में घंटा घडियाल व शंख नाद के बीच प्राकट्य उत्सव मनाया गया । इस अवसर पर किशोरी जू की धातु मूर्तियों को पंचामृत से स्नान कराकर नवीन वस्त्र धारण करते हुए भव्य श्रृंगार किया । विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण कर विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग अर्पण किया। धर्म ग्रंथों में श्री राधा और कृष्ण को एक ही बताए जाने के अनुसार भक्तों ने लड्डू गोपाल व भगवान श्री बाल कृष्ण की मूर्तियों में श्री राधा रानी का भाव रखकर उन्हें पंचामृत से अभिषेक कर पूजा अर्चना की । श्रद्धालुओं ने विभिन्न व्यंजनों के साथ श्री किशोरी जू को खीर व घुईया की सब्जी आदि का भी भोग अर्पण किया । नगर के बजरिया चंदन लाल स्थित ठाकुर द्वारा मंदिर , मोहल्ला दातागंज स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर , मठिया मंदिर गीता मंदिर , पोटरगंज स्थित श्री माता मंदिर , रस्तोगी धर्मशाला मंदिर , घोड़ी वाले बाबा मंदिर, श्री बाला जी दरबार मंदिर समेत तमाम मंदिरों में श्री राधा रानी का भव्य पूर्ण ढंग से प्राकट्योत्सव धूमधाम से मनाया गया।

**Notice**

I, My son Army No.9427035F, Rank-Hav, name Trilok Singh, presently residing at vill-Naini-Saini, Post-, Naini-Saini, Dist-Pithoragarh, State-Uttarakhand.In my army documents my name wrongly mentioned my name is LAKSHMAN SINGH and date of birth 01/01/1975 while correct name is LAXMAN SINGH and date of birth is 06/09/1969. for all future purposes.

## फिर उठा वैवाहिक दुष्कर्म का प्रश्न

हमें यह समझना होगा कि हर सामाजिक समस्या का समाधान केवल कानून के माध्यम से तलाशना उचित नहीं है। हाल में 'ऋषिकेश साहू बनाम कर्नाटक राज्य एवं अन्य' मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट में वैवाहिक दुष्कर्म से जुड़े एक महत्वपूर्ण प्रश्न ने फिर बहस को सामने ला दिया। प्रश्न केवल इतना नहीं है कि विवाह के भीतर पति द्वारा पत्नी की इच्छा के विरुद्ध बनाए गए यौन संबंध को दुष्कर्म की कानूनी श्रेणी में रखा जाए या नहीं, बल्कि यह भी है कि जब तक विवाह के भीतर दुष्कर्म को अपवाद मानने वाले मौजूदा कानूनी प्रावधान की संवैधानिक वैधता पर अंतिम निर्णय नहीं हो जाता, तब तक उसी कृत्य के लिए पति के विरुद्ध दुष्कर्म के आरोप में अभियोजन किस आधार पर चलाया जा सकता है। इस प्रश्न में महिला की सहमति, गरिमा और शारीरिक स्वायत्तता के साथ-साथ आपराधिक कानून के मूल सिद्धांत भी जुड़े हैं। वर्ष 2017 में दिल्ली हाई कोर्ट के समक्ष वैवाहिक दुष्कर्म के अपवाद को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों की राय अलग-अलग रही थी। न्यायमूर्ति राजीव शकधर ने कहा था कि विवाह में प्रवेश करने वाली महिला अपने पति के अधीन नहीं हो जाती और न ही वह हर परिस्थिति में यौन संबंध के लिए स्थायी सहमति देती है। वहीं न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने वैवाहिक दुष्कर्म को अपराध की श्रेणी में शामिल करने से असहमति जताई थी। उनके अनुसार मौजूदा कानूनी अपवाद का आशय ही यह है कि पति और पत्नी के बीच होने वाला यौन कृत्य दुष्कर्म के अपराध की श्रेणी में नहीं आता।

इस मामले में केंद्र सरकार का रुख भी महत्वपूर्ण है। वर्ष 2024 में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में केंद्र ने वैवाहिक दुष्कर्म के अपवाद को हटाने का विरोध किया था। सरकार ने यह स्वीकार किया था कि पति को पत्नी की सहमति का उल्लंघन करने का कोई मौलिक अधिकार नहीं है, लेकिन विवाह जैसी संस्था के भीतर होने वाले कृत्य को दुष्कर्म के अपराध के रूप में देखना अत्यधिक कठोर और असंगत हो सकता है। सरकार का यह भी कहना था कि विवाह महिला की सहमति को समाप्त नहीं करता और उसकी सहमति के उल्लंघन के परिणाम दंडनीय होने चाहिए। साथ ही, ऐसे मामलों से निपटने के लिए मौजूदा कानूनों में पहले से कई प्रावधान मौजूद हैं। घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, 2005 की धारा 3 में महिला के साथ उसकी इच्छा के विरुद्ध किए गए ऐसे यौन व्यवहार को, जो उसे अपमानित करे या उसकी गरिमा का उल्लंघन करे, यौन हिंसा के दायरे में रखा गया है। इसका अर्थ यह है कि विवाह के भीतर महिला के साथ होने वाली यौन हिंसा को कानून पूरी तरह अनदेखा नहीं करता। पीड़ित महिला को संरक्षण और न्यायिक राहत प्राप्त करने के लिए कानूनी रास्ते उपलब्ध हैं। इसलिए बहस का एक महत्वपूर्ण पक्ष यह भी होना चाहिए कि क्या मौजूदा कानूनी ढांचे को अधिक प्रभावी बनाया जाए या इसके लिए अलग आपराधिक प्रावधान आवश्यक है।

वैवाहिक दुष्कर्म को सामान्य दुष्कर्म के समान अपराध घोषित करने की मांग पर विचार करते समय भावनात्मक पहलू के साथ व्यावहारिक और कानूनी पक्षों को भी देखना होगा। विवाह के भीतर घटित होने वाली किसी घटना की परिस्थितियां सामान्य यौन अपराधों से अलग हो सकती हैं। बंद कमरे में हुई घटना के संबंध में साक्ष्य जुटाने, घटना की वास्तविक प्रकृति निर्धारित करने और आरोप तथा बचाव के बीच संतुलन कायम करने की चुनौती बनी रहेगी। यह प्रश्न भी महत्वपूर्ण है कि आपराधिक कानून में किसी नए अपराध की परिभाषा कितनी स्पष्ट होगी और उसके दुरुपयोग की आशंकाओं को रोकने के लिए क्या पर्याप्त सुरक्षा-प्रावधान होंगे। यह कहना महिला की शिकायत को कमतर आंकना नहीं है। यौन हिंसा किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं हो सकती। लेकिन आपराधिक न्याय व्यवस्था में प्रत्येक शिकायत की जांच तथ्यों और साक्ष्यों के आधार पर होनी चाहिए। किसी महिला की शिकायत को केवल उसके महिला होने के कारण स्वतः सत्य मान लेना भी न्याय के मूल सिद्धांतों के अनुरूप नहीं होगा। इसी प्रकार केवल आरोप लग जाने से किसी पुरुष को अपराधी मान लेना भी उचित नहीं है। सत्य और असत्य का निर्धारण लिंग के आधार पर नहीं, बल्कि उपलब्ध तथ्यों, साक्ष्यों और न्यायिक प्रक्रिया के आधार पर होना चाहिए। पारिवारिक विवादों में आरोप-प्रत्यारोप की स्थिति से भी इन्कार नहीं किया जा सकता। इसलिए यदि वैवाहिक दुष्कर्म को अलग आपराधिक अपराध बनाया जाता है तो उसकी परिभाषा, साक्ष्य का मानक, शिकायत की प्रक्रिया और झूठे या दुर्भावनापूर्ण आरोपों से निर्दोष लोगों की सुरक्षा जैसे प्रश्नों पर स्पष्ट व्यवस्था आवश्यक होगी। दूसरी ओर, ऐसी किसी व्यवस्था का उद्देश्य यह भी होना चाहिए कि वास्तविक पीड़ित महिला न्याय पाने से वंचित न हो। असल चुनौती कानून बनाने से अधिक सामाजिक सोच बदलने की है। विवाह किसी महिला की इच्छा, गरिमा और शारीरिक स्वायत्तता को समाप्त नहीं करता। पुरुषों को यह समझना होगा कि वैवाहिक संबंध भी आपसी सम्मान, सहमति और विश्वास पर आधारित होते हैं। साथ ही कानून को ऐसा संतुलित ढांचा उपलब्ध कराना होगा जिसमें महिला को प्रभावी संरक्षण मिले और निर्दोष व्यक्ति को भी न्यायिक प्रक्रिया के बिना अपराधी न माना जाए। हर सामाजिक समस्या का समाधान केवल कानून के माध्यम से तलाशना उचित नहीं है। कानून आवश्यक है, लेकिन कानून से पहले और उसके साथ सामाजिक चेतना भी जरूरी है। आवश्यकता ऐसे पारिवारिक और सामाजिक वातावरण के निर्माण की है जिसमें पुरुष महिलाओं की गरिमा, इच्छा और सहमति का सम्मान करना सीखें।

### दो टूक




# कनिष्क कांड : 41 साल बाद भी अधूरा न्याय


नीरज कुमार दुबे

कनाडा के इतिहास के सबसे भीषण आतंकवादी हमले की जांच को लेकर 41 साल बाद एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। 1985 के एयर इंडिया विमान संख्या 182 यानी कनिष्क बम विस्फोट की जांच को सीमित करने और मामले को 'निष्क्रिय' स्थिति में डालने की संभावित योजना की खबर ने पीड़ित परिवारों के पुराने जख्म फिर खोल दिए हैं। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस यानी आरसीएमपी की ओर से 12 सितंबर को टोरंटो में पीड़ित परिवारों के साथ हुई बैठक के बाद यह विवाद सामने आया। रिपोर्टों के अनुसार, परिवारों को जांच दल का आकार घटाए जाने और मामले को 'इनएक्टिव' स्थिति में ले जाने की संभावित योजना की जानकारी दी गई।

यह अभी कनाडा सरकार की ओर से जांच औपचारिक रूप से बंद किए जाने की घोषणा नहीं है, लेकिन यदि जांच को सीमित करने की दिशा में कदम बढ़ता है तो सवाल स्वाभाविक है कि 329 लोगों की मौत के पीछे मौजूद पूरी साजिश का सच क्या कभी सामने आ पाएगा? चार दशक से अधिक समय बीत जाने के बाद भी पीड़ित परिवार न्याय और जवाब की प्रतीक्षा में हैं। उनके लिए मामला केवल एक पुरानी आतंकवादी घटना नहीं, बल्कि अपने परिजनों की हत्या का वह अध्याय है जिसका पूरा सच आज तक सामने नहीं आया।

23 जून 1985 को एयर इंडिया का कनिष्क विमान मॉन्ट्रियल से लंदन जा रहा था। आयरलैंड के तट के निकट अटलांटिक महासागर के ऊपर विमान में बम विस्फोट हुआ और उसमें सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई। इनमें 268 कनाडाई नागरिक थे। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने भी 23 जून 2026 को 41वीं बरसी पर अपने आधिकारिक वक्तव्य में इसे कनाडा के इतिहास का सबसे घातक आतंकवादी हमला बताया था। उसी दिन उन्होंने मृतकों, उनके परिवारों और समुदायों को याद करते हुए कहा था कि इस त्रासदी की विरासत को स्मरण और सतर्कता दोनों की जरूरत है।



इसी आतंकवादी साजिश से जुड़ी एक दूसरी घटना जापान के नारिता हवाई अड्डे पर हुई थी, जहां एयर इंडिया के विमान के लिए जा रहे सामान में विस्फोट के कारण दो सामानकर्मियों की मौत हुई। कनाडा के अभिलेखों के अनुसार दोनों बम विस्फोट एक ही समूह से जुड़े थे।

12 सितंबर की बैठक के बाद कनिष्क फाउंडेशन के अध्यक्ष संजय लाजर ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को 16 सितंबर को पत्र लिखकर संभावित कदम का विरोध किया। लाजर स्वयं इस हमले में अपने माता-पिता और शिशु बहन को खो चुके हैं। उन्होंने पत्र में कहा कि जांच को छोड़ने, जांच दल का आकार घटाने और मामले को 'इनएक्टिव' करने की संभावित योजना से परिवारों में गहरा आक्रोश और पीड़ा पैदा हुई। रिपोर्टों के मुताबिक बैठक में कई परिवारजन भावुक हो गए।

परिवारों की आपत्ति का मूल प्रश्न सीधा है–यदि जांचकर्ताओं के पास फिलहाल आगे बढ़ने के लिए पर्याप्त नए सुराग नहीं हैं, तो क्या इसका अर्थ यह है कि जांच को ही सीमित कर दिया जाए? क्या चार दशक पुरानी जांच में नए सिरे से तकनीकी, खुफिया और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की संभावनाएं समाप्त हो चुकी हैं? और यदि ऐसा माना जा रहा है तो कनाडा सरकार को यह स्पष्ट करना चाहिए कि अब तक कौन-कौन से संभावित रास्ते आजमाए गए और किन आधारों पर यह निष्कर्ष निकाला गया कि आगे जांच से कोई नया तथ्य सामने आने की संभावना नहीं है।

यही वह बिंदु है जहां कनिष्क मामले की पुरानी जांच व्यवस्था फिर सवालों के घेरे में आती है।

कनिष्क कांड पर कनाडा सरकार ने बाद में न्यायमूर्ति जॉन मेजर की अध्यक्षता में जांच आयोग गठित किया था। आयोग का दायरा केवल विस्फोट की आपराधिक जांच तक सीमित नहीं था। उसे आतंकवादी खतरे के आकलन, खुफिया एजेंसियों और पुलिस के बीच सहयोग, खुफिया जानकारी को आपराधिक मुकदमे में उपयोगी साक्ष्य में बदलने की समस्या, गवाहों की सुरक्षा और विमानन सुरक्षा सहित कई मुद्दों की जांच करनी थी।

जस्टिस मेजर आयोग की रिपोर्ट ने आरसीएमपी और कनाडाई सुरक्षा खुफिया सेवा यानी सीएसआईएस के बीच समन्वय, खुफिया जानकारी और आपराधिक साक्ष्य के बीच संबंध तथा स्रोत और गवाह सुरक्षा जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। रिपोर्ट में जांच की कई संस्थागत कमियों को रेखांकित किया गया था।

इसलिए कनिष्क कांड को केवल आतंकवादियों की साजिश के रूप में देखना अधूरा होगा। यह कनाडा की सुरक्षा और खुफिया व्यवस्था की उन कमियों का भी मामला रहा है, जिनकी जांच स्वयं कनाडा सरकार ने कराई थी। कनाडा सरकार की अपनी प्रतिक्रिया में भी कहा गया था कि 1985 के हमले की सबसे बड़ी और जटिल जांच के बावजूद जिम्मेदार लोगों को पूरी तरह न्याय के कटघरे तक लाने में सफलता नहीं मिली और बाद की समीक्षाओं ने भी परिवारों के कई सवालों का समाधान नहीं किया।

कनिष्क कांड में आपराधिक मुकदमों का इतिहास भी इस मामले की जटिलता बताता है। इंदरजीत सिंह रेयात को विस्फोटों से जुड़े मामलों में दोषी ठहराया गया। 2003 में उसने एयर इंडिया 182 के पीड़ितों की मौत के मामले में मानव वध का अपराध स्वीकार किया। बाद में रिपुदमन सिंह मलिक और अजयब सिंह बागरी के खिलाफ मुकदमा चला, लेकिन 2005 में दोनों बरी हो गए। कनाडा के अभिलेखों के अनुसार इसके बाद किसी अन्य व्यक्ति पर आरोप नहीं लगाया गया।

यही कारण है कि पीड़ित परिवारों के लिए सवाल आज भी बना हुआ है कि विमान में बम रखने और इतनी बड़ी साजिश को अंजाम देने वाले पूरे नेटवर्क की जवाबदेही आखिर कहां तक पहुंची। एक व्यक्ति की दोषसिद्धि और अन्य आरोपितों के बरी होने के बाद भी उस व्यापक षड्यंत्र के कई पहलू अनुत्तरित रह गए। यहां कनाडा सरकार और आरसीएमपी के सामने सबसे बड़ा प्रश्न यही है कि यदि पुराने सुराग कमजोर पड़ चुके हैं तो क्या जांच बंद करना ही एकमात्र रास्ता है? जांच की तकनीक 1985 जैसी नहीं रही। डीएनए, डिजिटल रिकॉर्ड, अंतरराष्ट्रीय खुफिया सहयोग, वित्तीय लेनदेन की आधुनिक जांच और पुराने दस्तावेजों के नए सिरे से विश्लेषण ने दुनिया भर में पुराने मामलों की जांच के तरीके बदले हैं। ऐसे में यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि कनिष्क मामले के उपलब्ध पुराने साक्ष्यों और दस्तावेजों की आधुनिक तकनीक के साथ दोबारा समीक्षा की गई है या नहीं।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

# कचरे के ढेर पर बढ़ते शहर

डॉ. प्रियंका सौरभ

भारत में तेजी से बढ़ता शहरीकरण आर्थिक विकास, रोजगार और बेहतर जीवनस्तर के अवसर तो पैदा कर रहा है लेकिन इसके साथ उत्पन्न होने वाले ठोस अपशिष्ट का वैज्ञानिक प्रबंधन अभी भी बड़ी चुनौती बना हुआ है। अनियोजित शहरी विस्तार, बढ़ती जनसंख्या, बदलती जीवनशैली, उपभोक्तावाद और एकल-उपयोग वाली वस्तुओं के बढ़ते इस्तेमाल ने शहरों में कचरे की मात्रा और विविधता दोनों को बढ़ा दिया है। अनेक शहरों में कचरे का संग्रहण, परिवहन और निस्तारण अभी भी मुख्यतः 'कलेक्ट-ट्रांसपोर्ट-डंप' मॉडल पर आधारित है। इसका परिणाम खुले में कचरा फेंकने, जलाने, जल स्रोतों के प्रदूषण, दुर्गंध, वायु प्रदूषण और लैंडफिल के बढ़ते दबाव के रूप में सामने आता है। इसलिए भारत के सामने चुनौती केवल कचरा हटाने की नहीं बल्कि उसे संसाधन में बदलने की है।

भारत के ठोस अपशिष्ट की प्रकृति अत्यंत विविध है। घरेलू और व्यावसायिक गतिविधियों से निकलने वाला नगरपालिका ठोस अपशिष्ट इसका सबसे बड़ा हिस्सा है, जिसमें भोजन और अन्य जैविक पदार्थों के साथ कागज, प्लास्टिक, कांच, धातु, कपड़ा और पैकेजिंग सामग्री शामिल होती है। जैविक कचरे की बड़ी मात्रा भारत के लिए चुनौती के साथ अवसर भी है क्योंकि इससे खाद और बायोगैस का उत्पादन किया जा सकता है। प्लास्टिक अपशिष्ट दूसरी बड़ी समस्या है। विशेषकर मल्टी-लेयर पैकेजिंग और एकल-उपयोग प्लास्टिक का पुनर्चक्रण कठिन होता है तथा इनके नालियों, नदियों और समुद्रों तक पहुंचने की संभावना रहती है। निर्माण एवं विध्वंस से निकलने वाला मलबा भी तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें कंक्रीट, ईंट, पत्थर, टाइल, लकड़ी और धातु शामिल हैं। इसका वैज्ञानिक पुनर्चक्रण कर सड़क निर्माण तथा नए निर्माण में उपयोग किया जा सकता है।

इसके अतिरिक्त जैव-चिकित्सीय कचरा, ई-कचरा और खतरनाक औद्योगिक कचरा विशेष सावधानी की मांग करते हैं। अस्पतालों से निकलने वाले संक्रमित पदार्थ, सुइयां, दूषित प्लास्टिक और औषधीय अवशेष यदि सामान्य कचरे के साथ मिल जाएं तो स्वास्थ्यकर्मियों, कचरा बीनने वालों और आम नागरिकों के लिए गंभीर खतरा पैदा कर सकते हैं। इसी प्रकार कंप्यूटर, मोबाइल फोन, बैटरी और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाले ई-कचरे में मूल्यवान धातुओं के साथ सीसा, पारा और अन्य हानिकारक पदार्थ भी हो सकते हैं। रसायन, सॉल्वेंट, पेंट और औद्योगिक अवशेष जैसे खतरनाक अपशिष्ट को सामान्य नगरपालिका कचरे से अलग रखना आवश्यक है। इस संकट से निपटने का पहला और सबसे महत्वपूर्ण तकनीकी उपाय स्रोत पर कचरे का पृथक्करण है। गीले, सूखे और खतरनाक कचरे को अलग-अलग रखने से आगे की पूरी प्रबंधन प्रक्रिया अधिक प्रभावी बनती है। जीपीएस आधारित कचरा वाहन, सेंसरयुक्त स्मार्ट बिन, आरएफआईडी तकनीक और डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली संग्रहण व्यवस्था को अधिक पारदर्शी और कुशल बना सकती हैं। लेकिन यह समझना जरूरी है कि तकनीक नागरिक अनुशासन का विकल्प नहीं है। यदि घर और संस्थान स्तर पर कचरा अलग नहीं किया जाएगा तो अत्याधुनिक प्रसंस्करण संयंत्र भी अपेक्षित परिणाम नहीं दे पाएंगे।

जैविक कचरे के लिए कम्पोस्टिंग और बायोमिथेनेशन महत्वपूर्ण समाधान हैं। कम्पोस्टिंग के माध्यम से जैविक कचरे को उपयोगी जैविक खाद में बदला जा सकता है, जबकि एनारोबिक डाइजेशन से बायोगैस और जैविक अवशेष प्राप्त होते हैं। इससे लैंडफिल पर दबाव कम होने के साथ ऊर्जा और कृषि के लिए उपयोगी संसाधन प्राप्त होते हैं। बड़े शहरों में विकेंद्रीकृत कम्पोस्टिंग तथा बायोगैस संयंत्र परिवहन लागत और कचरे के अनावश्यक स्थानांतरण को भी कम कर सकते हैं।

सूखे कचरे के लिए मैटेरियल रिकवरी फैसिलिटी अत्यंत उपयोगी हैं। इनमें कन्वेयर बेल्ट, चुंबकीय पृथक्करण, एयर क्लासिफायर, ऑप्टिकल सॉर्टिंग और आधुनिक सेंसर तकनीक के माध्यम से कागज, धातु और विभिन्न प्रकार के प्लास्टिक को अलग किया जा सकता है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और कंप्यूटर विजन आधारित प्रणालियां भविष्य में स्वचालित छंटाई को और अधिक प्रभावी बना सकती हैं। हालांकि, पुनर्चक्रण योग्य सामग्री में गीले कचरे के मिश्रण से उसकी गुणवत्ता और आर्थिक उपयोगिता कम हो जाती है। इसलिए स्रोत पर पृथक्करण इस पूरी तकनीकी श्रृंखला की बुनियादी शर्त है। प्लास्टिक कचरे के लिए यांत्रिक पुनर्चक्रण अपेक्षाकृत साफ और समान प्रकार के प्लास्टिक में प्रभावी है। कठिन प्लास्टिक के लिए कुछ रासायनिक पुनर्चक्रण तथा पायरोलिसिस तकनीकों का उपयोग किया जा सकता है। इनसे ईंधन अथवा रासायनिक कच्चा माल प्राप्त करने की संभावना रहती है लेकिन इनकी ऊर्जा आवश्यकता, लागत और पर्यावरणीय प्रभाव का जीवन-चक्र मूल्यांकन आवश्यक है। केवल तकनीकी रूप से संभव होना किसी समाधान को स्वतः टिकाऊ नहीं बनाता। कचरे से ऊर्जा उत्पादन भी एक महत्वपूर्ण विकल्प है। नियंत्रित दहन और रिफ्यूज-डिराइव्ड फ्यूल तकनीक के माध्यम से ऐसे अवशिष्ट कचरे से ऊर्जा प्राप्त की जा सकती है जिसे पुनर्चक्रित या जैविक रूप से संसाधित नहीं किया जा सकता। आधुनिक उत्सर्जन नियंत्रण प्रणालियां प्रदूषकों को नियंत्रित करने में सहायता करती हैं। लेकिन भारत के मिश्रित और अधिक नमी वाले नगरपालिका कचरे की ऊष्मीय क्षमता कई बार कम होती है। इसलिए बिना पृथक्करण के पूरे मिश्रित कचरे को जलाना उचित रणनीति नहीं माना जा सकता। ऊर्जा उत्पादन को पुनर्चक्रण और जैविक प्रसंस्करण का विकल्प नहीं बल्कि उनके बाद बचने वाले अवशिष्ट कचरे के प्रबंधन का साधन माना जाना चाहिए।

अंततः वैज्ञानिक लैंडफिल की आवश्यकता बनी रहती है क्योंकि हर प्रकार के कचरे का पुनर्चक्रण संभव नहीं है। इंजीनियर्ड लैंडफिल में लाइनर, लीचेट संग्रहण, गैस कैप्चर और भूजल निगरानी जैसी व्यवस्थाएं प्रदूषण को सीमित करती हैं। भारत में पुराने कचरा स्थलों के लिए बायोमाइनिंग और बायोरिमेडिएशन भी उपयोगी तकनीकें हैं, जिनके माध्यम से पुराने कचरे से पुनर्चक्रण योग्य सामग्री निकाली जा सकती है और भूमि को पुनः उपयोग में लाया जा सकता है।

**(यह लेखिका के अपने विचार हैं।)**

### कोरस


संजय एम तराणेकर

## बेटी होने की सज़ा क्यों?

आज़ादी को गुज़रे दशकों का लंबा दौर हुआ,
बेटी के जन्म पर क्यों मन में कोई शोर हुआ?
बेटे की चाहत में बेटी यूं बोझ समझ ली जाए,
ममतामई कोख से कली क्यों? मिटाई जाए?

जिस घर बेटी जन्मे, वहाँ खुशियों के दीप जलें,
वह आँगन हँसी से महके, सपनों को पंख मिलें।
बेटा या बेटी, दोनों जीवन की अनमोल सौगात,
फिर क्यों लिंग के तराजू पे तौली जाती है बात?

एक बेटी सिर्फ बेटी नहीं, वह कल की माँ भी है,
किसी घर की रोशनी, दूसरे घरों की शान भी है।
दुर्भाग्य ये नहीं कि लोग आज भी बेटा चाहते हैं,
ये दुर्भाग्य है कुछ लोग बेटी को जीने नहीं देते हैं।

आईए सोच बदलें उन बेटियों को अधिकार मिले,
जिस धरती पर जन्मी, उस धरती पे संसार मिले।
हर एक बेटी को स्नेह व सम्मान का आधार मिले,
नवयुग में बेटी को पाकर परिवार में चेहरे खिले।

*(संदर्भ – हाई कोर्ट : यह दुर्भाग्यपूर्ण कि आज भी लोग बेटा ही चाहते हैं)*



# पैसा नहीं, भरोसा है यूपीआई की सबसे बड़ी पूंजी

योगेश कुमार गोयल

जिस यूपीआई ने भारत में भुगतान की आदत बदल दी, अब उसी यूपीआई की अर्थव्यवस्था बदलने जा रही है। मोबाइल निकाला, क्यूआर कोड स्कैन किया और भुगतान हो गया, न नकदी की जरूरत, न खुले पैसे की चिंता और न किसी अतिरिक्त शुल्क का झंझट। चाय की दुकान से लेकर मॉल तक, रेहड़ी-पटरी वाले से लेकर बड़े कारोबारी प्रतिष्ठानों तक यूपीआई भारतीय जीवन का हिस्सा बन चुका है। ऐसे में 15 अक्टूबर से 2,000 रुपये से अधिक के चुनिंदा पर्सन-टू-मर्चेंट (पी2एम) लेन-देन पर 0.4 प्रतिशत मर्चेंट डिस्काउंट रेट (एमडीआर) लागू करने का निर्णय केवल भुगतान उद्योग का व्यावसायिक निर्णय नहीं है बल्कि यह भारत की डिजिटल अर्थव्यवस्था के भविष्य से जुड़ा सवाल है। इसलिए पहले सभी प्रकार के भ्रम दूर होने चाहिए।

फिलहाल ग्राहक के बैंक खाते से 0.4 प्रतिशत शुल्क नहीं कटेगा, यह एमडीआर व्यापारी से लिया जाना है। 2,000 रुपये तक के पी2एम लेन-देन इससे बाहर रहेंगे और पर्सन-टू-पर्सन यानी पी2एम भुगतान राशि की परवाह किए बिना मुफ्त रहेंगे। सरकार के अनुसार लगभग 96 प्रतिशत पी2एम लेन-देन भी इस व्यवस्था से प्रभावित नहीं होंगे। 75,000 रुपये या उससे अधिक के पात्र लेन-देन पर एमडीआर की अधिकतम सीमा 300 रुपये होगी। अर्थात आज की स्थिति में यह कहना गलत होगा कि 2,000 रुपये से ज्यादा का यूपीआई भुगतान करने पर ग्राहक को सीधे 0.4 प्रतिशत देना पड़ेगा।

यहीं से एक बड़ा सवाल जन्म लेता है कि क्या किसी शुल्क का ग्राहक से सीधे न लिया जाना यह गारंटी देता है कि उसका अंतिम आर्थिक बोझ ग्राहक तक नहीं पहुंचेगा? इसका उत्तर बाजार के व्यवहार में छिपा है। व्यापारी से शुल्क लिया जाएगा तो वह इसे अपने खर्च में जोड़ेगा। कोई व्यापारी अपना मार्जिन घटाकर लागत वहन कर सकता है, कोई वस्तु या सेवा की कीमत में उसे समायोजित कर सकता है और कोई ग्राहक को नकद भुगतान की ओर आकर्षित कर सकता है। यूपीआई की असली ताकत उसकी तकनीक भर नहीं है बल्कि उसकी असली ताकत उसकी सहजता, गति और कम लागत है। यदि भुगतान से पहले नागरिक को यह सोचना पड़े कि कौन-सा माध्यम सस्ता है, किस राशि पर शुल्क लगेगा और व्यापारी उससे कितना अतिरिक्त पैसा मांगेगा तो डिजिटल भुगतान की सरलता पर चोट होगी।

यहां सरकार के सामने एक वास्तविक चुनौती भी है। माना कि इतना विशाल भुगतान नेटवर्क मुफ्त में नहीं चलता। लगातार बढ़ते लेन-देन के साथ सर्वर, नेटवर्क, साइबर सुरक्षा, धोखाधड़ी रोकथाम, तकनीकी रखरखाव और डिजिटल अवसंरचना पर भारी खर्च होता है। वर्षों तक यूपीआई पर शून्य एमडीआर की व्यवस्था में इस लागत का बड़ा हिस्सा बैंक, भुगतान कंपनियां और सरकार वहन करते रहे हैं। इसलिए यूपीआई को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाने के लिए कोई मॉडल तलाशना अपने आप में गलत नहीं है। लेकिन टिकाऊपन के नाम पर जनता की जेब को स्थायी राजस्व स्रोत बना देना भी स्वीकार्य नहीं होना चाहिए। यहीं बर्नस्टीन का अनुमान महत्वपूर्ण हो जाता है। उसके आकलन के अनुसार, यदि यूपीआई के कुल ट्रांजैक्शन मूल्य के आधे हिस्से पर 40 बेसिस प्वाइंट यानी 0.4 प्रतिशत एमडीआर लगाया जाए तो वित्त वर्ष 2028 तक लगभग 22,000 करोड़ रुपये का वार्षिक राजस्व पूल बन सकता है। उसके अनुमान के अनुसार, इसमें बैंकों और भुगतान ऐप्स की हिस्सेदारी भी बड़ी होगी। यह कोई सरकारी राजस्व अनुमान नहीं बल्कि एक बाजार विश्लेषण है लेकिन यह जरूर बताता है कि यूपीआई अब केवल सुविधा नहीं बल्कि बहुत बड़ा आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र बन चुका है।

यूपीआई के आंकड़े इसकी ताकत बताते हैं। 2016-17 में जहां यूपीआई लेन-देन लगभग दो करोड़ थे और उनका मूल्य करीब 7,000 करोड़ रुपये था, वहीं 2025-26 में लेन-देन बढ़कर लगभग 24,162 करोड़ और कुल मूल्य करीब 314 लाख करोड़ रुपये पहुंच गया। एक दशक में हुई यह छलांग बताती है कि यूपीआई अब भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ जैसी डिजिटल अवसंरचना बन चुका है और जब कोई व्यवस्था इतनी बड़ी हो जाए तो उसके नियमों में छोटा बदलाव भी बड़ा प्रभाव पैदा कर सकता है। संख्या के लिहाज से 2,000 रुपये से अधिक के भुगतान कुल लेन-देन में छोटा हिस्सा हो सकते हैं लेकिन उनकी कुल वैल्यू बहुत बड़ी है। यानी नीति निर्माताओं ने फिलहाल ऐसी श्रेणी चुनी है, जहां अपेक्षाकृत




कम संख्या में लेन-देन से भुगतान नेटवर्क की लागत का बड़ा हिस्सा निकाला जा सकता है और रोजमर्रा के छोटे भुगतान को बचाया जा सकता है। यह संतुलन बनाए रखना ही असली चुनौती है। छोटे दुकानदार और रेहड़ी-पटरी वाले यूपीआई के सबसे बड़े लाभार्थियों में हैं। उनके लिए डिजिटल भुगतान सुविधा भी है और कारोबार बढ़ाने का माध्यम भी। यदि भुगतान स्वीकार करने की लागत बढ़ती है तो उसका असर उनके छोटे-छोटे मार्जिन पर पड़ सकता है। इसलिए छोटे व्यापारियों के लिए उपलब्ध छूट और सुरक्षा प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। दूसरी चिंता पारदर्शिता की है। यदि एमडीआर लागू हो रहा है तो जनता को यह साफ-साफ बताया जाना चाहिए कि उससे प्राप्त रकम का आर्थिक ढांचा क्या होगा, किस हिस्से से किस पक्ष की लागत पूरी होगी और भुगतान अवसंरचना को मजबूत करने में इसका कितना उपयोग होगा। जनता पर लागत डालने से पहले जनता को हिसाब मिलना चाहिए। तीसरी और सबसे बड़ी चिंता भविष्य की है। आज सीमा 2,000 रुपये है। आज शुल्क व्यापारी देता है। आज पी2एम भुगतान मुफ्त है। इन तीनों तथ्यों को स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाना चाहिए लेकिन इसी के साथ यह भी समझना होगा कि किसी भी आर्थिक व्यवस्था में शुल्क संरचना स्थिर रहने की गारंटी स्वतः नहीं होती। भविष्य में यदि कोई बदलाव प्रस्तावित होता है तो उसे अलग से नीति, सार्वजनिक बहस और स्पष्ट सरकारी निर्णय के रूप में देखा जाना चाहिए। वर्तमान व्यवस्था से यह निष्कर्ष निकालना कि अब हर यूपीआई भुगतान पर शुल्क लगना तय है, तथ्यात्मक रूप से उचित नहीं होगा लेकिन इस आशंका को पूरी तरह नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता।

डिजिटल भुगतान का भरोसा बहुत मुश्किल से बनता है और बहुत आसानी से कमजोर हो सकता है। नागरिकों को यदि लगे कि जिस सुविधा को अपनाने के लिए उसे वर्षों तक प्रोत्साहित किया गया, अब उसी सुविधा के लिए धीरे-धीरे भुगतान करना पड़ेगा तो सवाल केवल कुछ रुपयों का नहीं रहेगा बल्कि सवाल यह होगा कि डिजिटल भारत की लागत आखिर कौन चुका रहा है? सरकार को इसलिए एक स्पष्ट लक्ष्मण रेखा खींचनी होगी। छोटे भुगतान मुफ्त रहें, पी2एम भुगतान मुफ्त रहे, छोटे व्यापारियों पर अतिरिक्त बोझ न पड़े और सबसे महत्वपूर्ण यह कि भविष्य में शुल्क संरचना में कोई बदलाव हो तो वह पारदर्शी तरीके से हो, न कि धीरे-धीरे ऐसी व्यवस्था के रूप में, जिसमें नागरिक को हर डिजिटल भुगतान पर किसी न किसी शुल्क का सामना करना पड़े। यूपीआई को राजस्व का स्रोत बनाने की जल्दबाजी डिजिटल क्रांति के मूल उद्देश्य को कमजोर कर सकती है। भारत ने नकदी से डिजिटल भुगतान की ओर आने के लिए नागरिकों को प्रेरित किया। छोटे दुकानदारों को क्यूआर कोड दिए गए। बैंकों और भुगतान कंपनियों ने डिजिटल भुगतान को सामान्य जीवन का हिस्सा बनाया। अब इस पूरी यात्रा की सबसे बड़ी पूंजी जनता का भरोसा है। उस भरोसे की कीमत किसी एमडीआर से कहीं ज्यादा है। सरकार के लिए असली कसौटी यह नहीं होनी चाहिए कि यूपीआई से कितने हजार करोड़ रुपये कमाए जा सकते हैं बल्कि कसौटी यह होनी चाहिए कि यूपीआई को आर्थिक रूप से टिकाऊ बनाते हुए आम आदमी के लिए उसे सस्ता, सरल और भरोसेमंद कैसे रखा जाए।

**(यह लेखक के अपने विचार हैं।)**

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### गणपति के भजनों पर झूमे श्रद्धालु, देर रात तक गूंजे जयकारे



बांदा। गणेश महोत्सव के छठवें दिन गणेश भवन में भजनों की संगीतमय धुनों पर श्रद्धालु भावविभोर होकर झूम उठे। कार्यक्रम में देवा श्री गणेशा... और गौरा के ललना... जैसे भजनों की अमृत वर्षा हुई। दिल्ली की गायिका ने भजनों की प्रस्तुतियां देकर समां बांधा। नटराज संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम के जरिए छटा बिखेरी। शहर के शास्त्री नगर स्थित गणेश भवन में नूतन बाल समाज के तत्वाधान में आयोजित गणेश उत्सव के छठवें दिन शुक्रवार की रात विभिन्न सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं हुईं। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत दिल्ली की भजन गायिका शर्मिला पांडेय ने भगवान श्रीगणेश पर आधारित गीत व भजनों से किया। उनके भजनों ने दर्शकों को खड़े होकर तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। तालियों की तड़तड़ाहट से पूरा पंडाल गूंज उठा। शास्त्रीय गायक नंदकिशोर ने पुरानी गायन कला को ताजा कर दिया। नटराज संगीत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं सौम्या कुशवाहा, प्रियांशी सागर, आर्या गुप्ता, खुशबू, रिया सिंह गौर, अनन्या सिंह पटेल, नव्या तिवारी, शुभांशी, अंशिका, मान्या, आरव, रोहित, शिवम, शानवी ने विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से छटा बिखेरी। छात्र-छात्राओं ने श्रीगणेश स्तुति वंदना के साथ विश्वनाथ तेरी महिमा अपरंपार व सत्यम शिवम सुंदरम गीत प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को शिवमय बना दिया। शबरी के बेर नाटक में कलाकारों ने भगवान राम व लक्ष्मण के मूर्ति रूप में सुन्दर छटा बिखेरकर राममय वातावरण बना दिया। जय श्रीराम के जयकारों से पूरा पंडाल गूंज उठा।

### विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान



बांदा। सपा की ओर से तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के पिपरगवां गांव में आयोजित पीडीए पंचायत में कार्यकर्ताओं को विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया गया। कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और जनता के बीच सक्रिय रहने पर जोर दिया गया। तिंदवारी विधान सभा क्षेत्र के पिपरगवां गांव में आयोजित पीडीए पंचायत में पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रामलाल प्रजापति ने कहा कि पीडीए की आवाज को मजबूत करने और सामाजिक न्याय के मुद्दों को जनता तक पहुंचाने के लिए कार्यकर्ताओं को लगातार जनसंपर्क करना होगा। उन्होंने महंगाई और कानून-व्यवस्था समेत विभिन्न मुद्दों को लेकर प्रदेश सरकार पर निशाना साधा। भाजपा सरकारों पर प्रजापति समाज के साथ अपमानजनक व्यवहार किए जाने का आरोप लगाया। बबेरू विधायक विशंभर सिंह यादव ने पूर्ववर्ती सपा सरकार की नीतियों का बखान करते हुए कार्यकर्ताओं को पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। कार्यक्रम संयोजक रामलाल प्रजापति ने भरोसा दिलाया 2027 में प्रदेश में एक बार फिर से सपा सरकार बनी तो विधानसभा क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायत में विकास की गंगा बहेगी। इस मौके पर पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेंद्र सिंह वर्मा, किरण वर्मा, विजयकरण यादव, प्रमोद गुप्ता राजा, कुदरत उल्ला खां, वीरेंद्र गुप्ता बाबू, शिवाकांत प्रजापति, बृजेश पटेल, अजय चौहान दादा, इरफान खान, विरैया प्रजापति समेत तमाम ग्रामीण उपस्थित रहे।

### चारा काटने खेत गई वृद्धा की गला दबाकर हत्या

अतर्रा। चारा काटने खेत गई वृद्धा की अज्ञात लोगों ने गला दबाकर हत्या कर दी। नाक में पहनी सोने की पुंगरी लूट कर हत्यारे फरार हो गया। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो डॉक्टरों के पैनल ने वीडियोग्राफी के साथ शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। बता दें कि थाना क्षेत्र के खम्हौरा गांव के मजरा अहिरन पुरवा निवासी किशोरी देवी (70) पत्नी स्व.रामकृपाल शुक्रवार को शाम राजकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के पीछे स्थित खेत चारा काटने गई थी। इसी बीच एक युवक ने वृद्धा का गला पकड़ कर जमीन में पटक दिया। उसकी जमकर पिटाई की। नाक में पहने सोने की पुंगरी लूट कर युवक फरार हो गया। ग्रामीणों ने देखा तो उसे पहचान लिया। सीएचसी में उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के होमगार्ड पुत्र विजय पाल ने बताया कि मां किसानी करके अपने परिवार का भरण पोषण करती थी। घटना को लेकर थाना पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

### वन विभाग ने सागौन की लकड़ी से भरा ट्रक पकड़ा

नरैनी। कीमती सागौन की लकड़ी से भरे ट्रक को वन कर्मियों ने पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रक चालक से डेढ़ लाख रुपये का जुर्माना वसूल करने के बाद छोड़ दिया गया। लकड़ी कटान करने वाले और खरीददार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई है। क्षेत्र में लगातार अवैध लकड़ी का कटान और परिवहन का काम शुरू है। चोरी छिपे लकड़ी माफिया अपना माल निकालने में जुटे रहते हैं। इसी क्रम में कोतवाली क्षेत्र स्थित जमवारा गांव के पास अवैध सागौन सहित अन्य प्रतिबंधित लकड़ी लोड किए जा रहे ट्रक को वन दरोगा देवांशु सिंह ने खुरहंड गांव के पास पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रक को जिला मुख्यालय ले जाकर खड़ा करवाया। वन विभाग रेंजर आकांक्षा गुप्ता ने बताया कि कर्नाटक प्रांत के निवासी मंजू नाथ के विरुद्ध डेढ़ लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। कोतवाली पुलिस ने एक ट्रक सागौन की लकड़ी पकड़ी है। उप निरीक्षक ने लकड़ी चोर और खरीददार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के उप निरीक्षक दिलीप कुमार यादव ने बताया कि सागौन की लकड़ी भरा ट्रक बांदा की ओर जाते समय पकड़ा गया था। ट्रक चालक लकड़ी की चालानी रिपोर्ट आदि नहीं दिखा पाए। ट्रक और चालक को कब्जे में लेकर लकड़ी कटान कराने वाले कमल किशोर और लकड़ी व्यापारी प्रदीप साहू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

### आत्मनिरीक्षण और आत्मशुद्धि का अवसर है पर्युषण पर्व

बांदा। जैन समाज ने पर्युषण पर्व के चौथे दिन शनिवार को जैन धर्मावलंबियों ने उत्तम शौच धर्म की आराधना की। साथ ही भगवान का मस्तकाभिषेक के साथ तमाम धार्मिक अनुष्ठान हुए। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से नृत्य करते हुए पवित्र ग्रंथ मां जिनवाणी की आरती उतारी। प्रवचन में बाल ब्रह्मचारी पंडित नन्हें भइया ने उत्तम शौच धर्म का महत्व बताया। कहा कि शौच का अर्थ केवल शरीर की स्वच्छता नहीं, बल्कि मन को लोभ, राग-द्वेष से मुक्त करना है। जब मन में संतोष और आत्मिक पवित्रता आती है, तभी उत्तम शौच धर्म की वास्तविक साधना होती है। मनुष्य बाहरी शुद्धता के लिए स्नान करता है, तीर्थों और पवित्र स्थलों पर जाता है, मंदिरों में पूजा-अर्चना करता है, लेकिन केवल इन क्रियाओं से आत्मा की शुद्धि नहीं होती। आत्मा की वास्तविक शुद्धि अपने भीतर के विकारों को दूर करने से होती है। लोभ मनुष्य को कभी संतुष्ट नहीं होने देता। जितना मिलता है, उससे अधिक पाने की इच्छा बनी रहती है। संतोष को अपनाना और लोभ का त्याग करना उत्तम शौच धर्म का महत्वपूर्ण संदेश है। कहा कि राम-राम जपना, तप करने व माथे पर चंदन लगाने से ही मन पवित्र नहीं होता। पर्युषण पर्व आत्मनिरीक्षण और आत्मशुद्धि का अवसर है।

### स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव को लेकर तैयारियां पर की चर्चा

बांदा। बैठक में जिलाधिकारी अमित आसेरी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार रिटर्निंग आफीसर इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र एवं आयुक्त झांसी मंडल के पत्र द्वारा विधान परिषद के द्विवार्षिक निर्वाचन के संबंध में तैयार किए गए मतदेय स्थलों के प्रस्तावित प्रारूप पर राजनैतिक दलों की सहमति से तैयार कर आगामी 25 सितंबर तक आयोग को अनुमोदन के लिए भेजे जाने हैं। उन्होंने बताया कि इलाहाबाद-झांसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जनपद इलाहाबाद, कौशांबी, फतेहपुर, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, महोबा, जालौन, उरई, झांसी एवं ललितपुर समेत 10 जनपद शामिल हैं। मतदाता सूची जिसका अंतिम प्रकाशन बीती 6 जनवरी को हो चुका है, जिसमें वर्तमान में जनपद में पुरुष 14220, महिला 5520 कुल 19740 स्नातक मतदाता है। प्रत्येक मतदेय स्थल के लिए 16 किलोमीटर के अंदर मतदेय स्थल स्थापित है। इस तरह जनपद में 14 मतदान केंद्र व 18 मतदेय स्थल आयोग द्वारा अनुमोदित है। इन्हीं को मतदेय स्थल बनाया जाना प्रस्तावित है। सभी उपस्थित राजनैतिक दलों ने मतदेय स्थलों की सूची का अवलोकन कर अपनी सहमति व्यक्त की है।

# लेखपाल का वेतन बाधित, भूमि विवादों में लापरवाही पर डीएम सख्त

**समृद्धि न्यूज, गरौठा (झाँसी)।**



तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी गौरांग राठी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने शिकायतें सुनीं और अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। विधायक गरौठा जवाहर लाल राजपूत भी मौजूद रहे।

भूमि संबंधी शिकायतें अधिक मिलने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी जताते हुए कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण नहीं होने के कारण मामले दोबारा सामने आ रहे हैं। उन्होंने एसडीएम, सीओ, राजस्व अधिकारियों और लेखपालों को प्रत्येक गांव में अभियान चलाकर निजी व सरकारी भूमि तथा चकरोड से अवैध कब्जे हटाने के निर्देश दिए। पैमाइश और पत्थरगड्डी के बाद दोबारा कब्जा करने वालों के खिलाफ ऐसी कार्रवाई करने को कहा, जो नजीर बने। ग्राम सिया की रामदेवी पत्नी स्व. नृपत उर्फ बलराम ने खतौनी में पति का नाम नृपत और आधार कार्ड में बलराम दर्ज होने की शिकायत की। नामांतरण में लापरवाही की शिकायत पर डीएम ने लेखपाल शशांक गर्ग का वेतन बाधित करने तथा अन्य लंबित प्रकरणों की जांच कर निस्तारण के निर्देश दिए।

# मंदिरों व घरों में गूंजे राधा रानी के जयकारे

- मटकी फोड़ कार्यक्रमों में दिखा उत्साह
- भक्ति के रंग में रंगा रहा समथर

**समृद्धि न्यूज, समथर (झाँसी)।**



कस्बे में शनिवार को राधा रानी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिरों से लेकर श्रद्धालुओं के घरों तक विशेष पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रम आयोजित हुए। दिनभर राधा रानी के जयकारों से नगर का माहौल भक्तिमय बना रहा।राधा रानी मंदिर, नागाजी मंदिर सहित विभिन्न धार्मिक स्थलों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर दर्शन किए और सुख-समृद्धि की कामना की। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम भी हुए।नगर में राज किशोर चचोदिया, बृजभूषण नागईज, रविंद्र नागईज, समीर नीखारा, ओम प्रकाश गुबरेले, सुनील गुप्ता, दर्शन यादव और सचिन लुकमान सहित श्रद्धालुओं के घरों पर भी जन्मोत्सव मनाया गया।

## शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही शिकायत के वास्तविक निस्तारण की कसौटीः डीएम



**समृद्धि न्यूज, उरई (जालौन)।**

तहसील कोंच में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम समीर व एसपी विनय कुमार सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता व संवेदनशीलता के साथ सुना। डीएम ने प्रत्येक शिकायत के प्रभावी निस्तारण पर जोर देते हुए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहें, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही असली शिकायत के निस्तारण की कसौटी है।

इस दौरान कुल 62 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 7 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

शेष शिकायतों को संबंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए सौंपा गया।उन्होंने विशेष रुप से निर्देश दिए कि जिन मामलों में मौके पर जांच आवश्यक है, उनमें अधिकारी स्वयं अथवा सक्षम टीम के माध्यम से स्थल का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का परीक्षण करें और नियमानुसार कार्रवाई करें।उन्होंने कहा कि कई शिकायतें ऐसी होती हैं जिनका समाधान एक ही विभाग के स्तर से संभव नहीं होता। ऐसे मामलों में संबंधित विभाग आपसी समन्वय व संयुक्त प्रयास के साथ शिकायतों का निस्तारण करें।

एसपी ने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित पुलिस अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का नियमानुसार परीक्षण कर प्रभावी कार्रवाई की जाए साथ ही राजस्व से जुड़े विवादों में संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर मौके पर समाधान कराया जाए।

## भगवान पुष्पदंत का निर्वाण कल्याणक महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया



**समृद्धि न्यूज, बरुआसागर (झाँसी)।**

नौवें तीर्थंकर 1008 भगवान पुष्पदंत का निर्वाण कल्याणक महोत्सव मंदिर परिसर में श्रद्धा और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। सुबह से ही बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। कार्यक्रम का शुभारंभ अभिषेक पाठ से हुआ, जिसका वाचन राकेश जैन रोशन ने किया। इसके बाद महायज्ञ नायक, यज्ञ नायकों और श्रावकों ने भगवान पुष्पदंत का अभिषेक व पूजन किया।उत्तम आर्जव धर्म के अवसर पर धार्मिक बोलियां लगाई गईं। शांति धारा का सौभाग्य डॉ. नरेंद्र जैन, संजय वैशाखिया, रविंद्र जैन भेलसा, शैलेंद्र वैशाखिया, धरणेंद वैशाखिया, नीरज एवं राजीव वैशाखिया को मिला। उत्तम शौच धर्म के अवसर पर सुनील कुमार जैन मामा, संतोष जैन रेडीमेड, विनोद जैन एडवोकेट एवं दयाचंद जैन मावा ने सहभागिता की।

### अतर्रा तहसील में डीएम व एसपी ने सुनीं जनता की शिकायतें

**समृद्धि न्यूज, बांदा।** अतर्रा तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतों का अंबार लगा रहा। जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक समेत उपस्थित अन्य अधिकारियों ने फरियादियों की शिकायतें सुनीं। डीएम ने संपूर्ण समाधान दिवस में पेश होने वाली प्रत्येक शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अमित आसेरी ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल की मौजूदगी में माह के तीसरे शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में अतर्रा तहसील सभागार में जनता की शिकायतें सुनीं। इससे पहले पूर्व में प्राप्त हुई शिकायतों की समीक्षा की गई। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिन शिकायतों के निस्तारण से शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं हैं, उन मामलों में वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मौके पर जाकर वास्तविक स्थिति का निरीक्षण करें।

# डीएम ने सीएचसी गरौठा का किया निरीक्षण

- ऑक्सीजन प्लांट के स्टेबलाइजर का किया शुभारंभ
- दवाओं की उपलब्धता और मरीजों को बेहतर सुविधाएं देने के निर्देश

**समृद्धि न्यूज, गरौठा (झाँसी)।**



संपूर्ण समाधान दिवस के बाद जिलाधिकारी गौरांग राठी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) गरौठा का निरीक्षण किया। उन्होंने ऑक्सीजन प्लांट में लगाए गए विद्युत स्टेबलाइजर का शुभारंभ किया। स्टेबलाइजर से वोल्टेज में उतार-चढ़ाव के दौरान प्लांट को सुरक्षा मिलने के साथ उसका सुचारु संचालन सुनिश्चित हो सकेगा।डीएम ने पैथोलॉजी लैब, एक्सरे कक्ष, लेबर रूम और स्टोर रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दवाओं की समय से आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था बेहतर रखने को कहा।उन्होंने वार्ड में मरीजों से संवाद कर दवाओं, भोजन और उपचार संबंधी सुविधाओं की जानकारी ली। डीएम ने चिकित्सकों को मरीजों को समय से दवाएं उपलब्ध कराने और भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शिशिर पुरी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी और सीएचसी का स्टाफ मौजूद रहा।

## डीआईओएस ने खैर इंटर कॉलेज का किया औचक निरीक्षण



**समृद्धि न्यूज, गुरसरांय।** जिला विद्यालय निरीक्षक रति वर्मा ने खैर इंटर कॉलेज गुरसरांय का औचक निरीक्षण कर शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, स्वच्छता और अभिलेखों का जायजा लिया। विद्यालय की व्यवस्थाएं और शिक्षण माहौल संतोषजनक मिलने पर उन्होंने प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी की कार्यप्रणाली की सराहना की। डीआईओएस ने विभिन्न कक्षाओं में पहुंचकर छात्र-छात्राओं से संवाद किया और पाठ्यक्रम से जुड़े प्रश्न पूछकर शिक्षण की गुणवत्ता परखी। विद्यार्थियों के संतोषजनक उत्तर पर उन्होंने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की। इसके बाद शिक्षक व छात्र उपस्थिति पंजिका, प्रयोगशाला, पुस्तकालय तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक अभिलेखों का निरीक्षण किया, जो व्यवस्थित और अद्यतन मिले।उन्होंने 'विकसित भारत : सपनों का भारत' से जुड़े कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर देते हुए कहा कि विद्यार्थियों में नवाचार, आत्मनिर्भरता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि किसी भी शिक्षण संस्थान की प्रगति उसके नेतृत्व और अनुशासन पर निर्भर करती है। साथ ही छात्रवृत्ति के लंबित आवेदनों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।प्रधानाचार्य धनप्रकाश तिवारी ने डीआईओएस का आभार व्यक्त करते हुए विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

## दलित युवती से तमंचे के बल पर दुष्कर्म का आरोप

- मुकदमे के लिए पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंची पीड़िता

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



शहर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में दलित युवती से तमंचे के बल पर दुष्कर्म किए जाने का आरोप लगा है। पीड़िता का आरोप है कि दो युवक घर में घुसे और तमंचे की नोक पर वारदात को अंजाम दिया। आरोपियों पर शादी के लिए रखे 2 लाख रुपए और सोने-चांदी के जेवर लूटने का भी आरोप है। घटना के चार दिन बाद भी स्नद्धक्रदर्ज नहीं होने और मेडिकल जांच नहीं कराए जाने की शिकायत लेकर पीड़िता समाजवादी पार्टी नेता हरि सिंह वर्मा के साथ एसपी कार्यालय पहुंगी। पीड़िता के मुताबिक, घटना 14 सितंबर को दोपहर करीब डेढ़ बजे हुई। उस समय उसके माता-पिता और भाई मजदूरी करने गए थे।

वह घर में अकेली थी। आरोप है कि गांव के ही दो युवक कट्टा लेकर घर में घुस आए। इनमें से एक युवक ने उसकी कनपटी पर तमंचा रखकर जान से मारने की धमकी दी।

## चित्रकला व निबंध प्रतियोगिता में मेधावियों ने दिखाये हुनर

- प्रतियोगिता में अंशिका निषाद रहीं प्रथम

**समृद्धि न्यूज, कालपी (जालौन)।**



जिला गंगा समिति के तत्वाधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कस्बे के सर्वोदय इंटर कॉलेज में निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भागेदारी की। प्रथम तीन स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। साथ ही अन्य छात्रों को भी उपहार भेंट कर उत्साह वर्धन किया गया।

जिला गंगा समिति के अध्यक्ष/डीएम समीर व जिला वनाधिकारी प्रदीप कुमार के निर्देशन में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके तहत स्वच्छता ही सेवा अभियान विषय पर निबंध व चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इसमें लगभग 45 से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभा किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या शैल बिश्नोई के निर्देशन में स्वच्छता व प्राकृतिक हरियाली से संबंधित थीम पर चित्रकला बनाई गई साथ ही छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस दौरान अंशिका निषाद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि वैष्णवी यादव को द्वितीय व कु. रुबी को तृतीय स्थान मिला। इस दौरान वन विभाग के क्षेत्रीय वनाधिकारी देवेंद्र सिंह, जिला परियोजना अधिकारी मोहित दोदेरिया वन दरोगा अजीत यादव व मन्ना सिंह आदि मौजूद रहे।

### पत्नी की हत्या में पति को आजीवन कारावास व 15 हजार का जुर्माना

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।** मारपीट कर पति को फांसी के फंदे पर लटका कर उसकी हत्या के मामले में अपर जिला एवम शस्त्र न्यायाधीश एसटीसी कोर्ट ने आरोपी पति को आजीवन कारावास 15 हजार अर्थ दंड की सजा सुनाई जबकि सास और ससुर को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता सुरेंद्र सिंह राजपूत ने बताया कि शहर के मुहल्ला समदनगर निवासी रामदेवी ने 19 मई 2023 को एसपी को शिकायती पत्र देकर बताया था कि उसकी बेटी रश्मि की शादी सामूहिक विवाह सम्मेलन से ग्राम सुरहा थाना कबरई हाल मुकाम समदनगर निवासी अश्विनी तिवारी के साथ हुई थी। दोनों ने प्रेम विवाह किया था। बेटी का चार माह का बेटा भी है। ससुराल पक्ष आए दिन मारपीट कर प्रताड़ित करता था और अतिरिक्त दहेज में रुपयों की मांग करता था। मांग पूरी न करने पर 6 मई 2023 को बेटी की हत्या कर दी गई। सूचना चौकी भटीपुरा में दी गई और पोस्टमार्टम हुआ। बाद में पता चला कि हत्या पति ने स्वजन के साथ मिलकर की। तहरीर के बाद भी चौकी भटीपुरा और शहर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली में पति अश्विनी तिवारी, ससुर रामकुमार और सास शैलकुमारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज हुआ। विवेचना के बाद आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किए गए। मामले की सुनवाई करते हुए अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/एफटीसी अपर्णा त्रिपाठी-द्वितीय ने अपना फैसला सुनाया।

# विशेष अभियान चलाकर सड़कों को करें गड्ढा मुक्त : डीएम

- लापरवाही बरतने वाले विभागों पर कार्रवाई की चेतावनी

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



बरसात में तबाह हुई जिले सड़कों में जहां-जहां भी गड्ढे हैं उन गड्ढे को भरने के लिए 30 सितंबर तक एक विशेष अभियान चलाकर निर्माण कार्य करने वाले समस्त विभागों को एक एक विशेष अभियान चलाकर उन्हें गड्ढा मुक्त किया जाएगा इसमें जो भी विभाग लापरवाही बरतेगा उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी इसको लेकर

जिलाधिकारी गजल भारद्वाज की अध्यक्षता में जनपद के समस्त क्षतिग्रस्त मार्गों को गड्ढामुक्त किये जाने के सम्बन्ध में बैठक आहूत की गयी। बैठक में मार्ग निर्माण कार्यों से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया।

जिलाधिकारी महोदया द्वारा आगामी त्योहारों को देखते हुए स्पष्ट निर्देश दिये कि वर्षा ऋतु लगभग समाप्त हो गयी है अब शीघ्र ही गड्ढामुक्ति का कार्य प्रारम्भ कर इसको एक माह के अन्दर पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाये। महोदया द्वारा विशेषतया जनपद से अन्य जनपदों को आने जाने वाले सभी प्रमुख मार्गो को 30 सितम्बर तक गड्ढा मुक्त कराने के निर्देश दिये गये जिसमें मुख्यतः कबरई महोबा कानपुर कबरई महोबा-बांदा, महोबा झांसी राष्ट्रीय मार्गो को प्रत्येक दशा में 30 सितम्बर तक गड्?ढामुक्त करने के निर्देश दिये गये। अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद के समस्त विभागों को मिलाकर 360 किमी0 लम्बाई में मार्गो को गड्?ढामुक्त एवं 205 किमी0 लम्बाई में मार्गो पर नवीनीकरण / विशेष मरम्मत का कार्य किया जाना लक्षित है। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) इन्द्र नंदन सिंह, इं0 विकास कुमार जौहरी, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0 महोबा, इं0 अनिल कुमार अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-1, लो0नि0वि0 महोबा, सहायक अभियन्ता राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, बांदा / झाँसी, एन0एच0ए0आई0 छतरपुर / कानपुर के साइड इंजीनियर, अधिशासी अधिकारी, नगरपालिका महोबा/ चरखारी, अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत खरेला / कबरई / कुलपहाड़, अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत, महोबा, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई प्रखण्ड-महोबा, सहायक अभियन्ता, मौदहा बाँध निर्माण खण्ड-प्रथम महोबा, सहायक अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग महोबा, उप निदेशक, मण्डी परिषद बांदा उपस्थित रहे।साथ ही बैठक सौहार्द्धपूर्ण रूप से सम्पन्न हुई।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- ससुराल वालों पर हत्या का आरोप
- 9 साल पहले हुई थी शादी

**समृद्धि न्यूज़, महोबा।**



एक विवाहिता की संक परिस्थितियों में मौत हो गई है ससुराल पक्ष जिसे आत्महत्या बता रहा है वही मांयके के पक्ष के लोग हत्या कर फांसी के फंदे पर सब लटकाने का आरोप लगा रहे हैं फिलहाल पुलिस ने शव को पंचायत नामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी शहर कोतवाली के समदनगर मुहल्ला निवासी विवाहिता ममता साहू 30 वर्ष पत्नी गोरेलाल साहू की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके वालों ने पति समेत ससुरालियों पर प्रताड़ना और हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पानी में डूबने से बालक-बालिका की मौत

**थाना क्षेत्र के भंडरा व हरखपुर गांव की घटना**

समृद्धि न्यूज,कुड़वार सुल्तानपुर।



मौके पर जमा भीड़,इनसेट में फाइल फोटो मृतक हिमांशु निषाद

थाना क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में पानी में डूबने से दो बालकों की मौत हो गई। पहली घटना पूरे रामदयाल, भंडरा परशुरामपुर गांव की है, जहां शुक्रवार को पशु चराने गए 12 वर्षीय हिमांशु निषाद का शव शनिवार को गोमती नदी में उतराता मिला। धर्मचंद्र निषाद का पुत्र हिमांशु शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे पशुओं को चराने गोमती नदी के किनारे गया था। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने तलाश की, लेकिन उसका पता नहीं चला। शनिवार को उसका शव नदी में मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की मां मंजू देवी,बहन व बड़े भाई दीपांशु का रो रो कर बुरा हाल है। प्रभारी निरीक्षक प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि मामले में विधिक कार्रवाई की जा रही है। दूसरी घटना हरखपुर गांव की है। यहां शनिवार को घर से खेलने निकले छह वर्षीय ताहा खान की गांव के गड्ढे में भरे गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। कुछ देर बाद जानकारी होने पर परिजन उसे बाहर निकालकर सीएचसी ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। ताहा वारिश अली का पुत्र था। पिता के परदेश में रहने के कारण उनके आने के बाद अंतिम संस्कार किए जाने की बात परिजनों ने बताई। खबर लिखे जाने तक इस घटना की सूचना पुलिस को नहीं दी गई थी।एसडीएम गरिमा सौनकिया ने बताया कि दोनों बच्चों के डूबने की सूचना क्षेत्रीय लेखपाल द्वारा दी गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि होने के बाद परिवार को दैवीय आपदा के तहत 4-4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।

## केएनआई में स्नातक विषम सेमेस्टर के परीक्षा फार्म भरना शुरू

**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू संस्थान की स्वायत्तशासी व्यवस्था के तहत स्नातक विषम सेमेस्टर सत्र 2026-27 के परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया 18 सितंबर से शुरू हो गई है। ऑनलाइन आवेदन करने और आवश्यक दस्तावेजों के साथ फार्म की प्रति जमा करने की अंतिम तिथि तीन अक्टूबर निर्धारित की गई है। संस्थान के प्राचार्य एवं मुख्य परीक्षा नियंत्रक प्रो. सुनील प्रताप सिंह ने बताया कि बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीलिब और बीसीए के प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के विद्यार्थी निर्धारित अवधि में ऑनलाइन परीक्षा फार्म भर सकते हैं। परीक्षा फार्म संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध है। ऑनलाइन भरे फार्म की प्रति के साथ शुल्क रसीद, पूर्व सेमेस्टर की अंकतालिका और अपार आईडी की छायाप्रति संबंधित विभाग में सत्यापन के लिए जमा करनी होगी। इसके लिए संस्थान में 12 स्थलों/विभागों की जिम्मेदारी तय की गई है। निर्धारित समय में फार्म व दस्तावेज जमा नहीं करने पर विद्यार्थी स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## नहर में मिला लापता युवक का शव, बाइक भी बरामद, 13 सितंबर से लापता था युवक

**ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पहचान कराई**



फाइल फोटो मृतक संजय यादव

**सुल्तानपुर।** कूरेभार थाना क्षेत्र के सरैया और घाटमपुर गांव के बीच शनिवार सुबह शारदा सहायक खंड-16 की माइनर नहर में करीब 40 वर्षीय युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नहर से बाहर निकलवाकर पहचान कराई। मृतक की पहचान अयोध्या जिले के हैदरगंज थाना क्षेत्र के धोमना गांव निवासी संजय यादव (40) पुत्र बाबूराम यादव के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार संजय 13 सितंबर से घर से लापता था। काफी तलाश के बाद उसका पता नहीं चला तो हैदरगंज थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शनिवार को नहर में शव मिलने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे और पहचान की। घटनास्थल के पास संजय की बाइक भी बरामद हुई है। सूचना पर हैदरगंज पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी जुटाई। युवक की मौत किन परिस्थितियों में हुई, इसका अभी स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है। कूरेभार पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थानाध्यक्ष कूरेभार उपेंद्र सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## भागवत कथा में हुआ श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग

**सुल्तानपुर।** सिविल लाइन गोलाघाट स्थित आशा सिंह एवं प्रो. विनोद कुमार सिंह के आवास पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के षष्ठम दिवस श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। काशी से आए कथावाचक एवं ज्योतिषाचार्य डॉ. प्रभाकर पाण्डेय ने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण और रुक्मिणी का विवाह प्रेम, समर्पण और अटूट आस्था का प्रतीक है। कथा के दौरान श्रद्धालु भक्ति में भावविभोर हो उठे। कथावाचक ने कहा कि परमात्मा के प्रति सच्ची श्रद्धा और विश्वास रखने वाले भक्त पर भगवान की कृपा बनी रहती है। श्रीकृष्ण-रुक्मिणी विवाह प्रसंग के दौरान कथा स्थल भक्तिमय वातावरण से सराबोर रहा। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के साथ कथा का आनंद लिया। इस मौके पर प्रो. विनोद कुमार सिंह, प्रो. बिहारी सिंह, योगेश प्रताप सिंह, आलोक आर्य, गोमती मित्र मंडल समिति के प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह 'मदन', श्याम प्रकाश सिंह, राजकुमार पाण्डेय, डॉ. तारा सिंह, आशुतोष श्रीवास्तव, ज्योति सिंह, ऊषा सिंह, अमन, नमन व यश समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे। कथा का समापन आरती के साथ हुआ।

# भाजपा सरकार पर कांग्रेस प्रवक्ता ने साधा निशाना

**कादीपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश सरकार पर लगाए आरोप**

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।




कादीपुर में सम्मान समारोह में बोलते प्रदेश प्रवक्ता राजेश तिवारी

विधानसभा क्षेत्र कादीपुर में आयोजित कांग्रेस के कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता राजेश तिवारी ने भाजपा सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश की जनता सरकार की नीतियों और कथित अत्याचार से परेशान है। उन्होंने कानून-व्यवस्था को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए।

राजेश तिवारी ने कहा कि राहुल गांधी देश में अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक नीतियों तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार पर भी कई आरोप लगाए। उन्होंने भाजपा सरकार की विदाई का दावा किया। पूर्व मुख्यमंत्री श्रीपति मिश्र के पुत्र प्रमोद मिश्र ने कहा कि आने वाला समय कांग्रेस का है और भाजपा के वादों से जनता परेशान है। कार्यक्रम को पीसीसी सदस्य विजय पाल, किसान कांग्रेस अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, आलोक पांडेय, ब्लॉक अध्यक्ष सर्वेंद्र सिंह, ध्रुव श्याम सिंह व विश्वनाथ मिश्र ने संबोधित किया। संचालन हरिनारायण शुक्ल ने किया। इस मौके पर विनोद पांडेय, रामटहल यादव समेत बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

# बेटी से मिलने निकले युवक की सड़क हादसे में मौत

**दर्शननगर ओवरब्रिज के अंधे मोड़ पर ट्रेलर से भिड़ी बुलेट**

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।




फाइल फोटो राम मूर्ति सिंह

अयोध्या में रह रही बेटी से मिलने निकले धनपतगंज थाना क्षेत्र के मझवारा गांव निवासी राममूर्ति सिंह उर्फ बब्बू (45) की सड़क हादसे में मौत हो गई। शुक्रवार रात दर्शननगर चौकी क्षेत्र के रेलवे ओवरब्रिज के अंधे मोड़ पर उनकी बुलेट सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई थी। गंभीर रूप से घायल राममूर्ति को दर्शननगर मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था, जहां शनिवार सुबह करीब पांच बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजनों के मुताबिक राममूर्ति शुक्रवार रात करीब 10 बजे बुलेट से अयोध्या जाने के लिए घर से निकले थे। ओवरब्रिज के अंधे मोड़ पर हादसा हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।राममूर्ति तीन भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके परिवार में पत्नी पूजा सिंह, तीन बेटियां और दो बेटे हैं। दो बेटियों की शादी हो चुकी है। बड़े बेटे राज नारायण (22) और छोटे बेटे श्री नारायण करीब 20 वर्ष के हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव गांव पहुंचने पर परिजनों में मातम छा गया।परिजनो का रो रो कर बुरा हाल है।

# समाधान दिवस में पहुंचीं 272 शिकायतें, दस का निस्तारण

**डीएम ने लंबित मामलों पर जताई नाराजगी, समयबद्ध कार्रवाई के निर्देश**

समृद्धि न्यूज,सुल्तानपुर।



कादीपुर तहसील सभागार में समाधान दिवस में शिकायत सुनते डीएम एसपी

तहसील कादीपुर में शनिवार को जिलाधिकारी इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल की मौजूदगी में विभिन्न विभागों से संबंधित 272 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 10 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतें संबंधित विभागों को भेजते हुए समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए गए।

डीएम ने भूमि विवादों के मामलों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम भेजकर मौके पर जांच कराने को कहा। समाधान दिवस के बाद तहसीलदार, राजस्व निरीक्षकों और लेखपालों के साथ समीक्षा बैठक में लंबित न्यायालयी प्रकरणों, धारा-24 और वरासत के मामलों की स्थिति जानी। लंबित मामलों पर नाराजगी जताते हुए शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने एक सप्ताह में शिकायतों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा करने की बात कही। लापरवाही मिलने पर जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की चेतावनी दी। त्योहारों के मद्देनजर सड़कों के गड्ढे शीघ्र भरने तथा खेतों में विद्युत तारों से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के निर्देश भी दिए।

## खबरें एक नजर में

### पूर्व विधायक ने किया ओम पाली क्लीनिक का शुभारंभ



पूर्व विधायक को सम्मानित करते संचालक

**चांदा,सुल्तानपुर।** कस्बे में ब्लॉक मुख्यालय के सामने शनिवार को नवनिर्मित ओम पाली क्लीनिक का शुभारंभ पूर्व विधायक लंभुआ देवमणि द्विवेदी ने फीता काटकर किया। क्लीनिक संचालक डॉ. सुशील कुमार मिश्रा ने पुष्पगुच्छ भेंटकर पूर्व विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व विधायक देवमणि द्विवेदी ने संचालक को नई शुरुआत की शुभकामनाएं देते हुए क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य करने की बात कही। डॉ. सुशील कुमार मिश्रा ने बताया कि क्लीनिक के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। क्लीनिक शुरू होने से चांदा कस्बे के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को भी चिकित्सा सुविधा मिलने की उम्मीद है। शुभारंभ समारोह में डॉ. सूरज कुमार मिश्रा, सभाजीत मिश्रा, बीडीसी लव शुक्ला, मार्तंड मिश्रा, प्रधान प्रदीप यादव, प्रधान प्रतिनिधि अजय दूबे, बबलू सिंह, राकेश यादव, प्रमोद निषाद, संजय तिवारी और राहुल दूबे समेत बड़ी संख्या में क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।

### फर्जीवाड़े के मुकदमे में तीन आरोपी गिरफ्तार

**प्रतापगढ़।** थाना कुंडा पुलिस ने अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत धोखाधड़ी और कूटरचित दस्तावेज तैयार करने के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 358/2026 की विवेचना के दौरान तीन नामजद आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त मनु शुक्ला 25 वर्ष प्रदीप कुमार शुक्ला 58 वर्ष प्रभु शुक्ला 24 वर्ष तीनों आरोपी मूल रूप से ग्राम बकोल खनवारी, थाना संग्रामगढ़ के निवासी हैं और वर्तमान में सरजू नगर, कुंडा स्थित एसबीआई गली में रह रहे थे। पुलिस के अनुसार आरोपियों के खिलाफ धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2), 316(5) व 3(5) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज है। पुलिस ने गिरफ्तारी के बाद आरोपियों के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। क्राइम निरीक्षक संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में कांस्टेबल मंदीप सिंह, आरक्षी जीउतलाल, महिला आरक्षी प्रीतुम कुमारी, महिला कांस्टेबल कविता कुशवाहा और चालक आरक्षी अभिमन्यु सिंह शामिल रहे।

### सई नदी में डूबने से किशोर की मौत, बुझा चिराग



**कटरा मेदनीगंज-प्रतापगढ़।** कोतवाली देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत सई नदी के करौंदी घाट पर स्नान करने गए 17 वर्षीय एक किशोर की गहरे पानी में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और पूरे गांव में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, धारूपुर गांव निवासी प्रियांशु यादव (17 वर्ष) पुत्र मिठाई लाल यादव अपने दो साथियों—दीपक गौड़ पुत्र राजेंद्र गौड़ एवं प्रियांशु पुत्र सुरेंद्र गौड़ के साथ एक रिश्तेदारी में निमंत्रण खाने गया था। निमंत्रण के बाद तीनों दोस्त सई नदी के करौंदी घाट पर नहाने चले गए। जैसे ही तीनों नदी में उतरे, प्रियांशु यादव असंतुलित होकर गहरे पानी की ओर चला गया और पानी के तेज बहाव में डूबने लगा। साथ आए दोस्तों ने उसे बचाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन नदी का वेग तेज होने के कारण वे असफल रहे। साथियों के शोर मचाने पर भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से नदी में सर्च ऑपरेशन शुरू कराया। खबर लिखे जाने तक गोताखोरों की टीम किशोर की तलाश में जुटी हुई थी। ग्रामीणों ने बताया कि प्रियांशु अपनी तीन बहनों का इकलौता भाई था। परिवार के इकलौते चिराग के असमय बुझ जाने से माता-पिता और बहनों का रो-रोकर बुरा हाल है तथा पूरे गांव में शोक की लहर व्याप्त है।

# कुंडा तहसील में मंडलायुक्त के निरीक्षण से हड़कंप

समृद्धि न्यूज, प्रतापगढ़।



संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को अपर आयुक्त त्रिभुवन के साथ कुंडा तहसील पहुंचे मंडलायुक्त डॉ. लोकेश एम. के औचक निरीक्षण से पूरे तहसील प्रशासन में हड़कंप मच गया। निरीक्षण के दौरान खुद फरियादियों से सीधा संवाद कर उनकी समस्याएं सुनते हुए मंडलायुक्त को व्यापक स्तर पर घोर लापरवाहियां और अनियमितताएं मिलीं, जिस पर उन्होंने अधिकारियों को कड़ी हिदायत देते हुए एक के बाद एक कई सख्त कार्रवाइयां कीं। जांच में वकीलों से विवाद के कारण सुनवाई कक्ष से गायब मिले लेखपालों के रवैये पर मंडलायुक्त ने सख्त नाराजगी जताई, जिसके बाद जिलाधिकारी प्रतापगढ़ ने एसडीएम कुंडा को लेखपाल एसोसिएशन के महामंत्री और मंत्री के खिलाफ तत्काल निलंबन की कार्रवाई का निर्देश दिया। इसके साथ ही शासन के प्राथमिकता वाले कार्यक्रम से नदारद मिले 11 विभागीय अधिकारियों का वेतन रोकने का आदेश जारी किया गया। निरीक्षण के दौरान जुलाई और अगस्त माह के रजिस्टरों की पड़ताल में बड़ा फर्जीवाड़ा भी उजागर हुआ, जहां बिना मौके पर जाए फर्जी आख्या लगाने और एक ही क्रमांक की रसीद कई शिकायतों पर चस्पा करने की बात सामने आई, जिस पर माल बाबू के खिलाफ एडवर्स एंट्री और विभागीय कार्रवाई के निर्देश दिए गए। वहीं धारा-34 के अंतर्गत 90 दिन से अधिक पुराने 1,000 से ज्यादा मामले लंबित मिलने पर मंडलायुक्त बिफर पड़े और उन्होंने तहसीलदार, तहसीलदार न्यायिक व तीनों नायब तहसीलदारों का वेतन पेंडेंसी शून्य होने तक रोकने का आदेश सुना दिया। अंत में मंडलायुक्त ने एसडीएम कुंडा को सख्त चेतावनी दी कि सभी रजिस्टर तत्काल दुरुस्त किए जाएं और राजस्व वादों के निस्तारण में तेजी लाई जाए।

## आग लगने से पति-पत्नी समेत बेटा झुलसा

**बछरावां-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सरायं उमर गांव में शुक्रवार रात संदिग्ध परिस्थितियों में आग लगने से माता-पिता समेत बेटा गंभीर रूप से झुलस गया। चीख-पुकार सुनकर पहुंचे पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस से तीनों को हरचंदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सरायं उमर निवासी श्यामलाल उम्र 67 वर्ष अपनी पत्नी श्रीमती उम्र 55 वर्ष के साथ घर में मौजूद थे। इसी दौरान उनका बेटा रामचंद्र आग की लपटों से घिरा दिखाई दिया। बेटे को बचाने के प्रयास में माता-पिता भी आग की चपेट में आकर झुलस गए। घटना के बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। ग्रामीणों में चर्चा है कि किसी बात से नाराज होकर रामचंद्र ने कथित तौर पर अपने ऊपर डीजल डालकर आग लगा ली थी। इसकी पुलिस स्तर से भी प्रारंभिक जांच में पुष्टी हुई है।

## प्रयागराज की रहने वाली आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की झारखंड में हत्या, पुलिस ने प्रेमी को किया गिरफ्तार

**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज़।** जिले के उल्दा गांव निवासी आंगनवाड़ी सुपरवाइजर अनीता बिंद (27) की झारखंड में हत्या का मामला सामने आया है। अनीता की करीब पांच महीने पहले आंगनवाड़ी सुपरवाइजर के पद पर नियुक्त हुई थीं और झारखंड के चक्रधरपुर स्थित सोनुवा ब्लॉक के महिला एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय में तैनात थीं। अनीता पश्चिमी सिंहभूम के चक्रधरपुर स्थित शीतला मंदिर ग्वाला पट्टी वार्ड-7 में किराए के कमरे में रहती थीं। जानकारी के मुताबिक 17 सितंबर की दोपहर करीब 2 बजे मिर्जापुर जिले के जिगना थाना क्षेत्र निवासी अनिल कुमार बिंद अनीता से मिलने उनके कमरे पर पहुंचा। इसी दौरान कमरे से चीख-पुकार की आवाज सुनकर मकान मालिक और आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। लोगों ने अनिल को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस के अनुसार, अनीता और अनिल के बीच करीब तीन साल से संबंध होने की बात सामने आई है। पूछताछ में अनिल ने खुद को अनीता का प्रेमी बताया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और घटना के पीछे के कारणों की पड़ताल की जा रही है। अनीता चार भाई-बहनों में दूसरे नंबर पर थीं। उनके पिता काशी बिंद और भाई श्याम बिंद उल्दा गांव में दर्जी का काम करते हैं। छोटा भाई आदर्श पढ़ाई करता है, जबकि छोटी बहन गीता ग्राम पंचायत का काम देखती है। परिजनों के मुताबिक अनीता पढ़ाई में तेज थीं और कुछ साल पहले सीडीपीओ भर्ती परीक्षा भी दी थी। हालांकि उनका चयन नहीं हो सका। इसके बाद करीब पांच महीने पहले उन्हें आंगनवाड़ी सुपरवाइजर की नौकरी मिली थी। दोपहर करीब 12 बजे अनीता का शव पैतृक गांव लाया गया। बाद में मांडागढ़ के डेंगुरपुर गंगा घाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया। पिता ने बेटी को मुखाग्नि दी। इसके बाद परिजनों में शोक का माहौल रहा। फिलहाल चक्रधरपुर थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है और गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ के आधार पर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# सपा जिलाध्यक्षक को भाजपा जिलामंत्री भेजेंगे चूड़ियां

समृद्धि न्यूज,रायबरेली।

सपा जिला अध्यक्ष के बिगड़े बोल सनातन संस्कृति और मातृशक्ति का अपमान हैं भाजपा सपा जिला अध्यक्ष इंजीनियर वीरेंद्र यादव द्वारा चूड़ी को 'कायरता का प्रतीक' बताए जाने संबंधी कथित बयान पर भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री शिवेन्द्र सिंह ने कड़ी आपत्ति जताई है।

भाजपा जिला मंत्री का कहना है कि भारतीय सनातन परंपरा में चूड़ी केवल एक आभूषण नहीं, बल्कि बहन, बेटी और माता के सुहाग, सौभाग्य और नारी-सम्मान का प्रतीक मानी जाती है। ऐसे पवित्र प्रतीक को कायरता से जोड़ना देश की आधी आबादी और मातृशक्ति की भावनाओं को ठेस पहुँचाने वाला बयान है। जनता इस प्रकार की भाषा और सोच को स्वीकार नहीं करेगी। हम इंजीनियर वीरेंद्र यादव को चूड़ियां भेंट कर उन्हें यह संदेश देंगे कि जिस मातृशक्ति और जिन वीर नारियों के त्याग, साहस और बलिदान से यह देश सुरक्षित और गौरवान्वित हुआ है, उनका अपमान किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। चूड़ी को कमजोरी समझने वालों को भारतीय नारी के इतिहास को याद करना चाहिए। रानी लक्ष्मीबाई, आहिल्या बाई होल्कर, वीरांगना अवंती बाई, उधा देवी आदि से लेकर आज की भारतीय महिला तक, नारी शक्ति त्याग, साहस और संघर्ष की पहचान रही है। हमारा सवाल सीधा है।

## पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव का दौरा 24 को

**रायबरेली।** समाजवादी छात्र सभा और अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के बीच फिरोज गांधी कॉलेज में सदस्यता अभियान को लेकर बहस हो गई थी। कुछ देर बाद बहस ने विकराल रूप धारण कर लिया और दोनों पक्षों में मारपीट होने लगी। खबर आग की तरह फैल गई इस घटना में सपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता भी मौके पर पहुंच गए। उसके कुछ देर बाद शहर कोतवाल व क्षेत्राधिकार सहित काफी संख्या में पुलिस बल भी पहुंच गया और सपाईयों की पुलिस से तीखी नोंक झोंक होने लगी। इतना ही नहीं सपा और विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंच गए। जहां सपा कार्यकर्ता और पुलिस में एक बार फिर से तीखी नोंक झोंक होने लगी। कुछ देर बाद पुलिस ने सिपाहियों पर लाठी चार्ज कर दिया। जिसमें हरचंदपुर के विधायक राहुल लोधी और कार्यकर्ता पुलिस के दंश का शिकार हो गए। यह पूरी घटना सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव तक पहुंची।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम-एसपी ने सुनीं शिकायतें

समृद्धि न्यूज,डलमऊ रायबरेली।

जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका की अध्यक्षता में तहसील डलमऊ में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य की शिकायतों का स्थानीय स्तर पर समाधान किया जाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है जिसके क्रम में तहसील व थानों में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसमें स्थानीय नागरिक उपस्थित होकर अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की इन शिकायतों का निस्तारण त्वरित एवं समयबद्ध तरीके से एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निस्तारण में यदि कोई समस्या है तो उसका कारण स्पष्ट करते हुए अवगत कराना सुनिश्चित किया जाये। जिलाधिकारी ने बताया कि तहसील डलमऊ में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग 36, पुलिस 07, विकास 10, समाज कल्याण 02, शिक्षा 01 एवं अन्य 07 कुल 63 प्रकरण प्राप्त हुए, जिसमें से 07 प्रकरणों का निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया। शेष प्रकरणों के निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध करा दिये गये कि उनका निस्तारण एक सप्ताह में कराना सुनिश्चित कराए। पुलिस अधीक्षक रवि कुमार ने भी पुलिस से संबंधित मामलों को सुना और संबंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पति-पत्नी के विवाद में हमलावरों ने पति को पीटा



एसपी को प्रार्थना पत्र देने जाते पीड़ित

**डलमऊ, रायबरेली।** पति-पत्नी के बीच हुए आपसी विवाद के बाद पति की अज्ञात हमलावरों ने पिटाई कर दी उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया शनिवार को समाधान दिवस में पुलिस अधीक्षक के समक्ष पीड़ित पति ने न्याय की गुहार लगाई है। डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के खलीलपुर गांव निवासी दिलीप कुमार की पिछले सप्ताह पत्नी से कुछ कहा सुनी हो गई थी। इसके बाद दोनों में मारपीट हो गई दिलीप कुमार ने पत्नी का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ में कराया लेकिन इससे नाराज पत्नी अपने घर जाने से मना कर दिया और अपने जीजा के साथ इसके गांव चली गई आरोप है कि इसी रात जब वह अपने घर में सो रहा था तभी कुछ अज्ञात हमलावरों ने घर पहुंच कर उसकी जमकर पिटाई कर दी और उसकी नस काट दी घायल अवस्था में उसे डलमऊ स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया पुलिस से शिकायत की लेकिन कार्रवाई नहीं हुई शनिवार को दिलीप कुमार ने अपनी मां के साथ पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगाई है और हमलावरों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# प्रोस्टेट कैंसर से जागरूक करने के लिए वर्कशॉप आज

**कार्यशाला में देश के प्रमुख कैंसर एवं यूरोलॉजी संस्थानों से विशेषज्ञ चिकित्सक भाग ले रहे हैं**

समृद्धि न्यूज,प्रयागराज।




प्रोस्टेट कैंसर के आधुनिक निदान एवं उपचार की नवीनतम तकनीकों से चिकित्सकों को परिचित कराने तथा आमजन में इस रोग के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से यूरोलॉजी सोसायटी ऑफ प्रयागराज एवं एमएलएन. मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज के यूरोलॉजी विभाग द्वारा प्रोस्टेट कैंसर पर सीएमई एवं सेमी-लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप का आयोजन रविवार को प्रो. प्रीतम दास ऑडिटोरियम, एमएलएन मेडिकल कॉलेज परिसर में किया जा रहा है। कार्यक्रम के संरक्षक एमएलएन मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ए. के. वर्मा हैं। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष प्रो. दिलीप चौरसिया तथा आयोजन सचिव डॉ. शिरीष मिश्रा, डॉ. दीपक गुप्ता एवं डॉ. गजेन्द्र सिंह हैं। कार्यशाला में प्रोस्टेट कैंसर के निदान, आधुनिक सर्जरी, रोबोटिक एवं लैप्रोस्कोपिक तकनीकों, रेडियोथेरेपी, हार्मोनल उपचार तथा विभिन्न अवस्थाओं में कैंसर के प्रबंधन से जुड़े विषयों पर विशेषज्ञ व्याख्यान एवं केस आधारित चर्चाएं होंगी। कार्यशाला में देश के प्रमुख कैंसर एवं यूरोलॉजी संस्थानों से विशेषज्ञ चिकित्सक भाग ले रहे हैं।

# मास्टर ट्रेनर्स देंगे समावेशी शिक्षा अभियान को धार

**1,415 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को दिया जाएगा पांच दिवसीय प्रशिक्षण**

समृद्धि न्यूज,प्रयागराज।



समग्र शिक्षा के अंतर्गत समेकित शिक्षा के माध्यम से परिषदीय विद्यालयों में समावेशी शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से राज्य शिक्षा संस्थान, एलनगंज, प्रयागराज में आयोजित तीन दिवसीय जनपद स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण कार्यक्रम का शनिवार को सफलतापूर्वक समापन हुआ। 17 से 19 सितंबर तक चले इस प्रशिक्षण में जनपद के 48 स्पेशल एजुकेटर्स को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण पूर्ण होने के उपरांत ये 48 मास्टर ट्रेनर्स जनपद के विभिन्न विकासखंडों में जाकर 1,415 परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों को पांच दिवसीय समावेशी शिक्षा प्रशिक्षण प्रदान करेंगे। इसके माध्यम से विद्यालय स्तर पर दिव्यांग बच्चों की पहचान, उनकी विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं, कक्षा-कक्ष में आवश्यक अनुकूलन, प्रभावी शिक्षण-अधिगम तकनीकों, सहायक उपकरणों के उपयोग तथा विद्यालय की गतिविधियों में दिव्यांग बच्चों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षित किया जाएगा। प्रशिक्षण के समापन अवसर पर सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी वरुण कुमार यादव ने प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त ज्ञान एवं अनुभव को विद्यालय स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाना महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए प्रशिक्षण के उद्देश्यों को पूरी निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने की अपेक्षा व्यक्त की। जिला समन्वयक मध्यान्ह भोजन राजीव त्रिपाठी ने कहा कि विद्यालय में प्रत्येक बच्चे को समान अवसर और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराना शिक्षा व्यवस्था की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। उन्होंने प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स से अपेक्षा की कि वे अपने अनुभव एवं प्रशिक्षण के माध्यम से शिक्षकों को दिव्यांग बच्चों के प्रति संवेदनशील बनाते हुए समावेशी वातावरण विकसित करने में प्रभावी भूमिका निभाएंगे।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र शिवानू उर्फ शिवम के गलत आपराधिक कृत्यों में लिप्त होने के कारण सभी संबंध समाप्त कर चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। गलत कृत्यों के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं होगा। **अनिल कुमार पुत्र बादाम सिंह निवासी नगला समाधान थाना मऊदरवाजा, जिला फर्रुखाबाद।**

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

- 240 शिकायतों में 20 का मौके पर निस्तारण
- शेष शिकायतों के निस्तारण के लिए दिए कड़े निर्देश



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

तहसील कार्यालय में जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 240 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें 20 प्रकरणों का मौके पर ही गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया गया। शेष 220 शिकायतें संबंधित विभागों को सौंपते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित समयसीमा में प्रभावी एवं संतोषजनक समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनसमस्याओं के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही, शिथिलता अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। चकमार्ग, विद्युत आपूर्ति, नाली-खड़ंजा, आवास सहित भूमि एवं अन्य स्थानीय समस्याओं के मामलों में अधिकारी आवश्यकता के अनुसार स्वयं मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करें तथा तथ्यों की जांच के उपरांत नियमानुसार निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। वृद्धावस्था पेंशन, दिव्यांग पेंशन एवं निराश्रित महिला पेंशन जैसी योजनाओं में कोई भी पात्र लाभार्थी लाभ से वंचित न रहे। संबंधित अधिकारी पात्रता की जांच कर आवश्यक कार्यवाही समय से पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने सभी जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे प्रातः 10 बजे तक अपने कार्यालयों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर आमजन की समस्याएं सुनें तथा प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर निस्तारण किए जाने तथा निस्तारण की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने आइजीआरएस, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, जनता दर्शन एवं जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर लेते हुए गुणवत्तापूर्ण एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल कागजी निस्तारण के बजाय शिकायतकर्ता की समस्या का वास्तविक समाधान सुनिश्चित किया जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विकास चंद्रा, प्रभागीय वनाधिकारी हेमंत सेठ, उपजिलाधिकारी तहसीलदार सहित विभिन्न जिला एवं तहसील स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# इंदिरा आवास कॉलोनी में गणेश महोत्सव आयोजित



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

जय बालाजी सेवा समिति इंदिरा आवास कॉलोनी द्वारा संचालित श्री गणेश महोत्सव कार्यक्रम में भारतीय किसान यूनियन भानू के पदाधिकारियों ने गणेश जी की आरती की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में मेरी झोपड़ी के भाग्य आज खुल जाएंगे राम आएंगे भजन पर यशिका रानी तिवारी ने नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। फिल्म हनुमान अंश के प्रसिद्ध गीत काहे जिद कर रहे काहे को मर रहे ऐसे वर के लाने पर मानवी मिश्रा के नृत्य की सभी दर्शकों ने सराहना की। औलाद वालों फूलो फलो गीत पर स्पर्श तिवारी, प्रियांशु, सूरज आदि ने सुंदर प्रस्तुति दी। भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री अमन यादव के साथ अमित राजपूत, रवेंद्र शर्मा, संजय कुमार दुबे, गौरव शुक्ला, सचिन मिश्रा, प्रेम चतुर्वेदी, शाश्वत दुबे, रामानंद गुप्ता आदि ने धार्मिक आधार पर प्रस्तुत कार्यक्रमों की मुक्त कंठ से सराहना की। अंत में अध्यक्ष सर्वेश कुमार तिवारी ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबके सहयोग से ही यह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप में संपन्न हो रहा है तथा नगर में प्रथम स्थान प्राप्त करता है।

कार्यक्रम के आयोजन में पंकज मिश्रा, अक्कू श्रीवास्तव, प्रशांत तिवारी एडवोकेट, रजनी सक्सेना, मीना मिश्रा, अनामिका तिवारी, आरती, प्रीति, यश तिवारी, आशु शाक्य, कृष्णा, अमन शर्मा, शिवा, आनंद सक्सेना, कान्हू, पवन, आशिक आदि का विशेष सहयोग रहा।

# छात्रों के अधिकार के मुद्दे पर सपा ने किया जागरूक

- कप्तान सिंह डिग्री कालेज में हुआ कार्यक्रम



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

सराय प्रयाग स्थित कप्तान सिंह डिग्री कॉलेज में समाजवादी छात्र जागरूकता अभियान कार्यक्रम में छात्रों को उनके अधिकारों, शिक्षा, रोजगार और भविष्य से जुड़े मुद्दों के प्रति जागरूक किया गया। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि छात्रों के साथ लगातार अन्याय हो रहा है। छात्रों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर हुए विरोध-प्रदर्शनों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि छात्र देश का भविष्य हैं। उनके अधिकारों और बेहतर भविष्य के लिए समाजवादी पार्टी संघर्ष करती रहेगी। छात्र सभा के जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा ने कहा कि पीडीए के जननायक अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में छात्रों और युवाओं की आवाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने छात्रों से अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होकर एकजुट रहने का आह्वान किया। प्रदेश सचिव मो. इरफान हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि छात्रों के सामने शिक्षा और रोजगार से जुड़ी कई गंभीर चुनौतियां हैं। समाजवादी पार्टी छात्रों की समस्याओं और उनकी मांगों को मजबूती से उठाती रहेगी। इस मौके पर जय गुरुदेव, अमन खान, आदेश वर्मा, अनुज यादव, प्रधानाचार्य अर्पित शुक्ला, भोला यादव, तस्लीम सिद्दीकी, एमडी खान, अर्पित कुमार, नगर अध्यक्ष अनिल सिंह, राजकुमार वर्मा, सौरभ वर्मा और अंकित शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



- हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में स्वच्छता पखवाड़ा

छिबरामऊ, कन्नौज। उत्तर प्रदेश शासन की मुहिम और जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज के निर्देशानुसार कालेज में 18 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा थीम के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़े का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत प्रार्थना सभा में छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। इको क्लब प्रभारी वीर प्रताप ने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत जीवन में स्वच्छता की आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने घर में चार अलग-अलग रंगों के डस्टबिन (काला, हरा, लाल और नीला) रखने तथा उनके सही उपयोग की जानकारी दी। कालेज के नोडल अधिकारी मेजर संदीप कुमार माधव ने स्वच्छता पखवाड़े की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए संबंधित शिक्षकों को शासन द्वारा निर्धारित दैनिक गतिविधियों की जानकारी दी और उन्हें समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने का आह्वान किया। प्रधानाचार्य राधाबल्लभ मिश्र के कुशल निर्देशन में सामुदायिक सेवा गतिविधि का आयोजन हुआ, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने कक्षाओं और कालेज परिसर में सफाई अभियान चलाकर स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर वीरेन्द्र कुमार वर्मा, सत्यपाल सिंह, राम अवतार पासवान, डॉ. अभिषेक मिश्रा, विजय कुमार त्रिपाठी, जितेन्द्र कुमार, हेम लता, नीतू चौहान, प्रिया मिश्रा और शालिनी सहित समस्त स्टाफ ने सक्रिय सहयोग दिया।

# समाजवादी व्यापार सभा ने किया एमडीआर शुल्क का विरोध



समृद्धि न्यूज,छिबरामऊ।

एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

व्यापारियों से जुड़े यूपीआई लेन-देन पर प्रस्तावित/घोषित एमडीआर शुल्क के विरोध में समाजवादी व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक भार न डालने तथा यूपीआई लेन-देन से संबंधित एमडीआर शुल्क व्यवस्था पर पुनर्विचार करने की मांग की गई। व्यापार सभा पदाधिकारियों ने कहा कि डिजिटल भुगतान आज व्यापार का महत्वपूर्ण हिस्सा है, इसलिए व्यापारियों के हितों को ध्यान में रखते हुए शुल्क संबंधी व्यवस्था बनाई जानी चाहिए। जिलाध्यक्ष प्रियतेश सिंह तोमर ने कहा कि व्यापारियों की समस्याओं और उनके हितों से जुड़े मुद्दों को संबंधित अधिकारियों एवं सरकार के समक्ष उठाया जाता रहेगा। उन्होंने कहा कि व्यापारियों को डिजिटल भुगतान व्यवस्था में अनावश्यक आर्थिक भार से बचाने के लिए उचित कदम उठाए जाने चाहिए।समाजवादी व्यापार सभा ने प्रशासन के माध्यम से ज्ञापन को केंद्र सरकार तक पहुंचाने की मांग की। इस दौरान जिला कोषाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, वरिष्ठ सपा नेता गोविंद यादव, अवनीश गुप्ता, विवेक प्रजापति, वीरेंद्र पाल, विपिन, सलमान, रामकुमार, रानू, अख्तर, संजीव एवं नीतेश सहित समाजवादी व्यापार सभा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## नगर में आज बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

छिबरामऊ, कन्नौज। विद्युत उपकेंद्र छिबरामऊ प्रथम से पोषित टाउन-1 फ़ीडर पर जर्जर तार बदलने हेतु 20 सितंबर रविवार को विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। जेई करन जायसवाल ने बताया कि उपखण्ड अधिकारी रवींद्र कुमार के निर्देशानुसार 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र छिबरामऊ प्रथम से निर्गत टाउन-1 फ़ीडर पर जर्जर तार बदलने का कार्य किया जाना प्रस्तावित है। इस कारण मुंसफी, दीक्षितान एवं इससे जुड़े आसपास के क्षेत्रों की विद्युत आपूर्ति 20 सितंबर रविवार को प्रातः 09:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होंने समस्त उपभोक्ताओं से अनुरोध किया है कि अपनी दैनिक आवश्यकता के अनुसार पानी व अन्य जरूरी कार्य समय से पहले पूरा कर लें। कार्य पूर्ण होते ही विद्युत आपूर्ति यथाशीघ्र बहाल कर दी जाएगी।

## पूर्व विधायक ने मौलाना मुस्तकीम कादरी का जाना हाल



गुरसहायगंज, कन्नौज। विधानसभा 196 छिबरामऊ के पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी मौलाना मुस्तकीम कादरी साहब के स्वास्थ्य की जानकारी मिलने पर उनके आवास पर पहुंचे और उनका हालचाल जाना। इस दौरान पूर्व विधायक ने मौलाना साहब के स्वास्थ्य के बारे में परिजनों से जानकारी ली और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की दुआ की। इसके बाद उन्होंने साजिद भाई व राजू प्लाजा वालों से भी मुलाकात कर कुशलक्षेम पूछा। इस अवसर पर पूर्व विधायक ताहिर हुसैन सिद्दीकी ने कहा कि मौलाना मुस्तकीम कादरी साहब हमारे समाज के सम्मानित और बुजुर्ग व्यक्ति हैं। उनके स्वास्थ्य को लेकर जानकारी मिली तो उनसे मिलने आना फर्ज समझा। अल्लाह से दुआ है कि वह जल्द से जल्द पूरी तरह स्वस्थ हों और फिर से समाज के बीच अपनी मौजूदगी से लोगों का मार्गदर्शन करें। उन्होंने कहा कि सुख-दुख में एक-दूसरे के साथ खड़ा रहना ही हमारी संस्कृति है और हम हमेशा अपने लोगों के साथ हैं।

## शक ने बनाया कातिल, सोते अधेड़ पर कुल्हाड़ी से वार



समृद्धि न्यूज, तिर्वा/कन्नौज। बेहरिन गांव में पशुबाड़े के बाहर सो रहे 60 वर्षीय प्रवेश दुबे की कुल्हाड़ी से हत्या के मामले में पुलिस ने शनिवार को एक आरोपी को गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर रक्तरंजित कुल्हाड़ी और कपड़े बरामद किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 18 सितंबर की रात प्रवेश दुबे घर के बाहर टीन शेड के नीचे पशुओं के पास सो रहे थे। इसी दौरान धारदार हथियार से सिर और चेहरे पर वार कर उनकी हत्या कर दी गई। पोस्टमार्टम में धारदार हथियार से लगी चोट के कारण शॉक और अत्यधिक रक्तस्राव को मौत की वजह बताया गया। मृतक के पुत्र प्रशांत दुबे की तहरीर पर ब्रजमोहन सिंह, राम तीर्थ, जीतू बाथम समेत चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में मिले साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने बेहरिन निवासी ब्रजमोहन सिंह को खेत में ट्यूबवेल के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि पूछताछ में ब्रजमोहन ने गांव की एक महिला और प्रवेश दुबे के बीच बातचीत देखने के बाद शक होने की बात कही। पुलिस के मुताबिक इसी शक के चलते आरोपी ने शराब के नशे में प्रवेश पर कुल्हाड़ी से वार करने की बात स्वीकार की। इसके बाद कुल्हाड़ी और पहने हुए कपड़े खेत में छिपाने की बात भी पुलिस ने बताई है।

# सेवा संकल्प अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने किया श्रमदान

समृद्धि न्यूज,जलालाबाद।



महाविद्यालय अनौगी में प्रतियोगिता में प्रतिभाग करती छात्राएं व मौजूद प्राचार्य, स्टाफ़

17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाएं जा रहे सेवा संकल्प अभियान' के तहत ब्लॉक क्षेत्र के डॉ. भीमराव आंबेडकर राजकीय महाविद्यालय अनौगी में स्वच्छता, पौधरोपण, रक्तदान, स्वास्थ्य एवं पशु चिकित्सा शिविर, अंगदान संकल्प और नशामुक्ति सहित विभिन्न गतिविधियां आयोजित करायी जा रही हैं, चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जाएंगी। अभियान के तहत शनिवार को सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुतियां दीं। रेलवे में चयन होने पर छात्रा दीक्षा को सम्मानित कर शुभकामनाएं दी गईं। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने विद्यार्थियों से सेवा की भावना को आत्मसात करने का आह्वान किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय का स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

इसीक्रम में गुगरापुर ब्लॉक के अविका डिग्री कॉलेज, रघुराज नगर चांदापुर में स्वच्छता ही सेवा÷ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पल्लवी यादव के निर्देशन में हुआ। महाविद्यालय के उपनिदेशक डॉ. अभिषेक शेखर ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन और सभ्य समाज की आधारशिला है।

इसके बाद छात्र- छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति अपने विचार रखे और शपथ ली। विद्यार्थियों ने परिसर में श्रमदान कर कूड़ा- कचरा व घास-फूस हटाया। साथ ही परिसर को स्वच्छ बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में शिक्षकगण और छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

## नील गाय से टकराकर टेंपो पलटा, मां-बेटी समेत तीन घायल

छिबरामऊ, कन्नौज। सौरिख क्षेत्र के नकटपुर गांव के पास शनिवार को सड़क पर अचानक नीलगाय आ जाने से एक टेंपो उससे टकराकर पलट गया। हादसे में टेंपो सवार मां-बेटी समेत तीन लोग घायल हो गए। दुर्घटना में चालक धर्मेंद्र, मार्गश्री और उनकी बेटी आरती को चोटें आईं। हादसे के बाद मौके पर आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। लोगों ने घायलों को टेंपो से बाहर निकालकर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। चालक धर्मेंद्र और मार्गश्री की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया गया। वहीं घायल आरती का उपचार छिबरामऊ के सौ शैय्या अस्पताल में चल रहा है। हादसे की जानकारी मिलते ही घायलों के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। परिजनों ने घायलों का हालचाल लिया। हादसे में टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद मौके पर कुछ देर अफरातफरी का माहौल बना रहा।

## गुरसहायगंज में बिजली विभाग और विजिलेंस की संयुक्त छापेमारी, 25 उपभोक्ताओं पर कार्रवाई



गुरसहायगंज, कन्नौज। विद्युत उपखंड अधिकारी पंकज चौधरी और विजिलेंस की संयुक्त टीम द्वारा आज कस्बा गुरसहायगंज के गांधी नगर, रामगंज, सुभाष नगर और अशोक नगर मोहल्लों में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवर अभियंता गुरसहायगंज सरताज अली, अवर अभियंता इंदुइयागंज राम आशीष और उपखंड अधिकारी की टीम ने घर-घर जाकर बिजली कनेक्शनों की जांच की। जांच में 25 उपभोक्ताओं के यहां अनियमितता पाए जाने पर कार्रवाई की गई। इस संबंध में विद्युत उपखंड अधिकारी पंकज चौधरी ने कहा कि विभाग द्वारा लगातार बिजली चोरी रोकने के लिए सघन अभियान चलाया जा रहा है। आज गुरसहायगंज के कई मोहल्लों में विजिलेंस टीम के साथ संयुक्त रूप से चेकिंग की गई, जिसमें 25 जगहों पर बिजली चोरी और अनियमितता के मामले सामने आए हैं। सभी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उपभोक्ताओं से अपील है कि वे वैध कनेक्शन लें और समय पर बिल जमा करें। अगर कोई भी व्यक्ति कटिया डालकर या मीटर में छेड़छाड़ कर बिजली का उपयोग करता पाया गया तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी और भारी जुर्माना भी लगाया जाएगा। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# समधन में बेलगाम ई-रिक्शा संचालन से राहगीर परेशान

- नाबालिग बच्चे भी चला रहे ई-रिक्शा, यातायात व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

समृद्धि न्यूज, समधन।

नगर की सड़कों पर इन दिनों ई-रिक्शा चालकों की मनमानी से राहगीरों और दोपहिया वाहन चालकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। आरोप है कि कई ई-रिक्शा चालक बिना पर्याप्त सावधानी के सड़क पर रिक्शा दौड़ाते हैं, जिससे पैदल चलने वाले लोगों के साथ-साथ बाइक और स्कूटी सवारों को भी आवागमन में दिक्कत होती है। नगर की प्रमुख सड़कों और बाजार क्षेत्रों में कई बार ई-रिक्शा चालक अचानक मोड़ काटते और सड़क के बीचों-बीच वाहन खड़ा कर सवारियां बैठाते दिखाई देते हैं। इससे सड़क पर जाम की स्थिति बनने के साथ दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सबसे गंभीर बात यह है कि कुछ स्थानों पर छोटे-छोटे बच्चे भी ई-रिक्शा चलाते नजर आते हैं। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से ई-रिक्शा चालकों के संचालन की जांच कराने, नाबालिगों द्वारा ई-रिक्शा चलाने पर रोक लगाने तथा नगर की यातायात व्यवस्था को व्यवस्थित कराने की मांग की है, ताकि राहगीरों और वाहन चालकों को राहत मिल सके।

# खेरेश्वर महादेव मंदिर निर्माण में डॉ. अरुण शर्मा ने किया सहयोग

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



अपने पैतृक गांव ग्राम बसावनपुरवा, मौजा असौलिया में निर्माणाधीन खेरेश्वर भगवान महादेव मंदिर में समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने पहुंचकर पूजन-अर्चन किया।

इस दौरान उन्होंने मंदिर निर्माण के लिए 5,100 रुपये नकद और एक ट्रॉली मौरंग सहयोग स्वरूप प्रदान की। इस अवसर पर गांव के सम्मानित बुजुर्गों ने माला पहनाकर डॉ. अरुण कुमार शर्मा का सम्मान किया। डॉ. अरुण कुमार शर्मा ने कहा कि बुजुर्गों का यह स्नेह और आशीर्वाद उनके लिए अनमोल है, जिसके लिए वह सदैव ऋणी रहेंगे। उन्होंने महादेव जी से प्रार्थना करते हुए कहा कि 2027 में श्री अखिलेश यादव जी के नेतृत्व में समाजवादी सरकार बने और अखिलेश जी मुख्यमंत्री बनें।

इसके बाद खेरेश्वर महादेव मंदिर को भव्य स्वरूप देने का संकल्प लिया, ताकि कई जिलों से श्रद्धालु यहां दर्शन करने पहुंचें। इस अवसर पर ग्राम प्रधान राजीव यादव, रामदास शर्मा, कोटेदार मानसिंह यादव, जगदीश यादव, मनोज ठाकुर, नीरज ठाकुर, राजू, बृजभान, राकेश यादव, दुर्विजय यादव, अनिरुद्ध यादव, विवेक यादव फौजी, अमरेश यादव, हिमांशु शर्मा, लाल सिंह ठाकुर, शिवराम ठाकुर, रघुनंदन चंद्र, जुगल किशोर ठाकुर, अशोक ठाकुर, संजय पंडित, विशाल पंडित, गिरीश जाटव, मिस्त्री रामू ठाकुर, राहुल शर्मा, उमेश चंद शर्मा, गुड्डू यादव सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

## पत्रकारों के लिए बनेगा आधुनिक मीडिया सेंटर

कन्नौज। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। वहीं नगर पालिका के स्टोर रूम के स्थान पर आधुनिक मीडिया सेंटर विकसित किया जाएगा। शनिवार को राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण ने पत्रकारों के साथ प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर विचार-विमर्श किया। मंत्री ने कहा कि मीडिया सेंटर को आकर्षक, सुविधाजनक और व्यवस्थित स्वरूप दिया जाएगा। यहां पत्रकारों को संवाद और कार्य के लिए बेहतर माहौल मिलेगा। सेंटर में पार्किंग व शौचालय की सुविधा के साथ परिसर की सुंदरता बढ़ाने के लिए बेहतर लाइटिंग और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर के तालाब के सौंदर्यीकरण से क्षेत्र की सुंदरता और भव्यता बढ़ेगी। विकसित भारत के संकल्प के अनुरूप जनपद में विकास और सुविधाओं से जुड़े सकारात्मक बदलाव किए जा रहे हैं।

# डीएम-एसपी ने किया रोहिली मेले का निरीक्षण

समृद्धि न्यूज, गुरसहायगंज, कन्नौज।



जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने आज थाना तालग्राम क्षेत्र अंतर्गत प्रसिद्ध जाहरा देवी मंदिर पर लगने वाले रोहिली मेले का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का बारीकी से जायजा लिया और ड्यूटी पर तैनात पुलिस व प्रशासनिक अमले की मौजूदगी चेक की।

जिलाधिकारी ने कहा कि जाहरा देवी मंदिर का रोहिली मेला आस्था का बड़ा केंद्र है, जहां भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभागों को अलर्ट पर रखा गया है। साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था और चिकित्सा सुविधा के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। मेले को सकुशल और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराना हमारी प्राथमिकता है। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने कहा कि मेले की सुरक्षा के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। उन्होंने बताया कि भीड़ नियंत्रण, यातायात व्यवस्था और महिला सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजाम किए गए हैं। असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जा रही है और मेले में किसी भी तरह की अव्यवस्था बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है।

## पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव पहुंचे नगर पालिका अध्यक्ष के आवास, दिवंगत अशोक गुप्ता को दी श्रद्धांजलि



गुरसहायगंज, कन्नौज। नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज की अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता के रेलवे रोड स्थित आवास पर आज पूर्व मंत्री एवं पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह यादव पहुंचे। उन्होंने समाजसेवी स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदनाएं प्रकट कीं और परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान उन्होंने नगर पालिका परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता और नगर पालिका अध्यक्ष मुन्नी देवी गुप्ता से भेंट कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

इस मौके पर पूर्व मंत्री नरेंद्र सिंह यादव ने कहा कि स्वर्गीय अशोक कुमार गुप्ता एक सच्चे समाजसेवी और नेक दिल इंसान थे। उन्होंने हमेशा समाज के हर वर्ग के लिए निस्वार्थ भाव से कार्य किया। गुरसहायगंज के विकास और सामाजिक कार्यों में उनका योगदान कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनका सरल स्वभाव, मिलनसार व्यक्तित्व और सबको साथ लेकर चलने की सोच उन्हें सबसे अलग बनाती थी। उन्होंने कहा कि अशोक गुप्ता का जाना न केवल परिवार के लिए बल्कि पूरे नगर के लिए अपूरणीय क्षति है। उनकी कमी हमेशा खलेगी। ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करे। इस मौके पर डॉक्टर ऋतुराज यादव संजू गुप्ता उत्कर्ष गुप्ता सहित कई लोग मौजूद रहे।

# दोषियों को फास्ट ट्रैक कोर्ट से मिलेगी कड़ी सजा: असीम अरुण

- राज्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस
- एसपी को निष्पक्ष जांच और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के दिए निर्देश



समृद्धि न्यूज,कन्नौज।

बेहरिन गांव में शुक्रवार को प्रवेश कुमार दुबे की हत्या के बाद शनिवार को उत्तर प्रदेश सरकार के समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) एवं सदर विधायक असीम अरुण पीड़ित परिवार के घर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर संवेदना जताई और हर हाल में न्याय दिलाने का भरोसा दिया। मंत्री ने कहा कि सरकार इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ मजबूती से खड़ी है। उन्होंने पुलिस कार्रवाई की जानकारी लेते हुए कहा कि पुलिस श्वान दल ने अपराधियों तक पहुंचने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इसकी मदद से पुलिस आरोपितों को ट्रेस करने में सफल रही। असीम अरुण ने कन्नौज के पुलिस अधीक्षक से फोन पर वार्ता कर मामले की विवेचना पूरी निष्पक्षता और गंभीरता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने वैज्ञानिक साक्ष्यों का गहनता से संकलन करने को कहा, ताकि साक्ष्यों के आधार पर घटना की पूरी सच्चाई सामने आ सके और किसी स्तर पर विवेचना में कमी न रहे। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जघन्य अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। प्रकरण की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कराकर दोषियों को जल्द कड़ी सजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा, ताकि ऐसे अपराध करने वालों के बीच कानून का कड़ा संदेश पहुंचे।

# युवक हत्या मामले में परिजनों के जाम लगाने पर लिखा गया मुकदमा

- कई बार पुलिस से शिकायत करने पर भी नहीं हुई कार्यवाही
- कुत्ता काटने के विवाद में युवक की हत्या करने का आरोप

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

कोतवाली फतेहगढ़ क्षेत्र में पुलिस की लापरवाही के चलते एक बड़ी घटना सामने आई है। पालतू कुत्ते के काटने की शिकायत करने पर एक युवक को दबंगों द्वारा कई बार पीटा गया, जिससे इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक की पत्नी का आरोप है कि उसने मारपीट से लेकर पति की मौत तक कई बार थाने में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया। थक-हारकर पीड़िता ने अब पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

कोतवाली फतेहगढ़ के क्षेत्र लंगड़पुरा मौजा हुसैनपुर नौखण्डा निवासी प्रीति पत्नी स्व0 संदीप कुमार ने एसपी को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उनके पति संदीप कुमार 15 सितंबर की सुबह करीब 6 बजे टहलने निकले थे, तभी चंद्रपाल निवासी बलीपुर के पालतू कुत्ते ने उन्हें काट लिया। संदीप ने जब चंद्रपाल के घर जाकर इस बात की शिकायत की, तो नाराज होकर चंद्रपाल, उसकी पत्नी और साले ने संदीप के साथ मारपीट की। आरोप है कि दबंगों का मन इतने से नहीं भरा। उसी दिन सुबह 9 बजे चंद्रपाल और उसके साले ने संदीप को


मृतक का फाइल फोटो


परिजनों को समझाते कोतवाली प्रभारी

दोबारा पीटा। इसके बाद दोपहर करीब 12 बजे जब संदीप दवा लेने याकूतगंज जा रहे थे, तब स्वास्थ्य उपकेंद्र बलीपुर चौराहे के पास आरोपियों ने उन्हें फिर से घेर लिया और जमकर मारापीटा। राहगीरों के बीच-बचाव करने पर संदीप की जान बच सकी। उन्होंने इस घटना की शिकायत डायल 1076 पर की और 16 सितंबर को थाना कोतवाली फतेहगढ़ में भी लिखित शिकायत दी, लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस की इसी ढिलाई का फायदा उठाकर 17 सितंबर की शाम करीब 5 बजे चंद्रपाल, उसके भाई पिंटू, जयचंद और साले ने मिलकर संदीप को फिर से बेरहमी से पीटा और जान से मारने की धमकी दी। इस क्रूर पिटाई के चलते 18 सितंबर की सुबह करीब 9 बजे संदीप एक खेत के पास अचेत अवस्था में मिले। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहाँ इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। मृतक की पत्नी प्रीति का आरोप है कि 18 सितंबर को पति की मौत के बाद जब वह रिपोर्ट लिखाने कोतवाली फतेहगढ़ गई, तो पुलिस ने उनकी एक न सुनी और कोई भी कानूनी कार्रवाई करने से इनकार कर दिया। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की है, तब कहीं सुनवाई नहीं हुई तो परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को वहीं छोड़कर कोतवाली पहुंचे और मुख्य मार्ग पर जाम लगा दिया। आरोपियों की गिरफ्तारी व मुकदमे की मांग पर अड़ गये। काफी देर बाद क्षेत्राधिकारी ने कार्यवाही का भरोसा दिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद परिजन शव लेकर घर चले गये।

## एसडीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में सुनीं जनता की समस्यायें

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** शनिवार को तहसील के सभागार में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस उपजिलाधिकारी अभिषेक वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। स्थानीय सहित दूर दराज गाँव से आए फरियादियो ने अपनी अपनी शिकायतों को उपजिलाधिकारी के समक्ष रखा। 152 शिकायतों को सुनने के बाद मौके पर मात्र 7 शिकायतों का निस्तारण किया गया। इस दौरान राजस्व विभाग, पुलिस विभाग, आपूर्ति विभाग, विकास विभाग, विद्युत विभाग सहित नाली खड़ंजा आदि रही। उपजिलाधिकारी ने फरियादियों की शिकायतों को सभी विभाग के अधिकारियों से गम्भीरता से लेने के लिए निर्देशित किया। शिकायत करने पहुंचें फरियादियों की उनकी समस्याओं का निस्तारण कराए जाने का अश्वासन दिया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा, वन क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार, अधिशासी अधिकारी डा0 लव कुमार मिश्र, रजिस्टार प्रीतम सिंह, खण्ड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश पाल, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कम्पिल थानाध्यक्ष नितिन चौधरी, शमसाबाद थानाध्यक्ष सचिन चौधरी, मेरापुर थानाध्यक्ष नागेन्द्र सिंह अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।


शिकायतें सुनते एसडीएम

- आई 152 शिकायतों में से सात का मौके पर किया निस्तारण

# अनिल राजपूत ने चलाया गौ सेवा से सेवा संकल्प अभियान

**समृद्धि न्यूज,नवाबगंज।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत नगर पंचायत नवाबगंज में विविध जन कल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत के नेतृत्व में गौशाला में गौ सेवा और मंडपम गेस्ट हाउस में स्वच्छता अभियान चलाया गया। सेवा संकल्प अभियान के तहत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने गौशाला पहुंचकर गौवंश की सेवा की। उन्होंने खुद हरे चारे की कटाई कर सानी तैयार की और गायों को चारा खिलाया। इस दौरान गायों को माला पहनाकर उनका सम्मान किया गया और उन्हें गुड़ व केले खिलाए गए।


गायों के लिए चारा काटते अनिल राजपूत

अध्यक्ष ने गौशाला की व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लेते हुए, चारा, साफ-सफाई एवं अन्य जरूरी प्रबंधों की जानकारी ली और इस सेवा कार्य को निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष के नेतृत्व में सभी लोगों ने मंडपम गेस्ट हाउस पहुंचकर झाड़ू लगाई। परिसर में व्यापक स्तर पर सफाई की गई और आसपास की व्यवस्था का जायजा लिया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम भर नहीं है, बल्कि यह समाजसेवा और जनभागीदारी को बढ़ावा देने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने कहा कि गौ सेवा, स्वच्छता और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार, विकास गंगवार, अंबुज भारद्वाज, कुलदीप दीक्षित, प्रदीप राजपूत, अनुज राजपूत, अजीत शर्मा, लक्ष्मण राजपूत, राजेंद्र कठेरिया सहित नगर पंचायत कर्मी रमेश कुमार, रामनक्षत्र एवं लोग उपस्थित रहे।

## नोएडा में ऑटो चालक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बराकेशव निवासी एक युवक की नोएडा में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतक के पिता ने अपनी बहुए उसके भाइयों और गांव के एक अन्य युवक पर हत्या का गंभीर आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बराकेशव निवासी रामनरेश का 40 वर्षीय पुत्र शिशुपाल नोएडा में ऑटो रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। पिछले कुछ समय से शिशुपाल का जनपद कन्नौज निवासी उसके ससुराल पक्ष के लोगों के साथ रुपयों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था। पिता रामनरेश का आरोप है कि शिशुपाल के दोनों सालों ने उसे फोन पर कई बार जान से मारने की धमकी भी दी थी। बीती 13 सितंबर को नोएडा में रह रही गांव की ही एक महिला ने शिशुपाल के भतीजे जीतू को फोन कर सूचना दी कि शिशुपाल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। जीतू ने फोन पर उन्हें परिजनों के पहुंचने तक रुकने को कहा था। आरोप है कि इसके बावजूद शिशुपाल की पत्नी, गांव का उक्त युवक और एक अन्य व्यक्ति रात करीब 10 बजे शव लेकर सीधे गांव बराकेशव पहुंच गया। परिजनों ने बताया कि जब वे अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे, तब उन्होंने शिशुपाल के शरीर पर चोट के गंभीर निशान देखे। इसके बाद पिता रामनरेश ने पत्नी, सालों और अन्य सहयोगियों पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस से शिकायत की। घर में अकेला कमाने वाले शिशुपाल की अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक की 12 वर्षीय पुत्री प्राची, 10 वर्षीय पुत्र राघव और 6 वर्षीय पुत्र शिवांक का रो-रोकर बुरा हाल है। शनिवार को पिता ने थाने में नामजद आरोपियों के खिलाफतहरीर सौंपी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है और साक्ष्यों के आधार पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# ताइक्कांडो : खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में शनिवार को जनपदीय ताइक्कांडो प्रतियोगिता का शानदार आयोजन किया गया। खेल आयोजन में जिले के 20 विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ प्रतिभाग कर अपनी खेल प्रतिभा और दमखम का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला क्रीड़ा सचिव अतुल दास ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन करते हुए किया। मुकाबलों को निष्पक्ष और सुचारू रूप से संपन्न कराने के लिए रेफरी सुशांत गुप्ता और जिला ताइक्कांडो सचिव अजय प्रताप ने मुख्य निर्णायक की भूमिका निभाई। उनके साथ आदित्य राठौर, राशिका यादव,


मेडल दिखाते विजेता खिलाड़ी

अर्जुन सिंह, निकिता दुबे, रूबी और सागर दिवाकर भी निर्णायक मंडल में शामिल रहे। प्रतियोगिता के दौरान लेखा एवं रिकॉर्ड संधारण का कार्य इंजाज अहमद सिद्दीकी, राहुल यादव और अनिकेत भारद्वाज ने संपन्न किया। प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत ने सभी विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर विद्यालय की व्यायाम शिक्षिका आरती यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि इस जनपदीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पदक जीतने वाले खिलाड़ी आगामी 24 सितंबर को होने वाली मंडलीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे और जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

फतेहगढ़ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज दशम के छात्र अगस्त्य, मानवेन्द्र सिंह सोमवंशी के अलावा छात्रा भूमि सिंह, अर्पित के अलावा कई विद्यालयों के छात्रों का चयन किया गया।

## खबरें एक नजर में

### तमंचा कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मऊदरवाजा पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को अवैध असलहे के साथ गिरफ्तार किया गया है। जिसके आधार पर आरोपी के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 12 बोर और 01 जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी युवक ने अपना नाम सिंटू राजपूत पुत्र रामनिवास निवासी दीवान मुबारक उत्तर थाना मऊदरवाजा बताया। पुलिस ने धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर आरोपी के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थाना प्रभारी अजब सिंह, उ.नि. कासिफ हनीफ, का. नितिन कुमार, का. नरेश कुमार, का. प्रियांक चौधरी के नाम शामिल है।

### दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, दो घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सिरौली में शनिवार को गाली-गलौज का विरोध करने पर दो पक्षों के बीच जमकर बवाल हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि लाठी-डंडों के साथ-साथ धारदार हथियार भी निकल आए। इस हिंसक झड़प में एक पक्ष के शैलेश कुमार समेत दो लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। पुलिस ने घायलों को डॉक्टरी परीक्षण और इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है। घटना के संबंध में घायल शैलेश के भाई विमलेश कुमार पुत्र गिरीश चंद्र ने नवाबगंज थाने में लिखित तहरीर दी है। विमलेश ने बताया कि गांव के ही कुछ दबंग व्यक्ति उन्हें और उनके परिजनों को अकारण भद्दी-भद्दी गालियां दे रहे थे। जब उन्होंने गालियां देने से मना किया, तो आरोपियों ने आगबबूला होकर जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। इस जानलेवा हमले में शैलेश कुमार के सिर पर धारदार हथियार से वार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई हैं। बीच-बचाव करने आए परिवार के अन्य सदस्य भी घायल हुए हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल कार्रवाई की है। विमलेश की तहरीर के आधार पर पुलिस ने धारा 191(2), 115(2), 362, 351(3) और 118(1) के तहत अखिलेश कुमार पुत्र गिरन्द सिंह, अश्विनी पुत्र अखिलेश, देवांशु पुत्र अखिलेश, विक्की पुत्र अखिलेश के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, यह मामला दो पक्षों के बीच मारपीट का है। घटना के बाद विपक्षी पार्टी की तरफ से भी थाने में तहरीर दी गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने क्रॉस एनसीआर दर्ज कर ली है। पुलिस दोनों पक्षों की शिकायतों को दर्ज कर मामले की निष्पक्ष जांच कर रही है और गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिये उत्कृष्ट कार्य वाले शिक्षकों को मिलेगा बालिका शिक्षा पुरस्कार

- ऑनलाइन आवेदन करने हेतु आज अन्तिम मौका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बालिका शिक्षा पुरस्कार हेतु आवेदन करने का शिक्षको के लिये आज 20 सितम्बर आखरी मौका है। माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं को सीखो-सिखाओ अवार्ड्स के अन्तर्गत बालिका शिक्षा पुरस्कार दिया जाएगा। जिसके लिये आनलाइन आवेदन करने की आज अन्तिम तिथि है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक ऐसे शिक्षक-शिक्षिकाओं को यह पुरस्कार दिया जाएगा जिन्होंने बालिका शिक्षा एवं उनके सशक्तिकरण के लिये उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय कार्य किये हों। यह पुरस्कार उन शिक्षक-शिक्षिकाओं के उल्लेखनीय प्रयासों को पहचान देगा जिन्होंने बालिकाओं के नामांकन, नियमित उपस्थिति, शिक्षा की निरन्तरता, उच्च शिक्षा के लिये प्रोत्साहन तथा सशक्तिकरण के लिये अनुकूल वातावरण विकसित करने की दिशा में असाधारण कार्य किया है। सीखो-सिखाओ अवार्ड्स के तहत मिलने वाले बालिका शिक्षा पुरस्कार के लिये पिछले 30 अगस्त से आवेदन पत्र मांगे गये थे। आनलाइन आवेदन करने के लिये शिक्षक-शिक्षिकाओं को आज 20 सितम्बर अन्तिम मौका होगा। पुरस्कार माध्यमिक शिक्षा के राजकीय इण्टर कॉलेजों में कार्यरत शिक्षकों के लिये है। राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त शिक्षिका एवं राजकीय बालिका इण्टर कालेज की उप प्रधानाचार्य आदेश गंगवार ने कहा कि पुरस्कार की व्यवस्था से बालिकाओं के विकास हेतु शिक्षक-शिक्षिकाएं प्रयासरत रहेंगी।

# डीएम ने खंडौली गौशाला एवं पिथनापुर पंचायत घर का किया निरीक्षण


निरीक्षण करती जिलाधिकारी

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर ने तहसील समाधान दिवस के आयोजन के उपरांत जनपद में विकासकार्यों की प्रगति के परीक्षण हेतु अमृतपुर तहसील स्थित विकासखण्ड राजेपुर ग्राम खंडौली में गौशाला एवं पंचायत घर पिथनापुर का औचक निरीक्षण किया। डीएम खंडोली गौशाला का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि गौशाला में सघन वृक्षारोपण कराकर रोपित पौधों का संरक्षण करें। मादा बछड़ों को पात्र कुपोषित परिवारों को उपलब्ध कराएं, जिससे बछड़ों को पालन पोषण के साथ कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार प्राप्त हो सके। गौशाला में संरक्षित प्रत्येक गौवंश की ईयर टैगिंग कराएं, इसके साथ ही गौवंश की देखरेख हेतु तैनात संरक्षकों को समय पर भुगतान पूर्ण कराएं। बीमार पशुओं को स्वस्थ पशुओं के अलग रखने की व्यवस्था करें, जिससे स्वस्थ पशुओं को संक्रमण से बचाया जा सके। डीएम ने गौवंश को गुड़ एवं चना भी खिलाया। गौशाला में उपस्थित अधिकारी ने बताया कि इस गौशाला में कुल 263 पशु संरक्षित है, जिनमे 195 नर गौवंश एवं 68 मादा गौवंश सम्मिलित है। सभी पशुओं का टीकाकरण पूर्ण कराया जा चुका है। वृक्षारोपण अभियान के तहत इस गौशाला में 05 छायादार वृक्षों का रोपण किया गया, जिन्हें समय-समय पर उचित देखरेख प्रदान की जा रही है। गौशाला में गोवंश की संरक्षण हेतु 05 शैड बनाए गए हैं, जिनमे से प्रत्येक शेड में 50 गोवंश को रखने की क्षमता है। गौशाला में प्रतिदिन गोवंश के भरण पोषण हेतु 33 कुंतल हरा चारा उपलब्ध कराया जाता है इसके साथ ही वर्तमान समय में 68 कुंतल भूसा भी उपलब्ध है। वहीं डीएम ने ग्राम पिथनापुर स्थित पंचायत घर का निरीक्षण किया। पंचायत घर के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने फीता काटकर नवनिर्मित पुस्तकालय का शुभारंभ किया। यहां पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पुस्तकालय में अध्ययन हेतु आने वाले महानुभावों के लिए पर्याप्त प्रकाश की व्यवस्था तथा पुस्तकालय को नियमित रूप से साफ एवं स्वच्छ रखें, इसके साथ ही पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों की सूची पंचायत घर के मुख्य द्वार की दीवार पर चस्पा कराई जाए। उन्होंने ग्राम प्रधान को निर्देश दिए कि ग्राम की सभी कृषकों की फार्मर रजिस्ट्री शत प्रतिशत रूप से पूर्ण की जाए।

## जिलाधिकारी ने पीएचसी अमृतपुर का किया निरीक्षण


पीएचसी का निरीक्षण करती जिलाधिकारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अमृतपुर तहसील में आयोजित तहसील दिवस के उपरांत जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर और मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आनंद उपाध्याय ने क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं का जायजा लेने के लिए पीएचसी अमृतपुर एवं पीएचसी पिथनापुर का औचक निरीक्षण किया। पीएचसी अमृतपुर में एएनएम के मातृत्व अवकाश एवं पदोन्नति प्रशिक्षण पर होने के कारण बाधित प्रसव सेवाओं को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी के निर्देश पर सीएमओ ने तत्काल एक स्टाफनर्स की नियुक्ति के आदेश दिए। पीएचसी अमृतपुर में निरीक्षण के दौरान फार्मासिस्ट के गैरहाजिर मिलने पर जिलाधिकारी ने संबंधित के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। सीएचसी अमृतपुर में सीबीसी सहित अन्य जांच मशीनों को निर्बाध रूप से संचालित रखने का निर्देश दिया गया, ताकि मरीजों को जांच के लिए भटकना न पड़े। पीएचसी पिथनापुर के निरीक्षण के दौरान सामने आया कि एएनएम अंजुम निशा द्वारा प्रतिमाह औसतन 30 से अधिक प्रसव कराए जाते हैं। प्रसूता महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर 9 ग्राम से अधिक संतोषजनक पाए जाने पर अधिकारियों ने मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की सराहना की। बाढ़ का पानी उतरने के बाद जलजनित व संक्रामक बीमारियों के संभावित खतरे को देखते हुए डीएम ने स्वास्थ्य विभाग को निगरानी बढ़ाने, दवाओं की उपलब्धता रखने और स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएचसी राजेपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 प्रमित राजपूत एवं पीएचसी अमृतपुर के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ0 गौरव वर्मा सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पत्नी के न आने पर युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

**समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।**

- परिजनों की गैरमौजूदगी में रिश्तेदारों ने किया अंतिम संस्कार

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के ग्राम नेकपुर में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। पत्नी के साथ रहने से साफइनकार कर देने के सदमे में 28 वर्षीय युवक दिलीप शाक्य ने ट्रेन के आगे खड़े होकर जीवन लीला समाप्त कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया।

जानकारी के अनुसार ग्राम नेकपुर निवासी स्वर्गीय रामसेवक शाक्य का पुत्र दिलीप बीती रात करीब 9 बजे अपने घर रिश्तेदारों के यहां से निकला था। उसने गांव के सामने ही कायमगंज की ओर से आ रही ट्रेन के आगे खड़े होकर आत्महत्या कर ली। टक्कर इतनी तेज थी कि दिलीप का शव करीब 30-40 मीटर तक पटरी पर घसिटता चला गया, जिससे उसका शरीर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। सुबह ग्रामीणों ने रेलवे ट्रैक के बीच शव देखकर पुलिस को सूचना दी। जानकारी के अनुसार, दिलीप का विवाह बिहार की एक युवती से हुआ था और उनकी एक मासूम बच्ची भी है। करीब दो वर्ष पूर्व पत्नी अपनी बच्ची के साथ मायके चली गई थी।

दिलीप लगातार उसे वापस लाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन पत्नी ने उसके साथ रहने से साफ मना कर दिया। इसी गम और मानसिक तनाव के कारण दिलीप परेशान रहता था। दिलीप राजस्थान के गंगानगर में मजदूरी करता था और करीब दो माह पूर्व ही गांव आया था। उसके पिता ने पूर्व में ही अपना मकान और खेती बेच दी थी, जिसके कारण दिलीप गांव में रिश्तेदारों के पास रह रहा था। उसकी मां और छोटा भाई गंगानगर में ही रहते हैं। घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई थी, लेकिन इसके बावजूद दाह संस्कार के समय तक मां और भाई पांचाल घाट नहीं पहुंचे। आखिरकार परिवार के ही एक रिश्तेदार युवक ने दिलीप की चिता को मुखाग्नि दी। थानाध्यक्ष अजब सिंह ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर विधिक कार्रवाई पूरी कर ली गई है।

## दबंगों ने बेवा को पीटा, मुकदमा दर्ज, पुलिस ने बदली तहरीर

**मोहम्मदाबाद, समृद्धि न्यूज।** थाना मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव हैदरपुर निवासिनी अनीता पत्नी स्वर्गीय आनंद कुमार ने गांव के ही श्री दयाल पुत्र राजेश्वर दयाल, जितेंद्र कुमार, विपिन, अतुल पुत्रगण श्रीपाल के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। तहरीर के अनुसार 17 सितंबर समय शाम 5 :30 बजे मैंने उपरोक्त आरोपित श्री दयाल से कहा कि तुम हर बार मेरे खेत की मेड क्यों जोत देते हो, इसी बात को लेकर उपरोक्त आरोपित श्री दयाल गाली-गलौज कर मारपीट करने लगा। मेरी पुत्र वधु अनुष्का ने बीच बचाव कर दिया। इसके बाद श्री दयाल अपने घर चला गया और कुछ ही देर बाद अपने भतीजे जितेंद्र कुमार, विपिन, अतुल पुत्रगण श्रीपाल के साथ आया और गाली-गलौज करते हुए सभी आरोपित मेरे घर में घुस आए और मेरे साथ लाठी डंडों एवं धारदार हथियार से मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर चले गए। पीड़िता अनीता ने बताया कि पुलिस ने थाने में एक सादा कागज पर मेरे हस्ताक्षर करवा लिये और कहा कि तुम घर जाओ कल मुकदमे की नकल ले जाना जब मैं आज थाने गई और जब मुझे थाने से मुकदमे की नकल मिली तो देखा कि उसमें घर में घुसकर और धारदार हथियार से हमले की बात तहरीर से हटा दी गई। अपने मनमाने ढंग से पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मेरे पुत्र शिवम व देवर श्याम बिहारी के विरुद्ध झूठा मुकदमा दर्ज करवा दिया।

# व्यापारियों ने गणपति बाप्पा की पूजा-अर्चना कर लिया आशीर्वाद


भगवान गजानन की आरती करते भक्तगण

**समृद्धि न्यूज,कायमगंज।**

नगर के मोहल्ला पटवारी में लोकेश शर्मा द्वारा गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। इस धार्मिक आयोजन में शनिवार को उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता उर्फ मंसाराम अपने संगठन के पदाधिकारियों के साथ पहुंचे और विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। जिलाध्यक्ष सुबोध गुप्ता एवं उपस्थित अन्य अतिथियों ने भगवान गणेश की महाआरती कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि और शांति के लिए आशीर्वाद मांगा। इस पावन अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरुण दुबे, विनय सक्सेना, दिलीप वर्मा, ऋषि प्रताप, जयप्रकाश भारद्वाज, राजमंगल दीक्षित, गुंजन चतुर्वेदी, राजीव अवस्थी, लालू शर्मा, खजांची यादव, सनी गुप्ता, अनूप कौशल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु उपस्थित रहे।

सभी भक्तों ने भगवान गणेश की आरती उतारकर प्रसाद ग्रहण किया और बाप्पा के जयकारों से पूरा वातावरण धर्ममय हो गया।


गाय को गुड़ व चारा खिलाते सांसद

## सांसद ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण

**फर्रुखाबाद।** गौ सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आज सांसद मुकेश राजपूत ने विकासखण्ड मोहम्मदाबाद स्थित गौ आश्रय स्थल सितवनपुर पिथू गौशाला का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सांसद ने गौ सेवा करते हुए गौवंश को गुड़, चना एवं हरा चारा खिलाया गया। सांसद ने गौशाला की व्यवस्थाओं की जानकारी खण्ड विकास अधिकारी राघवेन्द्र सिंह, ग्राम पंचायत सचिव अवधेश बाथम एवं ग्राम प्रधान शेर बहादुर सिंह से प्राप्त की गई। अधिकारियों द्वारा अवगत कराया गया कि गौशाला में लगभग 380 गौवंश संरक्षित हैं तथा 12 गौपालक कार्यरत हैं। सांसद ने संबंधित ग्राम पंचायत सचिव, ग्राम प्रधान एवं पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि गौशाला में किसी भी स्थिति में कीचड़ की स्थिति उत्पन्न न होने पाए तथा गौवंश के लिए पर्याप्त हरे चारे की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पशु चिकित्साधिकारी को गौवंश का नियमित टीकाकरण सुनिश्चित कराने तथा गौपालकों को प्रत्येक माह मानदेय का भुगतान समय से कराए जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

## बाइक व मोबाइल चोरी का आरोपी हिरासत में

**नवाबगंज।** थाना क्षेत्र के ग्राम जानकीपुर निवासी कन्हैया लाल की बाइक और मोबाइल चोरी के मामले में पुलिस ने एक आरोपी को हिरासत में लिया है। वहीं, मामले में पुलिस कर्मियों से सांठगांठ कर आरोपी को बचाने के लिए कथित दलालों की सक्रियता भी तेज हो गई है। जानकारी के अनुसार जानकीपुर निवासी कन्हैया लाल बीते बुधवार की रात अपनी बाइक से खेतों की तरफशौच के लिए गया था। गांव ढभौआ मोड़ पर स्थित एक खोखे के पास बाइक खड़ी कर वह वहीं सो गया। इसी दौरान रात में अज्ञात चोर उसकी बाइक और पास में रखा मोबाइल चुरा ले गए। पीड़ित ने गुरुवार को थाने पहुंचकर अज्ञात चोर के खिलाफतहरीर दी थी। सूत्रों की मानें तो चोरी हुई बाइक को कुछ लेन-देन के बाद वापस भी करा दिया गया था। वहीं शनिवार को पुलिस ने चोरी के इस मामले में एक आरोपी को हिरासत में ले लिया, जिससे पूछताछ की जा रही है। आरोपी के हिरासत में आते ही थाने में कथित दलालों का जमघट शुरू हो गया है।

# तहसील समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

शासन के निर्देशानुसार माह के तृतीय शनिवार को आयोजित तहसील समाधान दिवस का आयोजन आज तहसील अमृतपुर के सभागार में जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में किया गया। जिलाधिकारी ने तहसील समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं एवं शिकायतों को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि तहसील समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। शिकायतों का निस्तारण केवल



शिकायतें सुनती जिलाधिकारी

औपचारिकता न हो, बल्कि मौके पर जाकर शिकायत की वास्तविक स्थिति की जांच करते हुए, गुणवत्तापूर्ण समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतकर्ता को निस्तारण से संतुष्ट किया जाना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने राजस्व संबंधी मामलों में संबंधित राजस्व अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि भूमि विवाद, पैमाइश, नामांतरण, कब्जा एवं अन्य राजस्व प्रकरणों में नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि जिन शिकायतों का निस्तारण तत्काल संभव है, उनका मौके पर ही समाधान कराया जाए तथा जिन प्रकरणों में समय की आवश्यकता है, उनमें निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्यवाही पूर्ण की जाए। तहसील समाधान दिवस में राजस्व, पुलिस, विकास, विद्युत, स्वास्थ्य, समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है। अमृतपुर तहसील में आयोजित तहसील दिवस में कुल 78 शिकायती पत्र प्राप्त हुए, जिसमें राजस्व विभाग की 33, पुलिस विभाग की 12, विकास विभाग की 10, विद्युत विभाग की 04, खाद्य एवं रसद विभाग की 05 एवं 14 शिकायतें अन्य विभागों से संबंधित रहीं तथा मौके पर 05 शिकायतों का समाधान किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी विनोद कुमार गौड़, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आनन्द उपाध्याय, उप जिलाधिकारी अमृतपुर स्वेता साहू, क्षेत्राधिकारी अमृतपुर राजेश कुमार द्विवेदी, परियोजना निदेशक डीआरडीए कपिल कुमार, जिला पंचायत राज, तहसीलदार अमृतपुर शशांक सिंह, अधिकारी अविनाश चंद्र सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डायबिटीज जागरूकता स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

लायंस क्लब द्वारा शनिवार को गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में डायबिटीज जागरूकता स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वल एवं माँ सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्पण एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। शिविर का उद्देश्य शिक्षकों को मधुमेह के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। चिकित्सक डॉ. विपुल अग्रवाल, डॉ. सिम्मी अग्रवाल स्त्री रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.उदय राज, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ.ओ.पी. महेश्वरी के नेतृत्व में शिविर संपन्न हुआ। शिक्षकों की ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच की गई। चिकित्सकों ने शिक्षकों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, तनाव से



स्वास्थ्य शिविर में मौजूद चिकित्सक व अन्य

बचाव तथा नियमित स्वास्थ्य जाँच के महत्व के बारे में आवश्यक सुझाव भी दिए। निदेशक विनोद कुमार अग्रवाल, प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, लायंस क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट राजन महेश्वरी, लायंस क्लब के प्रेसिडेंट मुदित टंडन, लायंस क्लब के सेक्रेटरी सौरभ अग्रवाल, रोहित गुप्ता, सरदार गुरविंदर सिंह, नीरज रस्तोगी, रचित टंडन, विवेक अग्रवाल आदि की उपस्थित रही। प्रधानाचार्य डॉ. लकी चावला ने अतिथियों का स्वागत किया। डॉ. विपुल अग्रवाल एवं डॉ. सिम्मी अग्रवाल ने शिक्षकों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने तथा स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। उप-प्रधानाचार्या डॉ. अंजू सिंह ने सभी चिकित्सकों एवं कार्यक्रम से जुड़े सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## रंगेश्वर महादेव गणेश पंडाल में रामायण पाठ आरंभ



कार्यक्रम में मौजूद श्रीराम के स्वरूप

**सायंकाल मना श्रीराम जन्मोत्सव**

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। रंगेश्वर महादेव गणेश पंडाल में प्रातः काल रामायण पाठ का शुभारंभ हुआ। सायं काल श्री राम जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमें भगवान राम के जन्म और भगवान विष्णु की दिव्य झांकी के दर्शन भक्तों ने किए। इस अवसर पर कौशल्या के रूप में नैना खन्ना, विष्णु भगवान के रूप में श्रेयान मिश्रा, बाल रूप राम के रूप में कियाश ने मनोहारी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में रंजना अरोड़ा, डॉ० विवेक सक्सेना, डॉ० शोभा सक्सेना, मयंक सक्सेना, नवीन मिश्रा, गौरव, सौरव दुबला, राजीव दीक्षित, सुरेन्द्र पांडे, पंकज, प्रांजल, मुकेश रस्तोगी, रमेश दुबे, नरेन्द्र नाथ मिश्र, नरेंद्र पांडे, रमा पांडे, जगदीश, विकास अवस्थी, नैतिक तिवारी, रेनू दुबे, विवाह अरोड़ा, नमन पांडे सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहे।

# जनपद के प्रमुख मंदिरों में धूमधाम से मना श्री राधा जन्मोत्सव

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पांचाल क्षेत्र में श्री राधा रानी का जन्मोत्सव नगर के प्रमुख मंदिरों में बड़ी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। पूरा क्षेत्र श्री राधा रानी की जय, बरसाने वाली की जय जय, श्री राधे-राधे के जयकारों से गूंज उठा।

नगर के श्री राधा माधव मंदिर घमण्डी कूंचा, श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड, ठाकुर लक्ष्मीनरायण मंदिर गोटा वाले रेलवे रोड, ठाकुर द्वारा श्री राधा गोपाल मंदिर घुमना बाजार, गोपीनाथ मंदिर खटराना, ठाकुर द्वारा मदन गोपाल मंदिर लोहाई रोड, श्री राधा कृष्ण मंदिर अंगूरी बाग, श्री राधा कृष्ण मंदिर मोमबत्ती गली नेहरू रोड, श्री लक्ष्मीनारायण राधा कृष्ण मंदिर खतराना सहित सभी मंदिरों में प्रातः काल 4 बजे अमृतवेला में श्री राधा-कृष्ण का भव्य एवं दिव्य मंगला दर्शन हुआ। पंचामृत एवं पवित्र नदियों के जल द्वारा महाअभिषेक विद्वान पंडितों द्वारा वैदिक मंत्रों, स्वस्तिवाचन, मंगलाचरण एवं श्री राधा सहस्त्रनाम के जाप, श्री राधा स्त्रोत, श्री राधा कृपाकटाक्ष के द्वारा उपासना, भजन-कीर्तन के साथ बधाई-गीत गाकर उत्सव मनाया गया। श्री राधा माधव मंदिर घमण्डी कूंचा में प्रातः काल मंगला दर्शन में सेवायत आचार्य डॉ० मनमोहन गोस्वामी, चिन्मय गोस्वामी द्वारा पंचामृत दूध, दही, शहद, केसर एवं गंगा जल द्वारा महा अभिषेक किया गया। विद्वान पंडितों द्वारा श्री राधा सहस्त्रनाम, राधा स्त्रोत-पाठ मंगला चरण के साथ श्री राधा जी की उपासना भक्तों ने की। भजन-कीर्तन, बधाई-गीत महिला संकीर्तन मंडल द्वारा गाए गए।



राधे-राधे से गूंजा पांचाल क्षेत्र

राधा रानी को लगे छप्पन भोग

श्री राधा श्याम शक्ति मंदिर लोहाई रोड में 50वाँ श्री राधा रानी का प्राकट्य उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। प्राचीन मन्दिर श्री पाण्डेश्वर नाथ मन्दिर में श्री गणेश पण्डाल में श्री राधा रानी का प्राकट्य उत्सव मुख्य यजमान रानू शुक्ला सपत्नीक के साथ विद्वान पण्डितों पं० राजेन्द्र नाथ मिश्र, प्रमोद मिश्रा, ओंकार नाथ मिश्र, पं० शिव नारायण वैदिक मंत्रों के साथ पंचामृत से अभिषेक कराया। मनीष मिश्रा, अनिल त्रिपाठी, गणेश मिश्रा, मयंक गुप्ता, विजय शर्मा, दीपू गुप्ता, दिव्यांशु अग्निहोत्री, शिवम् रस्तोगी, श्याम मिश्रा श्री राधा रानी का भजन-कीर्तन के साथ जन्मोत्सव मनाया और प्रसाद वितरण किया। महाकाल मंदिर में श्री राधा प्राकट्य उत्सव अर्चना के निर्देशन में भजन मण्डली के साथ विशेष पूजा-अभिषेक, भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया।

# पं. विमल प्रसाद तिवारी की 21वीं पुण्यतिथि 26 अक्टूबर को

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

पं. विमल प्रसाद तिवारी स्मृति संस्थान की बैठक में पूर्व विधायक स्व. पं. विमल प्रसाद तिवारी की 21वीं पुण्यतिथि मनाने की रूपरेखा तय की गई है। कार्यक्रम 26 अक्टूबर दिन सोमवार को प्रातः 11:30 बजे स्टेट बैंक रोड स्थित अग्रवाल सभा भवन में आयोजित किया जाएगा। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। नगर पालिका परिषद के सभी सभासदों को कर्मयोगी सम्मान से नवाजा जाएगा। वहीं, बद्री विशाल महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रश्मि प्रियदर्शी को गोरखपुर विश्वविद्यालय के संस्थापक प्रो. प्रमोदचन्द्र मिश्र सम्मान प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा, कोविड-19 महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर मरीजों का उपचार करने वाले तीन चिकित्सकों-डॉ. हरिदत्त द्विवेदी, डॉ. प्रभात कुमार गुप्ता और डॉ. गौरव दीक्षित को स्वास्थ्य प्रहरी सम्मान से सम्मानित करने का निर्णय लिया गया है। सचिव आदेश तिवारी ने ने बताया कि आयोजन प्रदेश के कारागार राज्य मंत्री सुरेश राही, नगर पालिका अध्यक्ष वत्सला अग्रवाल, मिथिलेश अग्रवाल, शिवओम अम्बर के सानिध्य में संपन्न होगा। बैठक में मुख्य रूप से श्रवण कुमार चतुर्वेदी, इमरान खां, हिमांशु गुप्ता, आदेश तिवारी, सैयद नाजिर हुसैन, जीशान अंसारी, भारत सिंह, पुनीत पालीवाल, अंकुर तिवारी, विनोद कुमार वर्मा, बिल्लू वर्मा, जगदीप सिंह छाबड़ा, रामश्याम अवस्थी और पवन रस्तोगी आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### अधिवक्ता परिषद काशी की बैठक में सिविल सूट पर हुई चर्चा

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद। अधिवक्ता परिषद काशी प्रांत के स्वाध्याय मंडल की बैठक संपन्न हुई। बैठक में इंजेक्शन सूट (सिविल सूट) विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेंद्र नाथ शुक्ला, प्रांत प्रमुख स्वाध्याय मंडल उपस्थित रहे। अध्यक्षता सत्येंद्र कुमार पाठक ने की। मुख्य वक्ता सुरेंद्र नाथ मिश्रा रहे। इस अवसर पर प्रमुख रूप से उमा मिश्रा, जिला महामंत्री हरिप्रकाश मिश्रा, प्रांत कार्यकारी अध्यक्ष भानु प्रकाश मिश्रा, अभिषेक मिश्रा, रौनक सक्सेना, गौरव मिश्रा, अमल सिंह परिहार, विजेंद्र सिंह, विभा दुबे, विभा बाजपेयी, पूजा गुप्ता, नंद किशोर दीक्षित, अजय दुबे, सचिन राजपूत, शिवम् त्रिपाठी आदि अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### राठौर, साहू समाज का वार्षिक अधिवेशन आज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद। जिला राठौर, साहू समाज द्वारा बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में वार्षिक अधिवेशन एवं मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह का आयोजन रविवार 20 सितम्बर को होगा। जिसमें मुख्य अतिथि नगर विकास राज्य मंत्री राकेश राठौर होंगे। यह जानकारी जिलाध्यक्ष राम सिंह राठौर ने दी है।

### लायंस क्लब का सेरेमनी कार्यक्रम आज

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद। लायंस क्लब फर्रुखाबाद सिटी द्वारा सेरेमनी कार्यक्रम का आयोजन 20 सितम्बर रविवार शाम 6 बजे आयोजित होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी संजय गर्ग ने दी है।

### डीएन कालेज में बौद्धिक संगोष्ठी सम्पन्न

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद। शनिवार को एन.एस.एस. के तत्वावधान में युवा संवाद विषय पर एक बौद्धिक संगोष्ठी का आयोजन डीएन डिग्री कालेज में प्राचार्य प्रो. आलोक कुमार सिंह की अध्यक्षता व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मो. अमीन के नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ माँ वाणी की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पुष्पार्पण कर किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में धर्मेन्द्र प्रधानाचार्य सरस्वती शिशु मन्दिर व अतिथि के रूप में श्रवण कुमार शासकीय अधिवक्ता, रजत एवं अनुरूद्ध प्रताप सिंह उपस्थित रहे। मुख्य वक्ता व अन्य उपस्थित अतिथियों के द्वारा युवाओं को उनकी अन्तर्निहित शक्तियों का राष्ट्र हित में उपयोग कैसे करें के सम्बन्ध में जागरूक किया तथा नशा उन्मूलन पर विस्तृत रूप से चर्चा हुई। कार्यक्रम में छात्र/छात्राओं की उपस्थिति सम्मानजनक रही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मो. अमीन मन्सूरी ने धन्यवाद ज्ञापित किया। शिक्षकगण डॉ. अजहर जुनैद आलम, डॉ. पंचम कुमार, विनय कुमार बाथम सहित अन्य स्टाफउपस्थित रहा।

### सीडीओ की अध्यक्षता में 110 में छह का हुआ निस्तारण

खागा, फतेहपुर। तहसील परिसर के सभागार कक्ष में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसमें 110 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई और मौके पर लगभग 6 का निस्तारण किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में बिजली, सड़क, आवास, चकमार्ग, पूर्ति विभाग, विकास, पीडब्लूडी, चकबंदी, भूमि पर जबरन कब्जा, जल निकासी विवाद, चक रोड पर कब्जा, सरकारी जमीन आदि रही। समाधान दिवस में सीडीओ ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस में आई हुई शिकायतों का एक सप्ताह के भीतर गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण किया जाय। शिकायतें लम्बित नहीं रहनी चाहिए। इसी के साथ-साथ शासन से प्राप्त शिकायतों का अति शीघ्र निस्तारण करें। सरकार की लाभकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए तत्परता से कार्य करें। इस मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, उपजिलाधिकारी अश्वनी पान्डेय, सीओ रवि प्रकाश सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी धाता संजय कुमार सिंह, खण्ड शिक्षाधिकारी ऐरायां रत्ना मणि मिश्रा, एडीओ समाज धाता, विजयीपुर, अविनाश पान्डेय, लिपिक अजीत सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी आशीष पांडेय सहित अन्य विभाग एवं सभी थानों के एस आई मौजूद रहे।

# बसपा की बैठक मे संगठन पर हुई मजबूती से चर्चा

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।

बसपा जिला स्तरीय संगठन की समीक्षा बैठक राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री के दिशा निर्देश पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता, वीर प्रकाश लोधी एडवोकेट जिलाध्यक्ष ने किया, जिसमें मुख्य अतिथि घनश्याम चंद्र खरवार पूर्व सांसद, मुख्य मंडल प्रभारी प्रयागराज ने कहा की जिले की सभी विधानसभाओं को सेक्टर व बूथ कमेटी बनाकर मजबूत करना है और 9 अक्टूबर को कांशीराम की पुण्यतिथि पर पिछले साल की तरह लखनऊ पहुंचना है, जिलाध्यक्ष वीर प्रकाश लोधी ने जिले के संगठन की पूरी जानकारी दिया और कहा की संगठन मजबूत हो रहा है जहां पर कुछ कमी है उसको पूरा किया जाएगा व जिले की सभी विधानसभाओं से सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता बहुजन समाज के लोगो को पहुंचना है। बैठक में जगन्नाथ पाल, अशोक कुमार गौतम पूर्व राज्यमंत्री, मुरलीधर पूर्व विधायक, डॉ. एसपी सिद्धार्थ, अभिषेक प्रताप सिंह, विवेक कुमार माधुरे, अशोक कुमार कोरी, महेश मिश्रा, हाजी सगीर, सूर्य भवन फैजी, सूर्यपाल लोधी, चन्दन सिंह लोधी, अमर नाथ निडर, लालूपाल, चेतराम गौतम, रोशन गौतम गुलाब पासी, संदीप जडेजा, सुरेश कुमार पेशकार सहित सभी विधानसभाओं के पदाधिकारी व कार्यकर्ता व बीवीएफ के जवान मौजूद रहे।

# ब्रिज कोर्स को नौकरी समाप्त करने की शर्त न बनाया जाए

- केवल विभागीय प्रशिक्षण के रूप में हो पूर्ण
- बीएड प्राथमिक शिक्षकों ने सचिव बेसिक शिक्षा परिषद प्रयागराज को भेजा ज्ञापन

समृद्धि न्यूज,फर्रूखाबाद।

उत्तर प्रदेश के प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत बीएड योग्यताधारी शिक्षकों ने 6 माह के ब्रिज कोर्स की शर्तों और विसंगतियों को लेकर विरोध दर्ज कराया है। इस संबंध में शिक्षकों ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी के माध्यम से सचिव उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज को ज्ञापन पत्र सौंपा है। शिक्षकों का कहना है कि वे पिछले लगभग 6 वर्षों से पूरी निष्ठा



बीएसए को ज्ञापन सौंपते शिक्षक

और ईमानदारी के साथ परिषदीय विद्यालयों में अध्यापन कार्य कर रहे हैं। उनकी नियुक्ति वर्ष 2018 के मूल विज्ञापन और निर्धारित विधिक प्रक्रियाओं के तहत हुई थी। मूल विज्ञापन में केवल सेवाकालीन प्रशिक्षण पूर्ण करने का नियम था, किसी परीक्षा या उसमें असफल होने पर नौकरी समाप्त करने जैसी शर्त नहीं थी। नए नियमों के अनुसार ब्रिज कोर्स की परीक्षा में असफल होने पर सेवा से अयोग्य घोषित करने की शर्त जोड़ी गई है, जिससे 6 साल से कार्यरत शिक्षकों के भविष्य पर अनिश्चितता का संकट मंडरा रहा है। गाइडलाइंस में महिला शिक्षिकाओं के मातृत्व अवकाश या विशेष परिस्थितियों से संबंधित कोई स्पष्ट दिशानिर्देश शामिल नहीं हैं। शिक्षण कार्य के साथ-साथ जनगणना, निपुण भारत और कर्मयोगी जैसे राष्ट्रीय व विभागीय दायित्वों के बीच नौकरी जाने के भय से शिक्षक अत्यधिक मानसिक अवसाद महसूस कर रहे हैं।

शिक्षकों ने मांग की है कि 6 माह के ब्रिज कोर्स को सेवा समाप्ति या कड़े कड़े नियमों की शर्त बनाने के बजाय पूर्व में आयोजित प्रशिक्षणों की तरह ही विभागीय स्तर पर एक क्षमता संवर्धन प्रशिक्षण के रूप में सुलभ तरीके से पूर्ण कराया जाए। इस मौके पर अटेवा जिलाध्यक्ष नरेन्द्र सिंह जाटव, संजीव कुमार, रविकुमार, काजल सिंह, आनन्द राव, राकेश कुमार, आमिर खाँ, सुरेश कुमार, अभिषेक द्विवेदी, देवेश कुमार, ज्योति कटियार, प्रियंका द्विवेदी मौजूद हैं।

# 269 फरियादें पहुंचीं, मौके पर सिर्फ छह का समाधान

- डीएम-एसपी ने किया अधुना कैंटीन का शुभारंभ

समृद्धि न्यूज, संडीला, हरदोई।

नवीन तहसील संडीला में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की भीड़ जुटी। अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद लेकर पहुंचे लोगों ने राजस्व, पुलिस, विद्युत और अन्य विभागों से संबंधित शिकायतें अधिकारियों के सामने रखीं।

पूरे दिन में 269 शिकायतें दर्ज की गईं, लेकिन मौके पर सिर्फ छह शिकायतों का ही निस्तारण हो सका।

अधिकांश शिकायतों के निस्तारण के लिए, संबंधित विभागों को जिम्मेदारी सौंपी गई। अधिकारियों ने





निर्देश दिए कि शिकायतों को लंबित रखने के बजाय समयसीमा के भीतर जांच कर गुणवत्तापूर्ण तरीके से निस्तारण किया जाए। साथ ही शिकायतकर्ता को कार्रवाई से अवगत कराने पर भी जोर दिया गया। समाधान दिवस के दौरान नई तहसील परिसर में अधुना कैंटीन का उद्घाटन भी किया गया। जिलाधिकारी अनुनय झा, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा, एसडीएम संडीला नारायणी भाटिया व बीडीओ बेहंदर संस्कृति त्रिवेदी की मौजूदगी में कैंटीन का शुभारंभ हुआ। कैंटीन शुरू होने से तहसील आने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, फरियादियों और आमजन को खान-पान की सुविधा उपलब्ध होगी। तहसील परिसर में ही यह सुविधा मिलने से लोगों को बाहर जाकर चाय-नाश्ता करने की परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है।

# डीएम-एसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी समस्याएं

समृद्धि न्यूज, फतेहपुर।

शासन की मंशा है कि आम जन मानस की समस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हो, के क्रम में माह सितम्बर के तृतीय शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स व पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के संयुक्त तत्वाधान में तहसील बिन्दकी के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन सम्पन्न हुआ। सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने अथवा सम्बंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा ससमय संज्ञान न लेने पर जिम्मेदार




अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण के लिए सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने संपूर्ण समाधान दिवस में सभी विभागीय अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि शासकीय कार्यों में ढिलाई कदापि न बरती जाये। उन्होंने आई.जी.आर.एस. व अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा व क्रास चेकिंग करें साथ ही संतुष्टि फीडबैक भी लेने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। उन्होंने कहा कि वादों ससमय गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण कराया जाय। सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील बिन्दकी में जिलाधिकारी के निर्देशन में सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं से संबंधित विभिन्न विभागों के लगाए गए स्टालों के माध्यम से संचालित योजनाओं की जानकारी ली।


# डीएम की पहल पर रिंकी के चेहरे पर लौटी मुस्कान

समृद्धि न्यूज, कानपुर नगर।

शनिवार को जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह बिरसिंहपुर में रिंकी मिश्रा के घर पहुंचे तो इस मुलाकात से पिछले संपूर्ण समाधान दिवस की यादें भी जुड़ गईं। तब रिंकी अपनी परेशानियां लेकर डीएम तक पहुंची थी, इस बार डीएम खुद उसके दरवाजे पर खड़े थे। इन दो मुलाकातों के बीच रिंकी के जीवन की तस्वीर काफी बदल चुकी थी। चेहरे पर चिंता की जगह मुस्कान थी और सामने पक्के आशियाने की दीवारें खड़ी हो रही थीं। गत 18 जुलाई को अभावों से जूझ रही रिंकी करीब 18 किलोमीटर पैदल चलकर इस भरोसे के साथ जिलाधिकारी तक पहुंची थी कि उसकी बात सुनी जाएगी। 19



सितंबर को फिर घाटमपुर में संपूर्ण समाधान दिवस था, लेकिन इस बार रिंकी को वहां जाने की जरूरत नहीं पड़ी। जिलाधिकारी खुद उसका हाल जानने उसके घर पहुंचे। जिलाधिकारी की पहल पर जनसहयोग से रिंकी का पक्का मकान बनवाया जा रहा है। दीवारें खड़ी हो चुकी हैं और जल्द लिंटर डालने की तैयारी है। जिस परिवार के लिए कभी कमजोर छत चिंता का कारण थी, वह अब अपने सामने पक्का आशियाना बनते देख रहा है। जिलाधिकारी ने निर्माण की प्रगति देखी और परिवार से बातचीत कर उनका हाल जाना। रिंकी मिश्रा (41) की जिंदगी पिछले कई वर्षों से संघर्षों के बीच गुजर रही थी। पति राजीव मिश्रा की करीब 10 वर्ष पूर्व आकस्मिक मृत्यु के बाद दो बेटियों की पूरी जिम्मेदारी उसके कंधों पर आ गई। बड़ी बेटी 16 वर्ष की है और पुत्रिका दिव्यांग होने के कारण उसे लगातार देखभाल की जरूरत रहती है, जबकि छोटी बेटी अदिति 14 वर्ष की है। आय का कोई स्थायी जरिया नहीं होने और बेहद कमजोर आर्थिक स्थिति के कारण घर चलाने से लेकर बेटियों की पढ़ाई, इलाज और भविष्य तक की चिंता रिंकी को घेरे रहती थी। रिंकी की जिंदगी की छोटी-बड़ी कई चिंताएं भी एक-एक कर कम हुई हैं।



## पुलिस उपायुक्त ने बिठूर तिराहा कट का किया निरीक्षण

कानपुर। पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार द्वारा सुगम यातायात योजना के अंतर्गत कल्याणपुर क्रासिंग, पनकी रोड, पुरानी शिवली रोड, इंद्रा नगर कट व बिठूर तिराहा कट का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महोदय द्वारा सड़क किनारे अवैध अस्थायी अतिक्रमण को हटवाते हुए मार्ग को अतिक्रमणमुक्त कराया गया तथा संबंधित को भविष्य में सड़क पर अतिक्रमण न करने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। महोदय द्वारा यातायात व्यवस्था, अवैध पार्किंग, ई-रिक्शा एवं ऑटो संचालन तथा चौराहों पर यातायात संचालन की स्थिति का गहन अवलोकन किया गया। प्रमुख चौराहा/तिराहा से ई- रिक्शा, ई-ऑटो, टेम्पो आदि को कम से कम 100 मीटर की दूरी पर सवारी बैठाने व उतारने हेतु निर्देशित किया गया तथा सड़क पर अनावश्यक रुकने वाले वाहनों के विरुद्ध अभियान चलाने के निर्देश दिए गए एवं चौराहा तिराहा पर चिन्हित चोक पॉइंट्स की पहचान कर उनके कारकों को दूर किया जाए जिससे यात्रियों के मैक्सिमम ट्रैवल टाइम को घटाया जा सके।

## युवक ने लगाई नदी में छलांग, तलाश जारी

बांगरमऊ उन्नाव। बांगरमऊ - बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल पर दोपहर में एक युवक अपनी बाइक खड़ी कर पुल के ऊपर से गंगा नदी में छलांग लगा दी। युवक के नदी में छलांग लगाने की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। परिजन और पुलिस मौके पर पहुंच गए। पुलिस क्षेत्रीय गोताखोरों की मदद से नदी में युवक की तलाश करा रही है। लेकिन अभी तक कोई सुराग नहीं लग सका है। क्षेत्र के ग्राम भिखारीपुर पतासिया निवासी इसरार उर्फ मुनीश 22 वर्ष पुत्र रईस शनिवार दोपहर बाद घर से बाइक द्वारा निकला और बिल्हौर मार्ग स्थित गंगा नदी पुल पर पहुंचा और वहां अपनी बाइक पुल पर खड़ी रेलिंग के ऊपर चढ़ कर गंगा नदी में छलांग लगा दी। वहां आसपास मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस दी। पुलिस ने बाइक नम्बर के आधार पर उसके परिजनों को घटना की सूचना दी।

# महिला ने परिवार पर लगाया जान से मारने का आरोप

समृद्धि न्यूज,बांगरमऊ उन्नाव।

कोतवाली बांगरमऊ निवासी महिला ने अपने पिता समेत पांच लोगों पर पुरानी रंजिश में मारपीट कर गर्भपात कराने, तीन दिन बंधक बनाकर जान से मारने का प्रयास करने पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोप लगाया है।

शिकायतकर्ता ने विवाह से पहले पिता और जीजा पर भी यौन शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि इसी भय से उसने घर छोड़कर प्रेम विवाह किया था और परिवार बसाया था। शिकायत में महिला ने आरोप लगाया कि करीब चार साल पहले प्रेम विवाह करने के बाद से पिता अहमद अली, चाचा अली अहमद और भाइयों तुफैल, फुजैल व अफ़जल से उसकी रंजिश चल रही है। उसके अनुसार 28 फरवरी 2025 को आरोपियों ने मारपीट की, जिससे तीन माह का गर्भ गिर गया। महिला का आरोप है कि विवेचक ने मेडिकल साक्ष्यों के बावजूद गंभीर धाराएं उसने पेट व शरीर पर चोट के निशान होने और उपचार कराने की बात कही है। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया कि दो मोबाइल नंबरों से व्हाट्सएप पर अश्लील संदेश भेजकर परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई और पांच लाख रुपये मांगे गए।

## खबरें एक नजर में

### ट्रेन की चपेट में आने से युवा किसान की मौत

**गाजीपुर।** सैदपुर कस्बे के पास युवा किसान की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार अंकित यादव पुत्र अशोक यादव 22 वर्ष निवासी लुडिपुर जो सुबह के पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौत हो गयी। सैदपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और बताया कि घटना की छानबीन की जा रही है कि कैसे वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

### मतदेय स्थलों के संबंध में राजनैतिक दलों के साथ बैठक कल

**समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।** आयुक्त गोरखपुर मण्डल, गोरखपुर/रिटर्निंग ऑफिसर, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित प्रस्तावित मतदेय स्थलों के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। जिलाधिकारी/सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, गोरखपुर-फैजाबाद खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि उक्त बैठक आगामी 21 सितंबर को अपराह्न 12:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष कुशीनगर में आहूत की गई है। बैठक में खण्ड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत प्रस्तावित मतदेय स्थलों के संबंध में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से विचार-विमर्श किया जाएगा तथा उनके सुझाव/सहमति प्राप्त की जाएगी। जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के अध्यक्ष/मंत्री से अनुरोध किया है कि वे स्वयं अथवा अपने अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में निर्धारित तिथि, समय एवं स्थान पर बैठक में अनिवार्य रूप से प्रतिभाग करें, ताकि प्रस्तावित मतदेय स्थलों के संबंध में आवश्यक कार्यवाही समयबद्ध रूप से पूर्ण की जा सके।

### सीनियर बॉक्सिंग टीम में जिले से 6 खिलाड़ियों का चयन

**गाजीपुर।** क्रीड़ा अधिकारी ने बताया है कि प्रदेश स्तरीय समन्वय सीनियर पुरुष को बॉक्सिंग प्रतियोगिता दिनांक 01 से 04 अक्टूबर 2026 तक स्पोर्ट्स स्टेडियम झाँसी में आयोजित की जा रही है जिसका जिला स्तरीय चयन/ट्रायल जिला खेल कार्यालय गाजीपुर में दिनांक 19-09-2026 को प्रातः 10.30 बजे से नेहरु स्पोर्ट्स स्टेडियम गोरा बाज़ार गाजीपुर के प्रांगण में किया गया, उक्त चयन/ट्रायल्स में 10 बालको ने प्रतिभाग किया, बेस्ट खिलाडियों में से 06 बालकों का चयन किया गया। चयनित खिलाडी मंडल पर दिनांक 20-09-2026 को डॉ0 संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम सिगरा, वाराणसी में साय 09.00 बजे तक प्रतिभाग करेंगे। चयनित खिलाड़ियो की सूची नीचें अंकित है। इस प्रतियोगिता में श्री वर्मा आनंद चयनकर्ता/मुख्यनिर्णायक के रूप में अपनी सेवा प्रदान कीं, इस अवसर पर गाजीपुर बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं देखरेख में यह जिला सीनियर पुरुष का बॉक्सिंग ट्रायल सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### टीबी रोग से बचाव पर कार्यक्रम आयोजित

**हलिया (मिर्जापुर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ने खजूरी गांव के कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ फॉर्मेसी कॉलेज में टीबी रोग से बचाव पर एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। यह कार्यक्रम प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. मनोज कुमार पटेल के निर्देशन में हुआ। इस दौरान वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक शमीम अहमद ने कॉलेज कर्मियों को टीबी के लक्षण, बचाव और इलाज के बारे में जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने और उनकी झिझक व डर को खत्म करने का सुझाव दिया। शमीम अहमद ने बताया कि दो हफ्ते से खांसी आना, सीने में दर्द, बुखार, वजन कम होना और रात में पसीना आना टीबी के मुख्य लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि टीबी एक गंभीर बीमारी जरूर है, लेकिन इसका इलाज संभव है। उन्होंने कर्मियों से अपील की कि वे लक्षण प्रभावित लोगों को सरकारी अस्पतालों में उपलब्ध मुफ्त सुविधाओं का लाभ दिलाने में मदद करें। उन्होंने कहा कि यदि कोई पीड़ित व्यक्ति उनके पास आता है, तो उसे लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजने का प्रयास करें और अपनापन से उसका मार्गदर्शन करें, ताकि वह निराश न हो। शमीम अहमद ने स्टीबी मुक्त भारतष् बनाने में सहयोग की अपील की और कहा कि सभी को अपने ब्लॉक को टीबी मुक्त बनाने के लिए स्टीबी चौपियनश् बनना चाहिए। इस कार्यक्रम में पूर्व प्रधान दयाशंकर तिवारी, प्रबंधक कृष्ण गोपाल मौर्या, शिवपूजन विश्वकर्मा, डॉक्टर शुभम कुशवाहा (डायरेक्टर), शब्बीर अहमद, नीरज सिंह, मुकेश सिंह, राजेश श्रीवास्तव, सिद्धार्थ उपाध्याय और बाबूलाल सहित कई लोग मौजूद रहे।

### हनुमान मंदिर परिसर में चला सफाई अभियान

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत शनिवार को हलिया के हनुमान मंदिर परिसर में सफाई अभियान चलाया गया।इस दौरान बीडीओ विमल प्रकाश पांडेय, एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष दिनेश अग्रहरी, शिवबाबू सेठ, सीएम फेलो गौरव सिंह सहित कार्यकर्ताओं व कर्मचारियों ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई की और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।17 सितंबर से 17अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान का मुख्य थीम ष्स्वच्छ भारत, विकसित भारतष् है।अधिकारियों ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है, सभी को अपने आसपास साफ-सफाई रखनी चाहिए।

# मिशन रोजगार: महराजगंज के 18 युवाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सौंपे गए नियुक्ति पत्र**

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।




मिशन रोजगार के तहत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग, लखनऊ द्वारा विभिन्न विभागों में चयनित अभ्यर्थियों को शनिवार को नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। लखनऊ में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार महराजगंज में किया गया।इसी क्रम में महराजगंज जिले के आयुष विभाग में होम्योपैथिक फार्मासिस्ट के पद पर चयनित नौ तथा चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग में एक्स-रे टेक्नीशियन के पद पर चयनित नौ अभ्यर्थियों, यानी कुल 18 नवचयनित युवाओं को पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने नियुक्ति पत्र प्रदान किए। नियुक्ति पत्र मिलते ही अभ्यर्थियों के चेहरे पर खुशी और उत्साह नजर आया। इस अवसर पर विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को बधाई देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2017 से अब तक प्रदेश सरकार द्वारा 9.5 लाख से अधिक युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार प्रदान किया गया है। उन्होंने नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता और निष्पक्षता पर जोर देते हुए कहा कि पात्र अभ्यर्थियों को बिना भेदभाव नियुक्ति का अवसर दिया जा रहा है। विधायक ने नवनियुक्त युवाओं से कहा कि सरकारी सेवा उनके लिए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है। वे ईमानदारी, निष्ठा और कर्तव्यपरायणता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें और जनसेवा की भावना को मजबूत करते हुए समाज एवं प्रदेश के विकास में योगदान दें।

कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी महेंद्र कुमार सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुरेंद्र कुमार चौधरी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. राकेश कुमार द्विवेदी समेत स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। अधिकारियों ने भी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### प्रधानमंत्री का विरोध करना दो युवकों को पड़ा भारी शांतिभंग में हुआ चालान

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत निकाली बाइक रैली के दौरान प्रधानमंत्री का विरोध करना दो युवकों को भारी पड़ गया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर शांतिभंग की आशंका में चालान कर दिया।हलिया कस्बा निवासी दिलीप दुबे व पुरवा औसान गांव निवासी गुड्डू सिंह द्वारा सेवा संकल्प अभियान की बाइक रैली के दौरान प्रधानमंत्री का विरोध किया जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर शांतिभंग के अंदेशा में चालान कर दिया।इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की रैली में प्रधानमंत्री का विरोध करने पर दो युवकों को गिरफ्तार कर शांतिभंग के अंदेशा में एसडीएम न्यायालय लालगंज में चालान कर दिया गया है।

# राजस्व कार्यों में बेहतर योगदान वाले लेखपाल किए गए सम्मानित



**जनसमस्याओं के निस्तारण का दिया निर्देश**

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।

तहसील निचलौल में आज जिलाधिकारी गौरव सिंह सोगरवाल व पुलिस अधीक्षक शक्ति मोहन अवस्थी की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान आमजन की शिकायतों, प्रार्थना पत्र एवं समस्याओं को डीएम एवं एसपी द्वारा गंभीरता पूर्वक सुना गया और उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों को जनसुनवाई में प्राप्त सभी प्रार्थना पत्रों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं निर्धारित समय सीमा के भीतर निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तमाम लोगों ने भूमि, बिजली,राजस्व एवं पुलिस विभाग से संबंधित मामलों के निस्तारण के लिए प्रार्थना पत्र दिया।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर तहसील निचलौल मे द्वारा राजस्व कार्यों में उत्कृष्ट एवं सराहनीय योगदान देने वाले राजस्व लेखपाल को राजस्व कार्य वर्ष 2026 के अंतर्गत अंश निर्धारण, फार्मर रजिस्ट्री, अविवादित वरासत तथा राजस्व से संबंधित अन्य कार्यों को आवंटित क्षेत्र में समय-सीमा के भीतर एवं त्रुटिरहित (त्रुटिहीन) ढंग से पूर्ण करने पर राजस्व लेखपालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इसी प्रकार सदर तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शिवम कुमार की अध्यक्षता में आयोजित हुआ इस दौरान तहसीलदार पंकज शाही, न्यायिक तहसीलदार विवेक श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार प्रदुम सिंह ने फरियादियों की समस्याओं को सुना और उसका निस्तारण का आदेश दिया।

# प्रधानमंत्री के जन्म दिन पर सत्यदेव कॉलेज परिसर रोशनी से जगमगाया

समृद्धि न्यूज़, गाजीपुर।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों की निरंतर यात्रा के अवसर पर देशभर में उनके दीर्घ सार्वजनिक जीवन और राष्ट्रसेवा को स्मरण किया जा रहा है। इसी क्रम में सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस परिवार की ओर से सत्यदेव कॉलेज परिसर को दीपों और विद्युत झालरों से आकर्षक ढंग से सजाया गया। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में की गई आकर्षक रोशनी ज्ञान, विकास, सेवा और राष्ट्रनिर्माण के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत की गई। कॉलेज परिवार ने कहा कि सार्वजनिक जीवन के 25 वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री ने समाज के विभिन्न वर्गों तक विकास की योजनाओं और अवसरों को पहुंचाने तथा आमजन को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए कार्य किया है। सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस परिवार की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु एवं स्वस्थ जीवन की कामना की गई। परिवार ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए उनके दीर्घकाल तक राष्ट्र की सेवा करते रहने की कामना की।

# यातायात नियमों के उल्लंघन पर 485 वाहनों का चालान 30 वाहन सीज

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।

जनपद में मार्ग दुर्घटना की घटनाओं को नियंत्रित करने को पुलिस प्रशासन द्वारा लगातार वाहनों की चेकिंग जारी है। बिना कागजात के नाबालिकों द्वारा वाहन चलाने, निर्धारित संख्या से ज्यादा लोगों के वाहनों पर बैठकर यात्रा करनेआदि विसंगतियां पर रोकथाम के लिए, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों एवं अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में भिन्न-भिन्न स्थानों पर दो पहिया वाहनों व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी । चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों पर तीन सवारी, बिना हेलमेट लगाये, बिना अनुज्ञप्ति, सवारी गाड़ियों में क्षमता से अधिक सवारी बैठाने पर व तेज गति से वाहन चलाते समय तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 485 वाहनों का चालान और 30 वाहन सीज किया गया। तथा शान्ति भंग की आशंका के मद्देनजर पुलिस द्वारा विभिन्न मामलों में शान्ति भंग की आशंका व भविष्य में शान्ति व्यवस्था को बनाये रखने हेतु जनपद के विभिन्न थानों से कुल- 43 व्यक्तियों को अन्तर्गत धारा-170 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया तथा भारी से भारी जमानत मुचलके से पाबन्द कराया गया। एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत नारी सुरक्षा, सम्मान, स्वावलंबन के प्रति महिलाओं, बालिकाओं में सुरक्षा व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से महराजगंज पुलिस द्वारा सार्वजनिक स्थलों पर जाकर महिलाओं/बालिकाओं को नारी सशक्तिकरण के प्रति जागरुक किया गया।

# काशी से शुरू हुई सेवा संकल्प यात्रा का हलिया में भव्य स्वागत

**मंडल अध्यक्ष ने कहा, गौरव का क्षण**

समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।



भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रोहित मिश्रा के नेतृत्व में चल रही सेवा संकल्प यात्रा का शुभारंभ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कर्मभूमि काशी से हुआ। इस ऐतिहासिक यात्रा का शुभारंभ देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एवं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपना आशीर्वाद प्रदान कर किया।कल काशी से प्रारंभ हुई यह यात्रा जनसेवा, राष्ट्रभक्ति और संगठन के संकल्प का संदेश लेकर आज छानबे विधानसभा के मंडल हलिया में पहुँची।भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश कुमार अग्रहरि ने बताया कि इस पावन यात्रा का अपने मंडल में स्वागत करने का अवसर प्राप्त होना मेरे लिए अत्यंत गौरव एवं सौभाग्य का विषय है। रात्रि विश्राम के समय हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। सुबह शाखा लगाई गई, योग कार्यक्रम किया गया तथा भगवान हनुमान मंदिर हलिया के प्रांगण में स्वच्छता कार्यक्रम किया गया।उन्होंने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं का यह संकल्प है कि सेवा का भाव गाँव-गाँव, जन-जन तक पहुँचे और राष्ट्र निर्माण में युवा शक्ति अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।इस दौरान जिला कार्यसमिति सदस्य ताराचंद्र अग्रहरी, धर्मेंद्र दुबे, अवधेश पाल, मंतोष अग्रहरी, सूरज अग्रहरी, दीपक, आत्मदेव सिंह आदि मौजूद रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने सुनीं जनसमस्याएं

**गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण का दिया निर्देश**

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

जनपद के तहसील कप्तानगंज में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर ने फरियादियों की समस्याएं गंभीरतापूर्वक सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। सम्पूर्ण समाधान दिवस में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 59 शिकायतें/प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 प्रकरणों का निस्तारण किया गया, जबकि 49 प्रकरण अवशेष रहे। प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग से संबंधित 31 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए, जिनमें से 10 का निस्तारण किया गया तथा 21 प्रकरण अवशेष रहे। पुलिस विभाग से 04, विकास विभाग से 03, स्वास्थ्य विभाग से 01 तथा अन्य विभागों से संबंधित 20 शिकायतें प्राप्त हुईं। संयुक्त राजस्व एवं पुलिस, समाज कल्याण तथा शिक्षा विभाग से कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अवशेष प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर परीक्षण करते हुए निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित हो तथा शिकायत कर्ता की संतुष्टि को प्राथमिकता दी जाए। राजस्व एवं भूमि संबंधी मामलों में विशेष संवेदनशीलता बरतते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश भी दिए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। अतः प्रत्येक अधिकारी शिकायतों का गंभीरतापूर्वक संज्ञान लेते हुए समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करें।

# महराजगंज गॉट टैलेंट में केरला पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने बिखेरा हुनर

**विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र देकर किया गया सम्मानित**

समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।



अरोमा गार्डन विद्यापति नगर, बरवा, महराजगंज में आयोजित महराजगंज गॉट टैलेंट (एमजीटी) के ग्रैंड फिनाले में केरला पब्लिक स्कूल, आजाद नगर के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय की ओर से प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।डांस प्रतियोगिता के सोलो डांस वर्ग में कक्षा तीन की अनन्या रावत एवं रिया गौतम, कक्षा चार की वैष्णवी मिश्रा, कक्षा छह की सौम्या स्वर्णकार, कक्षा सात की अस्मिता एवं दिव्यांशी यादव तथा कक्षा आठ की जरीना खातून ने प्रतिभाग किया। वहीं ग्रुप डांस में कक्षा पांच के अयान सिद्दीकी, अब्दुस समद, सैफ सिद्दीकी, एम.डी. अयान तथा कक्षा छह के राज गौतम ने शानदार प्रस्तुति दी।इसी क्रम में जीके प्रतियोगिता में कक्षा सात के अभय मिश्रा तथा कक्षा आठ के जियाउल हक, मोहम्मद फैज, आयुष मिश्रा एवं सिद्धार्थ पौडेल सहित अन्य विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। विद्यालय के डायरेक्टर फैज अहमद ने कहा कि बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता केवल उन्हें उचित मंच और प्रोत्साहन देने की है। 'महराजगंज गॉट टैलेंट' जैसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा पहचानने और उसे निखारने का अवसर प्रदान करते हैं। केरला पब्लिक स्कूल अपने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षा के साथ-साथ कला, संस्कृति, खेल और विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों में उनकी सहभागिता को निरंतर प्रोत्साहित करता है।' उन्होंने सभी प्रतिभागी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रत्नाकर शर्मा एवं शिक्षिकाओं सरिता गुप्ता, कंचन गुप्ता, कौशिकी पटेल, शहनाज खातून, दिव्या शर्मा, पूनम गुप्ता, सुलोचना शर्मा, उज्ज्वला विश्वकर्मा, सानिया खातून एवं अम्मार आलम ने विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया और उनका उत्साहवर्धन किया।

# पुरानी रंजिश में 24 वर्षीय युवक की चाकू घोंपकर हत्या, एक युवक घायल

**जिला अस्पताल में चल रहा है इलाज**

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।




जनपद के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही टड़वा में पुरानी रंजिश को लेकर हुई चाकूबाजी में 24 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई। जबकि एक युवक गंभीर रूप घायल हो गया है। घायल युवक का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर मुकामी पुलिस ने घटना में शामिल नामजद 4 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तारी हेतु पुलिस की पांच टीमे गठित कर दी गई है। पुलिस के अनुसार बीते 18 सितम्बर को शाम समय लगभग 7 बजे सूचना प्राप्त हुई कि तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के सपही टड़वा में पुरानी रंजिश को लेकर नीरज पटेल पुत्र बुधई पटेल निवासी सपही टड़वा थाना तुर्कपट्टी तथा उसके मित्र रोहित खरवार पुत्र सुरेन्द्र खरवार निवासी हाटा धुरिया थाना सेवरही उम्र करीब 24 वर्ष पर अजय निषाद पुत्र उमेश निषाद व रंजन खरवार पुत्र मंजेश खरवार निवासी बभनौली थाना सेवरही, आदित्य आर्य पुत्र श्यामसुन्दर आर्य, विकास आर्य पुत्र जियन आर्या निवासी बरवा राजा पाकड़ थाना तुर्कपट्टी के द्वारा चाकू से हमला कर दिया गया है। उक्त सूचना पर पुलिस द्वारा मौके पर पहुँचकर जांच के क्रम में यह तथ्य प्रकाश में आया कि लगभग 6-7 माह पूर्व विपक्षी अजय निषाद एवं रंजन खरवार द्वारा थाना सेवरही क्षेत्रांतर्गत स्थित एक कृषि फर्म के गार्ड के साथ मारपीट की गई थी। जिसमें नीरज पटेल चश्मदीद साक्षी था। गार्ड द्वारा थाना सेवरही में प्रार्थना पत्र दिया गया था। विपक्षियों को संदेह था कि नीरज पटेल ने ही गार्ड को उनका नाम-पता व अन्य डिटेल बताया है। इसी रंजिश में विपक्षियों द्वारा पहले भी नीरज पटेल के साथ मारपीट की गई थी। जिसके सम्बन्ध में नीरज पटेल द्वारा 17 सितम्बर को थाना सेवरही पर प्रार्थना पत्र दिया गया था। उक्त हमले में नीरज पटेल गंभीर रूप से घायल हो गया है। जिसका इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है तथा रोहित खरवार की इलाज के दौरान मृत्यु हो गई है। पुलिस द्वारा मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर घटना में शामिल अभियुक्तों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस की 05 टीमें गठित की गई है। इस संबंध में क्षेत्राधिकारी सदर राकेश प्रताप सिंह ने बताया कि चाकूबाजी की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंच कर घायलो को इलाज के लिए सीएचसी तमकुहीराज ले गए जहां चिकित्सकों ने रोहित को मृत घोषित कर दिया वहीं नीरज पटेल की गंभीर हालत होते देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। नीरज की हालत खतरे से बाहर है और इलाज चल रहा है।

# प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता के लिए जिला स्तरीय चयन 22 सितंबर को

समृद्धि न्यूज़, कुशीनगर।

खेल निदेशालय उत्तर प्रदेश द्वारा दिये गए निर्देश के अनुपालन में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली जनपद की टीम के चयन के लिए जिला एवं मंडल स्तर पर चयन/ट्रायल निर्धारित किया गया है। उक्त जानकारी जिला क्रीड़ा अधिकारी जिला स्तरीय चयन/ट्रायल 22 सितंबर को अपराह्न 2:00 बजे से स्पोर्ट्स स्टेडियम, कुशीनगर में आयोजित किया जाएगा। चयनित खिलाड़ियों का मंडलीय चयन/ट्रायल 23 सितंबर 2026 को प्रातः 11:00 बजे से रीजनल स्पोर्ट्स स्टेडियम, गोरखपुर में होगा। प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 03 से 05 अक्टूबर 2026 तक इटावा में किया जाएगा। प्रतियोगिता में फ्री स्टाइल के 57, 61, 65, 70, 74, 79, 86, 92, 97 एवं 125 किलोग्राम भार वर्ग तथा ग्रीको-रोमन स्टाइल के 55, 60, 63, 67, 72, 77, 82, 87, 97 एवं 130 किलोग्राम भार वर्ग में खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले बालक खिलाड़ियों की आयु 17 वर्ष निर्धारित है। आयोजन संबंधी निर्देशों के अनुसार वर्ष 2006 से 2008 के मध्य जन्मे खिलाड़ी पात्र होंगे। वर्ष 2009 में जन्मे 17 वर्ष के खिलाड़ी चिकित्सक अथवा माता-पिता के अनुमति प्रमाण-पत्र के साथ प्रतिभाग कर सकेंगे। खिलाड़ियों की आयु एवं अधिवास का सत्यापन आधार कार्ड, पासपोर्ट अथवा जन्म प्रमाण-पत्र के माध्यम से किया जाएगा। क्रीड़ा अधिकारी ने जनपद के समस्त प्रधानाचार्य/प्रधानाचार्या से अनुरोध किया है कि अपने विद्यालय/महाविद्यालय के जूनियर बालक कुश्ती खिलाड़ियों को निर्धारित तिथि एवं समय पर चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने हेतु भेजना सुनिश्चित करें। चयन/ट्रायल में प्रतिभाग करने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को आयु प्रमाण के लिए विद्यालय द्वारा जारी पात्रता प्रमाण-पत्र अथवा आधार कार्ड अथवा जन्म प्रमाण-पत्र तथा पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।